kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-209 | मंगलवार, 02 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



कर्नाटक में मतदाता सूची का उनका एटम बम फुस्स हो गया तो वह अब जनता को भ्रमित करने के लिए हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी अपने बयान से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं। रवि शंकर प्रसाद

देश के भविष्य को 65 साल से आकार देने में जुटा है एनसीईआरटी : प्रधान 11

एबीवीपी ने मुझे राष्ट्र के लिए जीने का संकल्प दिया: रेखा गुप्ता 12

# एससीओ आतंक के खिलाफ एकजुट

## एससीओ ने भारत की पहल पर आतंकवाद के विरुद्ध की कड़ी घोषणा, पहलगाम हमले की निंदा

एजेंसी

तियांजिन / नयी दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल लोगों, इसकी साजिश करने वालों और इसका प्रयोजन करने वालों को कानून के हवाले किये जाने पर बल दिया है।

एससीओ की तियांजिन में आयोजित 25वीं शिखर बैठक में सोमवार को अनुमोदित प्रस्तावों में आतंकवाद को लेकर एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। एससीओ के सदस्यों ने आतंकवाद की, उसके हर रूप और हर तरीके की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में दोहरा मानदंड स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने इस विषय में भारत की पहल को स्वीकार करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया है जिसमें सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान भी शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में कहा था कि आतंकवाद कहीं भी हो, किसी भी रूप में हो, उसका कड़ाई से मुकाबला किया जाना चाहिए। एससीओ के देशों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल लोगों के परिजनों के प्रति गहन संवेदना और शोक व्यक्त किया है। एससीओ की तियानजिन घोषणा में कहा गया है, ''संगठन के सदस्य देश पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 के आतंकवादी हमले की कठोर भर्त्सना करते हैं।'' इसमें आगे कहा गया है, ''ऐसे हमले करने वालों, इसकी साजिश रचने वालों और इसके प्रायोजकों को निश्चित रूप से कानून के हवाले किया जाना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता को दोहराया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि आतंकवादियों, पृथकतावादियों और अतिवादियों के गिरोहों को भाड़े के टट्टू की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

एससीओ ने कहा है कि आतंकवादी और अतिवादी तत्वों के खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में देशों की सरकारों और उनकी एजेंसियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता दी है। संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर सबका साथ आना और उसकी निंदा करना भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी वजह यह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महीने पहले एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस बयान में पहलगाम आतंकी हमले का ज़िक्र नहीं होने के कारण उन्होंने इस पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया था। लेकिन अब इस संगठन ने भारत के रुख को स्वीकार कर लिया है। यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की बड़ी जीत है। पाकिस्तान और चीन के रहते आतंकवाद को संयुक्त घोषणा पत्र में जिक्र होना और सभी देशों का साथ आना भारत की कूटनीतिक जीत को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद , अलगाववाद और उग्रवाद को विकास की राह में बड़ी बाधा करार देते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन(एससीओ) के सभी सदस्य देशों को इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड छोड़कर मानवता के खिलाफ इस साझा चुनौती का एकजुट होकर विरोध करने के अपने दायित्व को निभाना होगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता ● शेष पेज 11 पर



### पुतिन से मिले मोदी, कहा संकट में एक-दूसरे का साथ दिया है भारत और रूस ने

**तियांजिन/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाये जाने की घोषणा से दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बीच सोमवार को यहां तियांजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की और कहा कि भारत तथा रूस हमेशा कठिन समय में एक दूसरे के साथ खड़े रहे हैं तथा उनकी साझेदारी दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन स्वदेश रवाना होने से पहले श्री मोदी ने तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन(एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें सम्मेलन के समापन के बाद श्री पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष के जल्द समाप्त होने की भी उम्मीद जतायी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जतायी। श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ संबंधों तथा नियमित संपर्क का उल्लेख करते हुए कहा,ल्ल हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं। ● शेष पेज 11 पर

# अफ़ग़ानिस्तान में भूकंप से 800 की मौत, 2800 घायल

एजेंसी

काबुल। अफ़ग़ानिस्तान के कुनार और नांगरहार सूबे में रविवार रात आये विनाशकारी भूकंप में 800 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है और 2800 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं ।

अफगानिस्तान की पझवोक संवाद समिति ने यह जानकारी दी। समिति के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान सरकार के मुख्य प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने यहां संवाददाताओं को बताया कि कुनार प्रांत के नर्गल ज़िले (मज़ार दारा), चौके, वातपुर, मनोगी, चापा दारा और आसपास के इलाकों में 800 लोग मारे गए हैं और 2,500 घायल हुये हैं जबकि नंगरहार के दारा-ए-नूर ज़िले में 12 लोग मारे गए और 255 घायल हुए। इसके अलावा लघमन के अलींगर ज़िले में 58 लोग घायल हुए हैं और नूरिस्तान के नूरग्राम ज़िले में चार लोग घायल हुए हैं। पंजशीर के अबशार ज़िले में पाँच घर नष्ट हो गए, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। श्री मुजाहिद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ग्रामीण पुनर्वास एवं विकास मंत्री मुल्ला मोहम्मद यूनुस अखुंदज़ादा के नेतृत्व में विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष समिति का गठन किया है।

अफगान सरकार ने रविवार रात से, आंतरिक, रक्षा और जन स्वास्थ्य मंत्रालयों ने सूबों के गवर्नरों, आपदा प्रतिक्रिया विभागों, रेड क्रीसेंट और अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर मृतकों को निकालने, घायलों को बचाने और आवश्यक भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने के उपाय किए हैं। इस काम के लिए नंगरहार हवाई अड्डे से 40 उड़ानें संचालित की गई हैं। श्री मुजाहिद ने इस भूकंप से हुए घरों के विनाश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहाः ''कुनार प्रांत में, कई घर नष्ट हो गए हैं। मज़ार दारा गांव पूरा का पूरा नष्ट हो गया है। घरों के बारे में सटीक आंकड़े अभी तक नहीं आए हैं। जल्द ही पूरा विवरण भी रखा जाएगा। उन्होंने सभी धर्मार्थ संगठनों, व्यापारियों और आम अफ़गानों से भूकंप प्रभावित समुदायों की सहायता करने का आग्रह किया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार रविवार को स्थानीय समयानुसार रात 11:47 बजे अफगानिस्तान के पूर्वी भाग में 6.0 ● शेष पेज 11 पर



### भारत ने एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी

**नयी दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर ख़ान मुत्तक़ी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुँचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। डा.जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर ख़ान मुत्तक़ी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत ने आज काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुँचाए हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुँचाई जा रही है। कल से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। इस कठिन समय में भारत अफ़ग़ानिस्तान के साथ है।

## संक्षेप

### अधिवक्ता अरुण कुमार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिवक्ता अरुण कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। अधिसूचना में कहा गया है, राष्ट्रपति भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए श्री अरुण कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करते हैं, जो उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगा। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने मई 2023 में श्री कुमार को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी।

### रुपया नौ पैसे और टूटकर नये निचले स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में भारी बिकवाली से रुपया सोमवार को नौ पैसे और टूटकर नये निचले स्तर 88.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 29 अगस्त को 50.50 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.09 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। पहली बार यह 88 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतरी थी। रुपया आज नौ पैसे की गिरावट में 88.18 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह बीच कारोबार में ऊपर 88.13 रुपये प्रति डॉलर और नीचे 88.3350 रुपये प्रति डॉलर को छूने के बाद 88.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार से 87.82 करोड़ डॉलर की शुद्ध रूप से निकासी की। इससे रुपये पर दबाव रहा। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही 0.10 प्रतिशत की नरमी से रुपये पर दबाव कम हुआ।

### यूपीआई लेन देन की संख्या अगस्त में 20 अरब के पार

**नयी दिल्ली।** देश में यूपीआई से लेन-देन की संख्या पहली बार 20 अरब से अधिक हो गयी । केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि अगस्त 2025 में यूपीआई के जरिए 20.01 अरब लेन देन किये गये।

# अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 1.86 लाख करोड़ के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सकल वसूली अगस्त 2025 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल अगस्त में सकल जीएसटी प्राप्ति 1,74,962 करोड़ रुपये थी।

रिफंड के बाद जीएसटी से शुद्ध प्राप्ति अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी की सकल वसूली 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,36,962 करोड़ रुपये रही। इसमें केंद्रीय जीएसटी का योगदान 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और आईजीएसटी का योगदान 48,639 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान उपकर की वसूली 11,392 करोड़ रुपये




रही। अगस्त में आयात पर आईजीएसटी से सकल प्राप्तियां सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 4,9354 करोड़ रुपये रहीं जिनमें उपकर का योगदान 807 करोड़ रुपये रहा। मास के दौरान घरेलू रिफंड सालाना आधार पर 21.4 प्रतिशत की गिरावट से 11,014 करोड़ रुपये और निर्यात-आयात कारोबार पर रिफंड 17.9 प्रतिशत की गिरावट से 8,346 करोड़ रुपये रहा। इस तरह अगस्त में कुल रिफंड की राशि 19,359 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के इस माह के रिफंड से 19.9 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त तक के पांच महीनों में जीएसटी से कुल सकल राजस्व प्राप्ति 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,04,414 करोड़ रुपये और शुद्धि राजस्व प्राप्ति 8.8 प्रतिशत बढ़कर 8,78,096 करोड़ रुपये रही।

## शिक्षकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# टीईटी परीक्षा बिना नौकरी या प्रमोशन नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। शिक्षा जगत से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए साफ किया कि टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) पास करना अब अनिवार्य है, तभी कोई शिक्षक सेवा में बना रह सकता है या प्रमोशन पा सकता है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि जो शिक्षक अपनी रिटायरमेंट की उम्र तक केवल पांच साल दूर हैं, उन्हें राहत दी जाएगी। ऐसे शिक्षक बिना टीईटी पास किए भी सेवा जारी रख सकेंगे लेकिन जिन शिक्षकों के पास पांच साल से अधिक की सेवा शेष है, उन्हें टीईटी पास करना ही होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो या तो उन्हें नौकरी छोड़नी होगी या फिर अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेकर टर्मिनल बेनिफिट्स लेना होगा। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद ने साल 2010 में तय किया था कि कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ाने के लिए न्यूनतम योग्यता तय की जाए। इसके बाद ही टीईटी को शिक्षक भर्ती की अनिवार्य शर्त बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने अब इसे और भी सख्ती से लागू कर दिया है। गौरतलब है कि यह फैसला उन याचिकाओं पर आया है जो अलग अलग राज्यों, खासकर तमिलनाडु और महाराष्ट्र से दाखिल हुई थीं। इन याचिकाओं में सवाल उठाया गया था कि क्या बिना टीईटी पास किए भी शिक्षक बने रह सकते हैं या प्रमोशन पा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस पर पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि टीईटी के बिना यह संभव नहीं होगा।

### बिहार मतदाता सूची, दावे या आपत्तियां स्वीकार होते रहेंगे



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मसौदा मतदाता सूची तैयार करने के लिए पूर्व निर्धारित समय सीमा (1 सितंबर) के बाद भी राज्य के निवासियों के दावे या आपत्तियां स्वीकार करने की चुनाव आयोग को सोमवार अनुमति दे दी। इस साल जून में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत बिहार में मसौदा मतदाता सूची तैयार करने का शुरू किया गया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अनुमति देते हुए चुनाव आयोग की इस दलील पर गौर किया कि नामांकन (इस साल निर्धारित विधानसभा चुनाव) की अंतिम तिथि से पहले दायर किए गए सभी दावों या आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल और एआईएमआईएम द्वारा दावे और आपत्तियाँ दायर करने की समय सीमा दो सप्ताह बढ़ाने के लिए दायर आवेदनों पर विचार करते हुए ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिका के लिए पोस्टल सर्विस अब पूरी तरह से सस्पेंड

नई दिल्ली। भारतीय डाक विभाग ने अमेरिका के लिए सभी तरह की पोस्टल सर्विस पर टेम्परेरी तौर पर रोक लगा दी है। ये फैसला अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद कस्टम विभाग के नए नियमों में अस्पष्टता के चलते किया गया है।

इसमें 100 डॉलर तक के लेटर, दस्तावेज और गिफ्ट आइटम्स भी शामिल हैं। इससे पहले डाक विभाग ने 25 अगस्त से इन कैटेगरी को छोड़कर सभी पार्सल पर रोक लगा दी थी । विभाग ने रविवार को कहा कि जब तक स्थिति साफ नहीं होती और एयरलाइंस अमेरिका जाने वाले डाक पार्सल ले जाने को तैयार नहीं होतीं, तब तक यह रोक जारी रहेगी। डाक विभाग ने बताया- जिन्होंने पहले ही बुकिंग कराई है लेकिन सामान भेजा नहीं जा सका, वे पोस्टेज का रिफंड ले सकते हैं। हम हालात पर नजर रखे हुए है और जल्द से जल्द सेवा बहाल करने की कोशिश की जा रही है। एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होने के बाद 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री के निर्देश ट्रस्ट हो या सोसाइटी, संपत्तियों की मनमानी बिक्री रोकने के लिए ठोस व्यवस्था जरूरी, संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण और संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता पर बल

# सोसाइटी व ट्रस्ट में अब नहीं हो सकेगा सम्पत्ति व स्वामित्व का फर्जीवाड़ा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। यूपी में ट्रस्टों व सोसाइटी में सम्पत्ति व स्वामित्व को लेकर चल रहे गड़बड़झाले पर लगाम लगेगी। फर्जी व निष्क्रिय संस्थाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। प्रदेश सरकार सोसाइटी, ट्रस्टों के सुचारु संचालन, विवादों को कम करने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया सोसाइटी पंजीकरण लागू करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए सोमवार को अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। सम्पत्ति के नाम पर विवादों की रोकथाम हो सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वित्त विभाग के अधिकारियों संग बैठक में कहा कि सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान एक्ट में हैं कई कमियां मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण/विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि व्यावहारिकता का ध्यान रखते हुए युगानुकूल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम लागू किया जाए। कुत्सित मानसिकता के चलते संस्थाओं की संपत्तियों की मनमानी बिक्री न होने पाए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें ऐसे प्रावधान किए जाने चाहिए, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और सदस्य हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट हो या सोसाइटी, कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते संस्थाओं की संपत्तियों की मनमानी बिक्री न हो, यह रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। विवाद की स्थिति में प्रशासक नियुक्त किये जाने को अनुपयुक्त बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी संस्था कैसे संचालित होगी, यह प्रबंध समिति ही तय करे। सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन की ओर से संस्थाओं के आंतरिक कामकाज में न्यूनतम हस्तक्षेप ही होना चाहिए। प्रदेश में वर्तमान में लगभग आठ लाख से अधिक संस्थाएँ पंजीकृत मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग आठ लाख से अधिक संस्थाएँ पंजीकृत हैं, जिनकी गतिविधियां शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, ग्रामीण विकास, उद्योग, खेल आदि अनेक क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। इसलिए उनके संचालन, सदस्यता, चुनाव और वित्तीय अनुशासन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा किया कि निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के विघटन, निरस्तीकरण और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन के लिए अधिनियम में ठोस प्रावधान होना चाहिए। साथ ही सदस्यता विवाद, प्रबंधन समिति में मतभेद, वित्तीय अनियमितताओं तथा चुनाव संबंधी विवादों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था की जानी उचित होगी। वित्तीय लेन-देन की जवाबदेही तय होगी पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन, केवाईसी आधारित और समयबद्ध होनी चाहिए। वित्तीय लेन-देन की जवाबदेही तथा लेखा परीक्षा की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

नए कानून को यथाशीघ्र तैयार करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आवश्यक प्रावधान इस प्रकार तैयार किए जाएँ, जिससे प्रदेश की पंजीकृत संस्थाएँ समाजोपयोगी कार्यों को और प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें तथा पारदर्शिता और सुशासन की भावना को आगे बढ़ा सकें। बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद रहे।

### गंभीर बीमार बंदियों की समय पूर्व रिहाई के नियम सरल और स्पष्ट किए जाएं : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट तथा मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वतः विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। साथ ही निर्देश दिए कि हत्या, आतंकवाद, देशद्रोह, महिला ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक , दिए जरूरी निर्देश

**आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

**निस्तारण पर लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को संगम सभागार में अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं कलेक्ट्रेट के सभी पटल सहायकों के साथ बैठक की और कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा पृष्ठांकित पत्रों का विवरण अलग रजिस्टर में दर्ज किया जाए और उन पर शीघ्र कार्यवाही कर संबंधित जनप्रतिनिधियों को कृतकार्यवाही से अवगत कराया जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कलेक्ट्रेट परिसर के सभी कार्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके बाद वे स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। उन्होंने सभी पटल सहायकों को कहा कि वे अपने-अपने पटल पर लंबित पत्रों की मॉनिटरिंग व्यवस्था विकसित करें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अपर जिलाधिकारी प्रतिदिन 20 शिकायतकर्ताओं से तथा उपजिलाधिकारी प्रतिदिन 30 शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर फीडबैक लें और शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने पटल सहायकों से कहा कि अपने पटल और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखें, फाइलों का सुव्यवस्थित ढंग से रख-रखाव करें और नाम-पदनाम की प्लेट अपने पटल पर लगाएं। साथ ही, पटल से संबंधित कार्यों की सूची भी चस्पा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुरानी निरीक्षण आख्या, ऑडिट रिपोर्ट, गार्ड फाइल और डिस्पैच रजिस्टर को अपडेट रखने पर भी जोर दिया।बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनिमेष वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी (नजूल) राजेश पांडे, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) संजीव कुमार शाक्य, नगर मजिस्ट्रेट विनोद सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) अविनाश यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. वाचस्पति ने किया पांच सड़कों और लाइब्रेरी का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । बारा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक डॉ. वाचस्पति लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में उन्होंने विकास खंड जसरा के विभिन्न गांवों में पांच नई सड़कों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही तरहार क्षेत्र के चिल्ला गौहानी में एक निजी लाइब्रेरी का भी शुभारंभ किया।इस मौके पर विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा, नई सड़कें बनने से ग्रामीणों को कीचड़ और आवागमन की दिक्कतों से निजात मिलेगी। सड़कें केवल गांवों को शहरों से जोड़ती ही नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में हर गांव को पक्की सड़कों से जोड़ने का संकल्प लिया गया है, जिससे लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने बताया कि विधायक का लक्ष्य केंद्र और प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है। नई सड़कें बनने से ग्रामीणों, किसानों, छात्रों और मरीजों को बड़ी सहूलियत होगी। किसान आसानी से अपनी उपज मंडियों तक पहुंचा पाएंगे, बच्चों को स्कूल जाने में सुविधा होगी और मरीजों को अस्पताल तक लाने-ले जाने में परेशानी नहीं होगी।उद्घाटन किए गए सड़क निर्माण कार्य – ग्राम पंचायत कंजासाग्राम भीटाग्राम दसई बंधवा गौहनियाग्राम जसराग्राम पांडरइस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया और कहा कि वे लंबे समय से पक्की सड़क की सुविधा का इंतजार कर रहे थे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरिराम त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि फूलचंद्र पटेल, श्यामू निषाद, राजकुमार पटेल, आशीष प्रधान, संदीप पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## नशे के कारोबार पर यमुनानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए यमुनानगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने माफिया शिवाशंकर पटेल को 4 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई क्र्घ विवेक चंद्र यादव के निर्देश पर की गई। पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि शिवाशंकर पटेल इलाके में नशे का अवैध कारोबार संचालित कर रहा है। इस पर यमुनानगर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर छापेमारी की और आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरामद गांजे की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है, और संभावना जताई जा रही है कि इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।क्र्घ विवेक चंद्र यादव ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा

## व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाने, पार्किंग और फ्लाईओवर निर्माण की उठाई मांग



प्रयागराज। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की विशेष बैठक में शहर की व्यापारिक और नागरिक समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष योगेश गोयल ने की और इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया। बैठक के बाद व्यापारीगण जिलाधिकारी से मिले और अतिक्रमण हटाने, पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा फ्लाईओवर निर्माण की मांग रखी। व्यापार मंडल ने कहा कि प्रमुख बाजारों – चौक, घंटाघर, कटरा, सिविल लाइन्स, तेलियरगंज और सुलेमासराय में पार्किंग की समस्या गंभीर है। ठेले-फड़ वालों के लिए स्थायी बाजार (क्व्दद्वदथप्र्द क्ष्थबद्मद्रन्प ड्डधद्बद्द) बनाने की मांग की गई। त्योहारों के समय चौक क्षेत्र में एंग्लो बंगाली कॉलेज परिसर को अस्थायी पार्किंग स्थल बनाने और प्रमुख बाजारों के पास अतिरिक्त पार्किंग जोन बनाने का प्रस्ताव दिया गया।स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा, सड़क मरम्मत और जल निकासी की भी रखी गई मांगव्यापार मंडल ने कहा कि लोक सेवा आयोग चौराहा और मेडिकल कॉलेज चौराहा पर स्वीकृत फ्लाईओवरों का निर्माण कार्य तुरंत शुरू हो। क्ट्ख्र ऑफिस से लीडर रोड तक नया फ्लाईओवर बनाने और लुकरगंज फ्लाईओवर को शीघ्र चालू करने की भी मांग की गई। इसके अलावा कुंभ के दौरान लगाई गई खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने, त्योहारों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने, शहर की खराब सड़कों की मरम्मत और नालियों की सफाई की भी मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि यदि प्रशासन और व्यापारिक संगठनों के बीच तालमेल बनाकर कार्य किया जाए, तो प्रयागराज को एक आदर्श व्यापारिक शहर बनाया जा सकता है।

## अज्ञात चोरों ने एक घर को बनाया निशाना

निगोहा , लखनऊ कैनविज टाइम्स। निगोहा थाना क्षेत्र के दखिना गांव में बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया , छत के रास्ते अंदर घुसे चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया , निगोहा के दखिना निवासी सूरज लाल के घर की छत पर लगें दरवाजों को चीरकर अज्ञात चोर घर में प्रवेश हुए उस समय परिवार घर के बाहर सो रहा था। चोरों ने दो बक्सो का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और 10 हजार की नकदी पार कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना था कि वह बीती रात मूसलाधार बारिश होने के चलते घर के बाहर लेटे हुए थे । इस दौरान अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित सूरज लाल ने निगोहा पुलिस को घर में चोरी होने की तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, हालांकि पुलिस चोरी की वारदात को संदिग्ध मान रहीं है।

## सरोजनीनगर विधायक कार्यालय पर बिजली विभाग का संवाद शिविर

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी में सोमवार को आशियाना स्थित सरोजनी नगर विधायक कार्यालय पर एक मेगा शिविर 'विद्युत संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस शिविर में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी पहुँचे और अपनी वर्षों पुरानी बिजली से जुड़ी परेशानियों को खुलकर साझा किया। कुल 126 व्यक्तिगत शिकायतें सामने आईं, साथ ही किसानों ने अपने फीडरों को 24 घंटे चलाने की गुहार लगाई, नीलमथा के लोगों ने बांस-बल्लियों से निजात दिलाने की मांग की, वहीं सपेरा बस्ती के लोग गलत बिलों की समस्या लेकर पहुँचे। जनता की आवाज़ को सुनते ही विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बिजली बिलों से जुड़ी दिक़्क़तें एक सप्ताह में और अन्य समस्याएँ अधिकतम एक माह में दूर की जाएंगी।**कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा , बीते तीन सालों में 154 करोड़ रुपये की लागत से 865 विद्युत परियोजनाएँ पूरी कराई गईं। 46 करोड़ से 4 नए उपकेंद्र बने, 3 की क्षमता बढ़ाई गई और 180 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए ताकि सरोजनीनगर के किसी भी घर में अंधेरा न रहे और किसी भी परिवार को वोल्टेज की समस्या से जूझना न पड़े।'' उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास परिसर और शारदा नगर विस्तार में 10 करोड़ रुपये से नया उपकेंद्र बना है, जैतीखेड़ा में 9.12 करोड़ से पावर हाउस और 3 फीडर तैयार हुए, जिससे अयोध्यापुरी, स्पर्श पैराडाइज़, सुहावा और आसपास की बस्तियों की जिंदगी आसान हुई। डिफेंस कॉरिडोर के लिए 21 करोड़ की लागत से विशेष उपकेंद्र बनाया गया है ताकि उद्योगों और युवाओं के रोजगार पर कभी बिजली संकट न छाए।

## क्षमता निर्माण एवं विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन

वाराणसी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वाराणसी स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कृषि निर्यात संवर्धन हेतु क्षमता निर्माण एवं विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाराणसी मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने की। बैठक में प्रतिभागियों ने कृषि निर्यात से जुड़ी अनेक चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इसमें प्रमुख रूप से कृषि उत्पादों के लिए एयरलाइंस द्वारा उच्च मालभाड़ा दरें, कार्गो स्थान की सीमाएं, ट्रांस-शिपमेंट बॉन्ड का प्रभावी उपयोग न होना जैसी समस्याओं को रेखांकित किया गया।वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार कृषि-निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण अंतरालों की पहचान करने और उन्हें दूर करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। इसी दृष्टिकोण के तहत एपीडा ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य निर्यातकों, व्यापारियों और किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए क्षेत्रीय क्षमताओं को मजबूत करना था, ताकि वे वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें और उभरते निर्यात अवसरों का लाभ उठा सकें।कार्यक्रम में आईआईवीआर, आईआरआरआई और कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

# कोरावं में आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं, प्रयागराज। कोराव थाना के बड़ोखर चौकी क्षेत्र के चिराव गाव में आकाशीय बिजली गिरने से अपने दरवाजे के बाहर खड़ी अंजली सिह उम्र 15 वर्ष पुत्री कौशलेश सिह गंभीर रूप से झुलस गई परिजनों ने तत्काल सीएचसी कोराव इलाज कराने ले गए डॉ ने मृतक घोषित कर दिया इसी प्रकार पोखरौंड गाव के विजय शंकर पाल उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र लाल बहादुर भैस चराने खेत मे गए थे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को दी मौके पर 112 नम्बर पुलिस व चौकी इंचार्ज बड़ोखर प्रहलाद कुमार पाल अपने अन्य सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचकर अन्य विधिक कार्यवाही किये इस घटना से दोनों परिजनों के घर मे कोहराम मचा हुआ विजय शंकर चार भाइयो में सबसे बड़े थे दो बेटा एक बेटी है बड़ोखर गाव के रहने वाले सूर्य कांत तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस दुःखद घटना से गहरा शोक संवेदना ब्यक्त की साथ ही सरकार से परिवार को आर्थिक मुवावजा दिलाये जाने की माँग की है

# भारतीय जीवन बीमा निगम का मनाया गया 69 वां वर्षगांठ

**इस अवसर पर कर्मियों ने लोगो को जीवन बीमा के प्रति जागरूक भी किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जमुनापार, प्रयागराज। भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा 31 ग यमुनापार में 69वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एलआईसी की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे, जिनमें पीके मिश्र, एलपी तिवारी, अजय अरोड़ा, सर्वेश सिंह, कमलेश कुमार, सुनील गुप्ता, हरिओम शिव, शालिनी सिंह, आँचल केशरी, प्रियांशू सिंह और पन्ना लाल अजय कुमार गुप्ता विकास अधिकारी मण्डल प्रबन्धक क्लब सदस्य राहुल सिह आदि शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।शाखा प्रबंधक ने एलआईसी की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सक्रिय भागीदारी की और एलआईसी की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर एलआईसी की शाखा यमुनापार ने अपनी 69वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया, जो एलआईसी की प्रतिबद्धता और सेवा भावना को दर्शाते हैं।

# अंधविश्वास और कुरीतियों के विरुद्ध कोरी समाज की उठी आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



घाटमपुर । उत्तर प्रदेश कोरी समाज सेवा संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में तहसील घाटमपुर इकाई द्वारा ग्राम बम्हौरी-सजेती में एक सामाजिक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य विषय था ''समाज में व्याप्त अंधविश्वास व कुरीतियां चुनौतियाँ और समाधान''बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक कर समाज में फैली भ्रांतियों,टोनही-ओझाई, भूत-प्रेत, रूढ़िवादी सोच और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल करना था। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक संस्थान के प्रचार सचिव नन्हे लाल के निवास ग्राम बम्हौरी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता और संचालन बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष सर्वेश कुमार कुटार ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा ''समाज में बदलाव लाना है तो सबसे पहले अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करना होगा। ये बुराइयां केवल ज्ञान और जागरूकता से ही दूर हो सकती हैं।''प्रमुख पदाधिकारी और गणमान्यजन रहे उपस्थित बैठक में संस्था के निम्न पदाधिकारी व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रामखेलावन उपाध्यक्ष, नन्हे लाल प्रचार सचिव, इंद्र पाल संगठन सचिव, राजकुमार विधिक सलाहकार, स्वामी दीन कोषाध्यक्ष,प्रभात कुमार कानूनगो घाटमपुर,सुशील कुमार अमीन घाटमपुर, रमेश कुमार मनिहारपुर,खुसालचंद ग्राम बम्हौरी वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक एकता अत्यंत आवश्यक है। ''भूत-प्रेत,टोना-टोटका जैसी मान्यताएं केवल भय और भ्रम पैदा करती हैं,जिनसे समाज पीछे की ओर लौटता है।'' प्रांतीय कार्यकारिणी का मार्गदर्शन और समर्थन बैठक को संस्थान की प्रांतीय कार्यकारिणी का नैतिक और वैचारिक मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्रमुख पदाधिकारी डॉ. राम सजीवन कोरी प्रदेश अध्यक्ष,ई.होरीलाल, ई. नंदकिशोर, रामलखन कोटार उपाध्यक्षगण,डॉ. यशवंत कुमार कबीर, बलदेव कुटार, ज्ञान चंद्र महासचिव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार, माल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी व प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना चेतगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0175/2025 धारा 305(थ), 331(4) बी0एन0एस0 से सम्बंधित बाल अपचारी उम्र-17 वर्ष को दिनांक 01.09.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर लकडीमंडी, चौकाघाट पुल के दक्षिण हनुमान जी के मंदिर के पास से 01 नफर बाल अपचारी को चोरी गये माल के साथ गिरफ्तार कर चेतगंज लाया गया।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन की अध्यक्षता एवं मंडल कार्मिक अधिकारी (इंचार्ज) अभिनव कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 31 अगस्त, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न विभागों से कुल 17 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय वाराणसी के प्रेमचंद सभागार कक्ष में आयोजित एक सादे समारोह में उनके समापक धनराशि का भुगतान किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, मंडल वित्त प्रबंधक नरेन्द्र नाराय़ण पाण्डेय,सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विरेन्द्र यादव, समेत लेखा एवं कार्मिक विभाग के निरीक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे । इस अवसर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की लम्बी और उत्कृष्ट सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप सब रेलवे के अभिन्न अंग हैं,आप सबके परिश्रम एवं योगदान की बदौलत भारतीय रेल आज प्रगति के पद पर अग्रसर है । उन्होंन ने बताया कि एक वह भी जमाना था कि जब सिंगल लाइन पर स्टीम इंजन से गाडियां चला करती थी तो यात्रियों को यह नहीं पता होता था कि गंतव्य स्थान तक कितने समय में पहुँच पायेगे । वर्तमान में रेलवे कितनी ही उन्नत तकनीकी की गाड़ियाँ चला रहा हैं साथ ही यात्रियों को रोज नई सुविधायें प्रदान कर रहें हैं इस सब संभव नहीं हो पाता यदि आप लोगों का सहयोग नहीं मिलता । एक बार पुन आप सभी को वाराणसी मंडल की तरफ से सेवानिर्विति की बधाई एवं भावी जीवन के लिए शुभकामनायें देता हूँ। सेवानिवृत्ति के बाद भी यदि आपको कोई समस्या होती है तो मंडल कार्यालय आपके लिए सदैव खुला है और हम आपकी समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वाराणसी मंडल विगत वर्षो से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को उनके सभी प्रकार के देयों का सम्पूर्ण भुगतान उनके सेवानिवृति के दिन ही किया जाता है,यह लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परस्पर सामंजस्य एवं कठिन परिश्रम के फलस्वरूप संभव होता है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों को सेवा मेडल प्रदान,पीपीओ एवं मेडिकल कार्ड प्रदान कर अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं दी और उनकी लम्बी एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए आभार प्रकट किया ।इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अभिनव कुमार सिंह ने सभी सेवानिवृत होने कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया । उन्होंने सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए सेवानिवृत कर्मचारियों को आई कार्ड ,सेवा प्रमाण पत्र एवं पी.पी.ओ सम्बन्धी सभी दस्तावेजों के विषय में विस्तार से बतलाया और उनको समझाया कि वे अपनी प्राप्तियों का बहुत सोच समझ कर उपयोग करें किसी व्यक्ति या संस्था के बहकावे अथवा भावनाओं में बह कर इसे अनुचित व्यक्ति को नहीं देंगे।

# शिक्षा और चिकित्सा पर सरकार दे रही है विशेष ध्यान : प्रेमसागर पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। 'नर सेवा नारायण सेवा' के भाव के साथ, सक्षम उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन मे ग्रीनलैंड फाउंडेशन के सहयोग से अपनी टीम के साथ मिलकर नेत्रदान पखवाड़े के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाराजगंज जिले के निचलौल विकास खंड के लक्ष्मीपुर (एकडंगा) गाँव में लगाया गया था।?इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिसवा विधानसभा के विधायक प्रेम सागर पटेल थे, जबकि विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जनार्दन गुप्ता और कार्यक्रम के अध्यक्ष सक्षम उत्तर प्रदेश, गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ. डी.के. गुप्ता थे। इस दौरान, फाउंडेशन की पूरी मेडिकल टीम ने हज़ारों लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, जाँच कर दवाइयाँ दी गईं।?कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्षम उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद दुबे और क्षेत्रीय अध्यक्ष अंशुमान मिश्रा ने पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित होकर योगदान दिया। शिविर का उद्घाटन विधायक प्रेम सागर पटेल और डॉ. डी.के. गुप्ता के साथ ग्रीन लैंड फाउंडेसन के निदेशक डाक्टर विजय रंजन के साथ मिलकर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद फीता काटकर किया। इसके बाद विधायक ने शिविर का निरीक्षण भी किया।?मंच से लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने ग्रीनलैंड फाउंडेशन और सक्षम उत्तर प्रदेश की इस पहल की सराहना की। उन्होंने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि महाराजगंज एक तराई क्षेत्र है जहाँ तमाम बीमारियाँ लोगों को अपनी चपेट में लेती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी सरकार शिक्षा और चिकित्सा पर विशेष ध्यान दे रही है, और ऐसे में सामाजिक संस्थाओं का आगे आकर सहयोग करना एक पुण्य का काम है। उन्होंने इस दूर-दराज के क्षेत्र में इतना बड़ा शिविर आयोजित करने के लिए डॉ. डी.के. गुप्ता और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।?कार्यक्रम के समापन पर, ग्रीनलैंड फाउंडेशन और सक्षम उत्तर प्रदेश की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।?इस कार्यक्रम में सक्षम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष अंशुमान मिश्रा, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. विनय मणि, कोषाध्यक्ष अमित ओझा, कार्यल्य प्रमुख रवि श्रीवास्तव, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक धीरज राय, शिविर के सह-संयोजक सोमनाथ गुप्ता और सूर्य नेत्रालय से सिंटू पांडे की टीम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन महानगर सचिव योगेश पांडेय ने किया और आभार प्रदर्शन के.डी.एस. इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक सोमनाथ चौरसिया ने किया।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर कर प्रसाद ग्रहण किया



निगोहां, लखनऊ । उतरावां स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का सोमवार को भव्य समापन हुआ। कथा के पूर्णाहुति अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया और श्रद्धालुओं ने भंडारे में पुड़ी, सब्जी, चावल व खीर का आनंद लिया।

भंडारे में मुख्य रूप से मोहनलालगंज नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय, सत्यम प्रेस क्लब निगोहां के समस्त पत्रकार और मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के.पी. सिंह उपस्थित रहे। साथ ही प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, विपिन प्रधान, गौतम खेड़ा के पूर्व प्रधान नवनीत सिंह, और भाकियू (लोकतांत्रिक) संगठन के प्रदेश सचिव किसान नेता अनमोल तिवारी , निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा सहित क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने भी भव्य आयोजन में भाग लिया। मंदिर परिसर में जय श्रीराम और भक्ति गीतों की मधुर गूँज सुनाई दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आस्था और आनंद का अनुभव किया।इस पावन आयोजन के मुख्य आयोजक शैलेन्द्र सिंह चौहान रहे, जबकि संपूर्ण व्यवस्था प्रेस क्लब निगोहां के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की गई। यह भंडारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना बल्कि क्षेत्र के विभिन्न समुदायों और प्रतिष्ठित जनों को एक साथ जोड़ने का संदेश भी दिया। भक्ति और श्रद्धा के इस आयोजन ने स्थानीय लोगों के हृदय में भगवान श्रीराम के प्रति विश्वास और आस्था को और गहरा किया।

# निगोहां : शराब पीकर परिजनों से कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । थाना क्षेत्र के मदनखेड़ा गांव में रविवार की देर शाम एक युवक का शव फंासी पर लटकता मिला। ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवारीजनों ने शव को नीचे उतार कर निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की माने तो मृतक की 6 दिन पूर्व बच्ची हुई थी जिसकी रविवार को छट्ठी थी इस दौरान शराब पीने को लेकर घर मे कहासुनी हुई कहासुनी के बाद युवक ने एक पेड़ की डाल से साड़ी के फंदे से फंासी लगा ली।

इसके बाद स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया हैं।दयालपुर का मजरा मदनखेड़ा गांव में रहने वाले राधेलाल ने बताया कि रविवार देर रात तक उसका बेटा शिवम (24) घर नहीं आया तो वह लोग परिवारीजनों के अन्य लोगों के साथ आस पास खोजना शुरू किया तो गांव के तालाब के पास उसका बेटा शिवम एक पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटकता मिला। शिवम की सांसे चल रही थी इस दौरान उसे नीचे उतार कर कनकहा में स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवारीजनों स्थानीय पुलिस को सूचना दी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवारीजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों की माने तो मृतक की पत्नी सुमन के 6 दिन पूर्व बच्ची हुई थी जिसकी रविवार को छट्ठी थी इस दौरान शिवम के शराब पीने को लेकर घर मे कहासुनी हुई तो उसने फंासी लगा ली।

# श्री राम स्वरूप विवि. में प्रदर्शन कर रहे अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू) प्रशासन के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं, छात्रों के उत्पीड़न और मनमानी फीस वसूली को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जब छात्रों का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिलने पहुंचा, तो विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से पुलिस बुलाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज करवा दिया गया।

अभाविप अवध प्रांत के प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि विश्वविद्यालय लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। विश्वविद्यालय 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है, जिससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। छात्रों से मनमाने ढंग से फीस और विलंब होने पर भारी अर्थदंड वसूला जा रहा है। प्रांत मंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि ''जब तक कुलपति स्वयं आकर छात्रों से बात नहीं करते, निष्कासित छात्रों को सम्मानपूर्वक वापस नहीं लिया जाता और लॉ डिग्री की मान्यता पर स्थिति स्पष्ट नहीं की जाती, तब तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह आंदोलन जारी रहेगा।

# गांव का स्कूल वापस लाने की जिद पर अड़े ग्रामीण दूर स्कूल से बच्चों की पढ़ाई में आ रही बाधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । विकास खंड मोहनलालगंज के मदारी खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने अपने बच्चों की शिक्षा बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। गांव के प्राइमरी विद्यालय को भावाखेड़ा गांव के जूनियर विद्यालय में मर्ज किए जाने के बाद से छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई है। इसे लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के साथ ही जिलाधिकारी और बीएसए को पत्र भेजकर गांव में ही स्कूल वापस लाने की मांग की है। ग्रामीण अजय कुमार, माता प्रसाद, सुनील, अनिल, फिरोज, तस्लीमुन, अजमत समेत दर्जनों लोगों ने कहा कि पहले गांव में ही प्राइमरी विद्यालय था, जहां बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल रही थी। लेकिन विद्यालय को गांव से लगभग ढाई से तीन किलोमीटर दूर भावाखेड़ा गांव के जूनियर विद्यालय में जोड़ दिया गया।

भावाखेड़ा का रास्ता जंगलों से होकर गुजरता है। वहां बड़े-बड़े वाहन, खासकर डंपर, तेज रफ्तार से दौड़ते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले कई हादसे हो चुके हैं, यहां तक कि गांव का एक युवक डंपर की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुका है। ऐसे खतरनाक रास्ते से छोटे बच्चों का रोज़ाना आना-जाना संभव नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि दूरी और डर के चलते अब अधिकांश बच्चों की पढ़ाई रुक गई है। बच्चे न तो गांव से बाहर जा पा रहे हैं और न ही नियमित रूप से पढ़ाई कर पा रहे हैं। कई अभिभावकों ने चिंता जताई कि अगर यही स्थिति रही तो बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।मदारीखेड़ा गांव के अजय और उनकी पत्नी दोनों पैरों से विकलांग हैं। उनका कहना है कि उनके दो बच्चे पहले गांव के स्कूल में पढ़ते थे, लेकिन

### मुख्यमंत्री पोर्टल, जिलाधिकारी व बीएसए से लगाई गुहार बच्चों की रुकी पढ़ाई

भावाखेड़ा भेजे जाने के बाद से दोनों बच्चे स्कूल जाना बंद कर चुके हैं।अजय कुमार ने बताया।हम दोनों विकलांग हैं। बच्चों को रोज़ाना इतनी दूर भेजना हमारे लिए संभव नहीं है। गांव में स्कूल होता तो वे खुद पैदल चले जाते, लेकिन अब उनके पढ़ाई का पूरा नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि जब तक गांव का प्राइमरी विद्यालय वापस नहीं खोला जाएगा, बच्चों की शिक्षा पूरी तरह ठप रहेगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर मदारी खेड़ा गांव में पुनः प्राइमरी विद्यालय संचालित कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है। सरकार की मंशा भी यही है कि हर गांव के बच्चे पढ़ें-लिखें। ऐसे में उनकी समस्या पर तुरंत संज्ञान लिया जाना चाहिए।

# ठगी का शिकार महिला का मुख्यमंत्री आवास के पास आत्मदाह का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गौतमपल्ली थाना क्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास के पास एक महिला ने सोमवार को आत्मदाह करने का प्रयास किया है। सुरक्षा कर्मियों ने महिला को बचाकर उसे गौतमपल्ली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। गौतमपल्ली थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित महिला रोली देवी मूलरूप से हरदोई जिले की रहने वाली है। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि विवेक मिश्रा उर्फ विक्की नाम के एक युवक ने उनसे कहा कि यहां का मकान बेचकर लखनऊ में वह नया मकान दिलवा देगा। वहीं पर रोजगार भी करवा देगा, जिससे परिवार को खराब आर्थिक स्थिति से नहीं गुजरना होगा। रोली उसके झांसे में आ गई और अपना मकान बेच दिया। लखनऊ में मकान खरीदने के लिए 60 लाख रुपये विवेक को दे दिए। अब आरोपित ने न तो महिला को मकान दिलवाया और न हीं उनके पैसे वापस कर रहा है। पीड़िता ने हरदोई पुलिस से भी गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आरोपित उन्हें धमका रहा है कि दस पांच लाख रुपये खर्च हो जाएंगे पर वह उसका कुछ नहीं कर पाएगी। पीड़िता का कहना है कि एक साल से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। इसी वजह से परेशान होकर आज परिवार संग आत्मदाह करने के लिए आयी थी। गौतमपल्ली थाना प्रभारी ने बताया कि यह पूरा मामला हरदोई जिले के पिहानी कोतवाली का है। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित की ओर से दी गई तहरीर पर केस भी दर्ज किया है। फिलहाल पीड़ित महिला के आरोपों की जांच की जा रही है।

## पत्रकार से गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जानकीपुरम निवासी वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद को धमकी देने और गाली गलौज करने वाले दबंग इरशाद उर्फ दादू को जानकीपुरम पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद पुत्र स्वर्गीय सगीर अहमद निवासी सेक्टर 3 जानकीपुरम द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि विपक्षी गणों ने एक राय होकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी, थाना जानकीपुरम पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक प्रवीण कुमार को सौंपी, आरोपी मुकदमा दर्ज होने की रंजिश को लेकर वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद से फिर से विवाद कर रहा था और अधिक उत्तेजित होकर फौजदारी पर आमादा हो गया शांति भंग की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था आज तीन अन्य आरोपियों अतुल दुबे पुत्र श्री कृष्ण मोहन दुबे निवासी 3/265 जानकीपुरम विस्तार थाना जानकीपुरम लखनऊ उम्र 34 वर्ष व्यवसाय (अमेजॉन पर काम), श्याम बाबू पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम खरगापुर जागीर जानकीपुरम विस्तार थाना जानकीपुरम लखनऊ उम्र 30 वर्ष (व्यवसाय मजदूरी) अरुण कुमार पुत्र श्री शंकर लाल निवासी ग्राम रसूलपुर कायस्थ थाना जानकीपुरम लखनऊ उम्र 24 वर्ष (व्यवसाय मजदूरी) को गिरफ्तार करके थाना

# निगोहां : तालाब में डूबने से मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के डीहा गांव में सोमवार दोपहर एक दुखद हादसा हुआ। गांव के मनरेगा तालाब के पास शौच के लिए गए 30 वर्षीय मजदूर औसान पानी में डूब गए। हादसा होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकालकर तत्काल उनके परिवारीजनों की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी ले गए। सीएचसी में उनकी हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिवारीजन उन्हें पीजीआई हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने औसान को मृत घोषित कर दिया। मृतक औसान का घर उतरांवा के मजरा डीहा में है। उनकी पत्नी मिथलेसा कुमारी ने बताया कि उनके पति सोमवार दोपहर गांव के बाहर स्थित मनरेगा तालाब में शौच करने गए थे। अचानक तालाब में डूबने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुँची और ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर सीएचसी ले गई। मृतक की दो नन्हीं संतानें हैं। बेटी माही (8) और बेटा आर्यान्श (6)। पिता सुदामा औसान का परिवार इस अनहोनी से बुरी तरह टूट गया है और रो-रोकर बुरा हाल है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग शोध संस्थान, नि:शुल्क कोचिंग सेंटर और आयोग भवन करेगा स्थापित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक सोमवार को राजधानी लखनऊ के आयोग कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान एवं विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्गों के सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन के गहन अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए पिछड़ा वर्ग शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने निर्णय लिया कि प्रदेश के गरीब एवं जरूरतमंद अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद देने के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बराबरी का अवसर मिल सके। बैठक में आयोग कार्यालय में स्थान की कमी को देखते हुए एक अलग से पिछड़ा वर्ग आयोग भवन बनाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, जिससे पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं सुनवाई में आने वाले प्रतिनिधियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

# लखनऊ में होटलों के विकल्प के रूप में होमस्टे होंगे नए आकर्षण: जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में पर्यटकों को बेहतर और किफ़ायती ठहरने की सुविधा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। नई 'उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति 2025' से लखनऊवासी बड़े उत्साह के साथ अपने घरों को होमस्टे के रूप में पंजीकृत करा रहे हैं। इस पहल से धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर आने वाले यात्रियों को अब होटल का एक किफ़ायती विकल्प मिलेगा, जहां वे सस्ते दामों पर न केवल आरामदायक ठहराव का आनंद ले सकेंगे, बल्कि एक घरेलू और पारिवारिक माहौल भी महसूस करेंगे।

अक्सर प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल पूरी तरह भर जाने से पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई नीति इसी चुनौती का समाधान है। इससे न सिर्फ पर्यटकों को सहज और सुलभ आवास उपलब्ध होगा, बल्कि स्थानीय परिवारों को भी अतिरिक्त आय के नए अवसर मिलेंगे। यह नीति प्रदेश के पर्यटन ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा को और मजबूत बनाएगी।

उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति 2025' के तहत राजधानी लखनऊ में करीब 800 होमस्टे बनाए जाने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में होमस्टे बनने से एक ओर पर्यटकों के ठहरने की समस्या का समाधान होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है, ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों को पर्यटन हित में उपयोग करें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बीएंडबी एवं होमस्टे नीति 2025 के तहत अब पर्यटन स्थलों के आसपास कोई भी व्यक्ति अपने 01 से 06 कमरों तक के आवासीय भवन (जिसमें वह स्वयं निवास करता हो) को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके अंतर्गत अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। सम्पत्तिधारक को उसके आवासीय भवन के अधिकतम दो तिहाई कक्षों को ही किराये पर दिया जा सकेगा। इच्छुक आवेदक इस योजना में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर आवेदन कर सकते हैं। यह योजना दो श्रेणियों गोल्ड और सिल्वर में वर्गीकृत की गई है।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोषों के साथ सम्पन्न हुई विसर्जन शोभायात्रा

## पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के समापन पर पटेल नगर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। नगर के पटेल नगर मोहल्ले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर क्षेत्रीय युवा अभिषेक वर्मा द्वारा गणपति स्थापना का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समर्पण के साथ किया गया। पांच दिवसीय इस आयोजन के समापन पर आज गणेश विसर्जन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विसर्जन यात्रा का शुभारंभ पटेल नगर स्थित पांडाल से हुआ, जो नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निर्धारित विसर्जन स्थल पर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों एवं ''गणपति बप्पा मोरया'' के गगनभेदी जयकारों के साथ श्रीगणेश की आराधना करते हुए नगर के वातावरण को पूरी तरह भक्ति और उल्लासमय बना दिया।

इस आयोजन में नगर के युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। विशेष रूप से गौरव बाजपेयी, नीरज मौर्य, दुष्यंत सिंह, अमन बाजपेयी, अंकित गोस्वामी, हर्ष सिंह, मौसम रस्तोगी, शुभम नाग, आयुष वर्मा, अतुल यादव, विशाल, निखिल, करन सहित अनेक युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इनके अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं, बच्चे तथा गणेश भक्त इस आयोजन के साक्षी बने।

आयोजनकर्ता अभिषेक वर्मा ने बताया कि गणेश उत्सव केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने और समाज सेवा की भावना विकसित करने का माध्यम है।

स्थानीय नागरिकों ने इस धार्मिक आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता को बल मिलता है। आयोजन पूर्णतः शांति, अनुशासन एवं सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# ब्लाक साडां में सवर्ण सेना भारत की भव्य बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। आज ब्लाक साडां में सवर्ण सेना भारत की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस बैठक में संगठन के शीर्ष नेतृत्व तथा कई ज़िला एवं स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक समरसता एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना था। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवम तिवारी जी ने की। उनके साथ मंच पर उपस्थित रहेः राष्ट्रीय संयोजक श्री अमित मिश्रा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री समरेन्द्र सिंह जी राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री शिवम पाण्डेय जी प्रदेश महासचिव श्री दीपांशु दीक्षित जी जिला महासचिव श्री कपिल श्रीवास्तव जी इसके अतिरिक्त बैठक में विशिष्ट उपस्थिति रहीः श्री मोहित मिश्रा, श्री कमलाकांत अवस्थी, विवेक अरविंद शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, आयुष मिश्रा, अनूप सिंह, ज्ञानू सिंह, कृष्ण स्वरूप शुक्ला, रविंद्र मिश्रा, नीरज तिवारी, सुनील तिवारी, सोनू तिवारी, बृजेश द्विवेदी, हिमांशु मिश्रा, श्याम किशोर मिश्रा, लक्ष्मण मिश्रा, मोनू मिश्रा सहित कई समर्पित कार्यकर्ता। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जो इस आयोजन को और भी विशेष बनाता है। संगठन के सदस्यो ने एकजुटता, सामाजिक समरसता और भविष्य की रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए।

सवर्ण सेना भारत सामाजिक जागरूकता, समानता एवं स्वाभिमान के लिए निरंतर कार्यरत संगठन है और इस बैठक ने संगठन के भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में कार्य किया।

# डीएम ने वर्चुअल बैठक में अफसरों को दी सख्त हिदायत

## तीन दिन में निस्तारित हों जन्म प्रमाणपत्र पेंडेंसी, शासन की प्राथमिकताओं पर तुरंत अमल करें अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल से जनपद के सभी एसडीएम, बीडीओ और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व डीपीआरओ विशाल सिंह मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने दो टूक कहा कि आईजीआरएस एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग अधिकारी स्वयं करें। अधीनस्थों की रिपोर्ट को बिना देखे पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे आख्या में न केवल गुणवत्ता आएगी, बल्कि जिम्मेदारी भी स्पष्ट होगी। तहसीलवार जन्म प्रमाणपत्र की लंबित फाइलों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि 15 दिन से अधिक की पेंडेंसी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। तीन दिन में लंबित प्रमाणपत्र जारी करने होंगे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि गोवंश संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आश्रयों में चारा-पानी, शेड और चिकित्सीय सुविधा दुरुस्त की जाए। सड़कों से हटाकर गोवंश को पहुंचाएं आश्रय डीएम ने कहा कि सड़कों पर विचरते गोवंश न केवल यातायात में बाधा डालते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। इसलिए विशेष अभियान चलाकर सभी आवारा गोवंश को सुरक्षित आश्रयों तक पहुंचाया जाए। डीएम ने नगर निकायों को चेताया कि बरसात के मद्देनजर जलभराव वाले क्षेत्रों में तुरंत पंपिंग कर पानी निकाला जाए। बीडीओ को आदेशित किया कि वे प्रतिदिन जनता दर्शन के बाद फील्ड में निकलें और गांव-गांव विजिट करें। डीएम ने कहा कि इसकी क्रॉस चेकिंग वह स्वयं करेंगी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देशित किया कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में नियत तिथि का इंतजार न किया जाए। सीएम संदर्भ, आईजीआरएस और जनता दर्शन से प्राप्त शिकायतों का क्विक डिस्पोजल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें और समाधान की जानकारी दें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर निकायों को हिदायत दी कि जन सुविधाओं को प्राथमिकता से बेहतर बनाया जाए। बरसात को देखते हुए कचरा निस्तारण, जलभराव और गंदगी की नियमित पड़ताल कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

# सीतापुर में शुरू हुआ नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान पहले दिन 83 बाइक चालकों के कटे चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज से पूरे प्रदेश में ''नो हेलमेट, नो फ्यूल'' नामक एक विशेष अभियान की शुरुआत हुई है। इसी क्रम में, जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद के आदेश पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर ईंधन न खरीद सकें। अभियान के पहले दिन, सीतापुर शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर परिवहन विभाग की टीमें सक्रिय रहीं। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में और यात्री कर अधिकारी एम.ए. अहमद द्वारा चलाए गए इस जांच अभियान में बिना हेलमेट के पेट्रोल खरीदने आए बाइक सवारों पर कड़ी कार्रवाई की गई। टीम ने हेलमेट न पहनने वाले चालकों को रोककर उनके चालान काटे। परिवहन विभाग की टीमों ने हेलमेट के बिना पेट्रोल लेने पहुंचे 83 बाइक चालकों का चालान काटा। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह अभियान अगले 30 दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य मकसद लोगों की जान बचाना है। हेलमेट न पहनने से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु दर अधिक होती है, और यह अभियान लोगों को अपनी और दूसरों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया, ''यह सिर्फ एक जांच अभियान नहीं है, बल्कि एक सामाजिक पहल है। हम चाहते हैं कि हर दोपहिया वाहन चालक अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दे। जब तक वे हेलमेट नहीं पहनेंगे, उन्हें पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह नियम सख्ती से लागू किया जाएगा।'' उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल पंप मालिकों से भी इस अभियान में सहयोग करने और बिना हेलमेट वाले ग्राहकों को ईंधन न देने की अपील की है। यह विशेष अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। उम्मीद है कि यह पहल सीतापुर में सड़क सुरक्षा की स्थिति में एक बड़ा बदलाव लाएगी। 15 दिनों तक चलेगा प्रचार वाहन परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक प्रचार वैन शुरू की है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह प्रचार वैन अगले पंद्रह दिनों तक जिले भर की विभिन्न तहसीलों और सार्वजनिक स्थानों पर यातायात सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। इस पहल का मकसद सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

यह वैन सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को ऑडियो-विजुअल माध्यमों से प्रदर्शित करेगी। इसमें शॉर्ट फिल्में और जागरूकता से जुड़े गीत भी शामिल हो सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनता को सड़क पर सुरक्षित रहने की अहमियत समझाना है। यह अभियान सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं: सीतापुर में परिवहन विभाग का सख्त अभियान**

**यातायात नियमों के पालन को लेकर सीतापुर में चला विशेष अभियान, अगले 30 दिनों तक होगी सख्ती**

# सरयू नदी पर बनेगा एक किमी लंबा व 10 मीटर चौड़ा सेतु

## करीब 273 करोड़ की लागत से होगा नये सेतु का निर्माण

## हाल ही में विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना को दी है स्वीकृति

एजेंसी

अयोध्या। प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक और बड़ी सौगात दी है। सरयू नदी पर एक किलोमीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा नया सेतु बनाया जाएगा, जिससे अयोध्या का विकास और तेजी से होगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 273 करोड़ रुपये है। हाल ही में विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दे दी है। यह सेतु लता चौक से नया घाट और कटरा को जोड़ेगा, जिससे अयोध्या और गोंडा के बीच आवागमन और सुगम हो जाएगा। पुराने सेतु के समानांतर बनने वाला यह नया पुल अयोध्या के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

अयोध्या धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भारत का एक प्रमुख केंद्र है, अब विकास के नए आयाम छू रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में बेहतर सड़क और यातायात व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए योगी सरकार ने इस सेतु के निर्माण का निर्णय लिया है। यह नया सेतु न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी अयोध्या की यात्रा को और सुविधाजनक बनाएगा। इस सेतु का निर्माण अयोध्या के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुराने सेतु पर बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिए इस नए पुल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सेतु न केवल अयोध्या और गोंडा के बीच की दूरी को कम करेगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि अयोध्या की आर्थिक समृद्धि में भी योगदान मिलेगा।

स्थानीय प्रशासन ने इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी की जाएगी। इस सेतु के बनने से न केवल अयोध्या और गोंडा के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। अयोध्या के निवासियों ने इस परियोजना का स्वागत किया है।

सेतु निगम के उप प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि यह सेतु न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि अयोध्या की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है।

# नेपाल बॉर्डर पर हो रही अवैध खाद की तस्करी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । लखीमपुर खीरी से सटे इंडो नेपाल बार्डर पर नेपाल की युवतियों द्वारा अवैध तरीके से हो रही हैं यूरिया खाद की तस्करी विडंबना की बात यह है कि जहां किसानों के लिए खाद की किल्लत बनी हुई है ,वही वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरीके से नेपाली महिलाओं द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है। एक साथ दर्जनों युवतियां कर रहीं माल पार. इस वीडियो ने तो सीमा की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिया है। संवाददाता के पूछने पर कई लोगों ने बताया कि यह कालाबाजारी काफी दिनों से चल रही है और ऐसे ही चलती रहेगी, अब इसमें नरवाल कौन है इसकी गहनता से जांच करने की जरुरत है प्रशासन को।

## बिसवां में बरसात से नाले जाम,नगर पालिका की लापरवाही उजागर



बिसवां कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसवां में हल्की बरसात ने ही नगर पालिका की पोल खोल दी है। बरसात के चलते शहर के नाले जाम हो गए हैं, जिससे जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। नगर पालिका की ओर से न तो कोई समुचित व्यवस्था की गई और न ही समय-समय पर निरीक्षण किया गया। नतीजा यह रहा कि थोड़ी सी बरसात में ही बिसवां की सड़कों पर पानी भर गया और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस अव्यवस्था का सबसे ज्यादा खामियाजा व्यापारियों और कामकाजी लोगों को उठाना पड़ा, जिन्हें आवागमन में काफी दिक्कतें आईं।

## लखीमपुर से लखनऊ तक पद यात्रा पर पत्रकारो का दस सदस्सीय दल आज होगा रवाना

लखीमपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भ्रष्टाचार अफसरशाही,सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जे,जिला अस्पताल मे दस वर्षो से अधिक समय से जमे डाक्टरो द्वारानिजी नर्सिग होम संचालित करने और गैर पंजीकृत अस्पतालो मे आपरेशन करनेतथा जिला अस्पताल मे भर्ती मरीजो से आपरेशन करने केनाम पर अवैध वसूली किये जाने के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग करने के साथ-साथ जिला अस्पताल में शराब के नशे में धुत होकर डॉक्टर द्वारा ड्यूटी करने अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ गाली गलौज मां बहन की गाली देने के साथ जिला अस्पताल के वार्डों में पड़ी बेड़ों पर महिला सहकर्मी के साथ शारीरिक संबंध बनाने ,एवं थोक के भाव जनपद मे संचालित फर्जी नर्सिग होमो,डायग्नोस्टिक सेन्टरो झोलाछाप डाक्टरो आदि गंभीर कृत्यों की प्रदेश स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने और जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर पत्रकारों का एक दल आज दिनांक 1 सितंबर 2025 को लखीमपुर कलेक्ट्रैट परिसर से प्रातः 10:30 बजे लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए रवाना होगा। उक्त कार्यक्रम में आप सभी पत्रकार बंधुओ की उपस्थिति सादर प्रार्थनीयहै।

## आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध किसान की मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जिटकिरी में खेत पर पशुओं को चराने गए एक वृद्ध किसान की आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जिटकिरी गांव निवासी 67 वर्षीय किसान चुंटा प्रतिदिन की भांति सुबह भोजन करने के बाद अपने पालतू पशुओं को लेकर खेत पर गए थे। शाम होते-होते मौसम अचानक बिगड़ गया और घनघोर बादल छा गए। इसी दौरान खेत में आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से चुंटा की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि देर रात तक जब वह घर नहीं लौटे तो तलाश करने पर उनका शव खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में हुई इस हृदयविदारक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम आलाधिकारियों को जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

## भिक्षावृत्ति पर सख्ती, दिव्यांगजन को मिलेगी विशेष सुविधा

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला दिव्यांग बंधु/लोकल लेवल समिति सहित विभिन्न समितियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने और उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जिले में भिक्षावृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन विभाग एवं श्रम विभाग की 4 सदस्यीय अंतरविभागीय समिति गठित कर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त पाए जाने वाले बच्चों का नामांकन आश्रम पद्धति विद्यालय में कराते हुए उनके रहने और भोजन की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी। बैठक में यूडीआईडी पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों को एक माह के भीतर निस्तारित करने, दिव्यांगजन पेंशन के लिए शत-प्रतिशत केवाईसी सुनिश्चित कराने और शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु बलिराजी सेवा संस्था को सर्वश्रेष्ठ संस्था तथा कछवां निवासी सलमान, तिवारीपुर निवासी आशीष कुमार यादव और कछवां निवासी अमित को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी के रूप में नामित कर प्रस्ताव प्रेषित करने पर सहमति बनी।

# मोटी रकम में बिक गई साइबर पुलिस! अपराधियों की मंडी बना साइबर थाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले में साइबर पुलिस और साइबर ठगों की मिलीभगत का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। करोड़ों की ठगी करने वाले दो बड़े साइबर अपराधियों को पकड़ने की बजाय पुलिस ने ही उनके साथ सौदेबाजी का खेल रच डाला।

सूत्रों के मुताबिक, साइबर पुलिस के चहेते दलालों ने दोनों ठगों को रात में बुलाकर साफ कह दिया अगर जेल से बचना है तो मोटी रकम देनी होगी।ङ्क यानी अपराध पर पर्दा डालने की कीमत तय हो चुकी थी। ठगी का नेटवर्क और पुलिस की डील-बताया जा रहा है कि ठगों ने अब तक 30 से 35 खातों में अवैध लेन-देन कर करोड़ों रुपये की ठगी की है। लोगों को झांसा देकर उनके बैंक अकाउंट का एक्सेस लिया जाता और फिर अवैध ट्रांजैक्शन करके मोटी कमाई की जाती है। लेकिन जब शिकायत साइबर थाने तक पहुंचती है, तो पुलिस की छत्रछाया में बैठे दलाल सक्रिय हो जाते हैं और मोटा लेन-देन कर मामले को दबा देते हैं। दलालों का अड्डा ऽ एलआरपी चौराहा

जानकारी के अनुसार, पुलिस के इन खास दलालों ने एलआरपी चौराहे पर बाकायदा अड्डा बना रखा है, जहां से ल्लसेटलमेंट प्रक्रियाङ्क का धंधा चलता है। यहीं से अपराधियों को संरक्षण देने और पुलिस को हिस्सेदारी पहुँचाने का खेल खेला जाता है।

पुलिस पर उठे सवाल इस खुलासे के बाद जनता सवाल कर रही है ऽ ल्लक्या साइबर पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए है या उन्हें बचाने के धंधे में लगी है? अब सबकी निगाहें एसपी संकल्प शर्मा पर टिकी हैं। जनता को उम्मीद है कि वह न केवल ठगों, बल्कि उन दलालों और भ्रष्ट पुलिसकर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई करेंगे, जो अपराधियों को संरक्षण देकर कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# सुकन्या समृद्धि योजना में वाराणसी के डाक कर्मियों ने जीते पुरस्कार: कर्नल विनोद

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी परिक्षेत्र के चार डाककर्मी प्रदेश भर में चलाए गए विशेष अभियान में सराहनीय कार्य करने पर पुरस्कृत किए गए है। इनमें साह सहायक अधीक्षक पश्चिम उपमंडल वाराणसी रविन्द्र कुमार, बीपीएम धौरहरा चौबेपुर वाराणसी अरुण प्रकाश पांडेय, बीपीएम करधना मिर्ज़ामुराद वाराणसी अमित भारती शामिल हैं। सोमवार को यह जानकारी विभाग के वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल (पीएमजी) कर्नल विनोद ने दी।

उन्होंने बताया कि इन कर्मियों को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्य डाक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रणव कुमार ने पुरस्कृत किया है। पीएमजी के अनुसार वाराणसी परिक्षेत्र में आयोजित विशेष अभियान में सभी अधीक्षकों को घर- घर जाकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए थे। और साथ ही आशा कार्यकर्ताओं और नर्सिंग होमों में जा कर बच्चों के बारे में सूचना एकत्र करने की ज़िम्मेदारी भी दी गई थी। इस अभियान में बनारस के सभी स्कूलों को भी जोड़ा जाना था । ताकि सभी दस साल तक की बच्चियों को सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया जाए।

कर्नल विनोद ने वाराणसी परिक्षेत्र के बचत खाता शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार मिलना परिक्षेत्र के लिए ख़ुशी और गर्व की बात है। साथ ही भविष्य में और बेहतर परिणाम प्राप्त करने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों के उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत करने की आवश्यकता है। ताकि जब बच्ची की जरूरत उच्च शिक्षा जैसे मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई और प्रोफ़ेशनल कोर्स जैसे एमबीए या फिर पत्रकारिता आदि में दाखिला लेने की हो तो उसके लिए एक अच्छी राशि का सृजन किया जाए। जिससे बच्ची अपनी पढ़ाई को बेहतर ढंग से संपन्न कर सके। कर्नल विनोद कुमार ने सुकन्या समृद्धि स्कीम के बारे में कहा कि डाक विभाग इस योजना के तहत समाज के बेहतर आर्थिक और सामाजिक जीवन के विकास में योगदान दे रहा है। और भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने दस साल से कम उम्र की लड़कियों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों के प्रति सम्मान दिखाएं और निकट के डाक घर में जाकर उनके खाते खुलवायें। उन्होंने सभी बिज़नेस घरानों, आर्मी यूनिट्स के अधिकारियों और जनता से अपील की है कि वह एक दूसरे को उनकी बच्चियों के लिए सुकन्या खाते भेंट करें। ताकि भारत सही अर्थों में नारी सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

# त्योहारों को लेकर डीएम ने की शांति समिति की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि 5 सितम्बर को ईद मिलाद उन नवी मनाया जाएगा एवं 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी मनाया जाएगा जिसमें भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन एवं नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी नयी परम्परा नहीं डाली जाएगी**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा बैठक के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराया और उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को ईद मिलाद उन नवी मनाया जाएगा एवं 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी मनाया जाएगा जिसमें भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन एवं नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोई भी नयी परम्परा नहीं डाली जाएगी। गणेश प्रतिमा विसर्जन के अन्तर्गत कोई भी प्रतिमा सीधे नदी में विसर्जित नहीं की जाएगी। निर्धारित स्थान पर गड्ढे तैयार किये जाएंगे उनमें ही प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। विसर्जन यात्रा केवल निर्धारित रुट पर ही होगी। नवरात्रि आदि के जुलूसों पर भी कोई नयी परम्परा नहीं डाली जाएगी। आगामी त्योहारों को लेकर एवं रास्ते आदि के संबंध में शांति समिति के सदस्यों से समस्याओं एवं सुझाव प्राप्त किये गये।एडवोकेट विनय वार्ष्णेय बबराला ने कहा कि विसर्जन के समय चलने वाले डीजे को बबराला में ही निर्धारित स्थान पर रोका जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन 4 सितम्बर को एवं मुख्य रूप से 6 सितम्बर को होगा। 5 सितम्बर को ईद मिलाद उन नवी का जुलूस निकाला जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी जुलूस के डीजे में दो से अधिक स्पीकर न लगे हों यह सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने थानाक्षेत्र में जुलूस के आयोजन में क्या क्या चीजें होंगी उनके लिए नोडल नियुक्त कर उनके साथ बैठक की जाए इसमें ईद मिलाद उन नवी तथा गणेश प्रतिमा विसर्जन के जुलूसों के सदस्यों एवं डीजे संचालकों को भी बुलाया जाए। जुलूसों में कोई नयी परम्परा नहीं डाली जाए। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर समय से विसर्जन के लिए गड्ढे खुद जाएं अधिशासी अधिकारी इसको देख लें। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि बड़ी मूर्ति एवं छोटी मूर्ति के लिए अलग अलग गड्ढे बनें तथा इसमें रैम्प भी बना हो ताकि कोई दुर्घटना न घटित हो सके। शांति समिति के सदस्य मुफ्ती मौलाना आलम रजा खां नूरी ने कहा कि जुलूसों के समय नगर में भारी वाहन न आएं तथा साफ सफाई एवं पेयजल एवं विद्युत की सुचारु व्यवस्था रहे। जुलूसों के समय कोई आवारा पशु न आ पाए इसके लिए जगह जगह पर वैरीकेडिंग हो। सम्भल से शांति समिति के सदस्य अनंत अग्रवाल ने आगामी रामनवमी एवं रामलीला के विषय में बताते हुए नगर पालिका द्वारा व्यवस्था बनायी जाएं। सिरसी के पूर्व चेयरमैन वसीम खां ने सिरसी में रेलवे क्रासिंग के पास सड़क में गड्ढे की बात कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर लगभग 100 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। पीओपी, चूना तथा गोबर मिट्टी की प्रतिमाओं का ही विसर्जन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ईद मिलाद उन नवी एवं आगामी त्यौहारों को लेकर भी दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी समन्वय बनाकर डयूटी करें। उन्होंने कहा कि एक एक व्यक्ति एवं समुदाय एवं उनकी समस्याओं को ध्यान में रखा जाए। विद्युत एवं पेयजल की निर्वाध आपूर्ति रहे। साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रहे इसको भी देखें। निराश्रित गो वंशों को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाते हुए निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाए। लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के गड्ढों को भर जाए एवं उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकार फुट पेट्रोलिंग करें। जिलाधिकारी ने महिला सुरक्षा ,जनसुनवाई एवं विरासत ,अंश निर्धारण आदि पर भी चर्चा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा एवं समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त क्षेत्राधिकार एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## मानविकी एवम साहित्य संकाय में नवप्रवेशितों का विद्यारंभ एवं अभिविन्यास आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**सत्र 2025-26 में साहित्य एवम मानविकी से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं हेतु विद्यारंभ कार्यक्रम सह परिचय सभा का आयोजन किया गया**

बदायूं। राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास, बदायूं में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा सत्र 2025-26 में साहित्य एवम मानविकी से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं हेतु विद्यारंभ कार्यक्रम सह परिचय सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्या ने कहा कि मानविकी और समाजिक विज्ञान का अध्ययन क्षेत्र समाजिक समस्याओं का अध्ययन कर शोध के माध्यम से मानव संसाधन को सशक्त कर समाज को उन्नति के शिखर पर ले जाने के निमित्त है। उन्होंने एनसीसी के लाभ तथा जुड़ने की चयन प्रक्रिया के विषय में भी जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन करते हुए आइक्यूएसी संयोजक डॉ रविन्द्र सिंह यादव ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को इस कार्यक्रम के उद्देश्य से परिचित कराया। परीक्षा प्रभारी डॉ अनिल कुमार प्रथम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिवर्तित परीक्षा प्रणाली से अवगत कराया तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। डॉ सतीश सिंह यादव ने शासन की छात्रवृत्ति योजना तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। शारीरिक शिक्षा एवम क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकूम सिंह ने खेल सुविधाओं, जिम, योगा कक्षाओं व क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से बताया।अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए एंटी रैगिंग व छात्राओं की सुरक्षा के लिए कॉलेज द्वारा की गई व्यवस्था से अवगत कराया। डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता युवा महोत्सव, वार्षिकोत्सव व प्रतिभा अलंकरण समारोह आदि के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए आन्तरिक परिवाद समिति के उद्देश्य और महत्व को उद्घाटित किया। डॉ जायसवाल ने महाविद्यालय में स्थापित जनपद की एक मात्र इग्नू अध्ययन केन्द्र एवं राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा की सुविधा एवम उसके पाठ्यक्रमों से होने वाले लाभ से परिचित कराया। डॉ बबिता यादव ने महिला प्रकोष्ठ, डॉ संजय कुमार एवं डॉ ज्योति विश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, कार्यप्रणाली कार्यक्रम एवं शिविर की जानकारी दी। डॉ प्रेमचन्द चौधरी ने पुस्तकालय, डिजिटल लाइब्रेरी व वाचनालय तथा छात्र-छात्रा के शिकायत निवारण हेतु महाविद्यालय द्वारा गठित प्रकोष्ठ के विषय में विस्तार से बताया। डॉ चौधरी ने रोवर्स- रेंजर्स के चयन की प्रक्रिया और शिविर के बारे में भी बताया।

## ब्राह्मण समाज द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन, पहुंचे विधायक संजय शर्मा

**विधायक ने संस्कृत विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा डोली शर्मा को सम्मानित किया**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अनूपशहर। ब्राह्मण समाज द्वारा सुंदरकांड पाठ आयोजन में पहुंचे विधायक संजय शर्मा ने संस्कृत विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा डोली शर्मा को सम्मानित किया। सोमवार को गंगा तट पर स्थित श्री परशुराम धाम में ब्राह्मण समाज द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन कराया गया। यह आयोजन प्रत्येक माह की 1 तारीख को कराया जाता है। जिसमें विधायक संजय शर्मा उपस्थित हुए उन्होंने भी सुंदरकांड पाठ में प्रतिभाग किया। भगवान श्री परशुराम जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की। इस मौके पर डीपीबीएस कालेज की छात्रा डोली शर्मा को नगद धनराशि तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। डोली शर्मा ने संस्कृत विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने विधायक संजय शर्मा को भगवान परशुराम की तस्वीर देखकर सम्मान किया। विधायक संजय शर्मा ने कहा कि समाज की उत्थान के लिए युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। सभी युवा मन लगाकर पढ़ाई में ध्यान दें और आधुनिक शिक्षा के माध्यम से उच्च पदों पर आसीन हो। इस मौके पर महेश चंद शर्मा, कुलदीप शर्मा, अजय पाठक, मोनू कौशिक, विनय सोती, राजू गोस्वामी, दिनेश शर्मा, संदीप भारद्वाज, दिलीप भारद्वाज, राज शर्मा, ध्रुव शर्मा, सौरभ गौड़, दामिनी गौड़ आदि मौजूद रहे।

## संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिताओं में शिव देवी ने मारी बाजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के बदायूं संकुल की आज बौद्धिक प्रतियोगिताएं ,(विज्ञान प्रश्न मंच एवं विज्ञान मेला) आंवला में संपन्न हुई। जिसमें शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बदायूं के 32 भैया बहनों ने भाग लिया। जिसमें विज्ञान प्रश्न मंच विज्ञान ,पत्र वाचन, प्रदर्श (मॉडल )आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक के भैया बहनों ने भाग लिया कक्षा 6 से कक्षा 8 तक बाल वर्ग कक्षा 9 से कक्षा 10 तक किशोर वर्ग एवं कक्षा 11 से कक्षा 12 तक तरुणवर्ग इस प्रकार कुल तीन वर्ग बनाकर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।जिसमें शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बदायूं के भैया बहिनों ने अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए संकुल में अच्छा प्रदर्शन किया जिनका परिणाम निम्न मत है बाल वर्ग विज्ञान प्रश्न मंच में भैया आर्यन , वीर प्रताप सिंह, दीपक दुबे की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । किशोर वर्ग विज्ञान प्रश्न मंच में बहिन मिष्ठी, प्रिया चौहान ,रितिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा तरुण वर्ग में प्रश्न विज्ञान प्रश्न मंच में बहिन प्रस्तावना ,रुचि ,अनुराधा ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। बाल वर्ग पत्र वाचन में भैया अतुल ने द्वितीय स्थान , तरुण वर्ग में बहिन रिशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रयोग में बाल वर्ग में भैया प्रखर पाल ने प्रथम स्थान तथा तरुण वर्ग में बहिन मानवी और वंश गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया बाल वर्ग प्रदर्शन अर्थात मॉडल में भैया अनंत देव ने द्वितीय स्थान ,विनय कुमार ने द्वितीय स्थान ,ध्रुव दुबे ने तृतीय स्थान, आलोक पाठक ने प्रथम स्थान ,पर अंश पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि किशोर वर्ग प्रदर्श में बहिन सृष्टि पटेल ने प्रथम स्थान, दिव्यंका मिश्रा ने तृतीय स्थान, रिया चौहान ने तृतीय स्थान ,भूमिका सिंह ने प्रथम स्थान, तनु यादव ने तृतीय स्थान, अन्यया ने द्वितीय स्थान ,आरुषि ने द्वितीय स्थान ,प्राप्त किया।

## खुले नाले दे रहे हादसों को न्योता, एक सिपाही की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**विभागों से सवाल-कब रुकेगा मौतों का सिलसिला**

चंदौसी, (संभल)। मेला गणेश चौथ, मेला कोतवाली में तैनात सिपाही रजनीश कुमार उम्र 36 वर्ष निवासी बिजनौर ग्राम पुरैनी थाना नगीना की ड्यूटी 24 तारीख को मेला कोतवाली चंदौसी में लगाई गई थी पुलिस लाइन बहजोई से, ड्यूटी पर तैनात सिपाही की उस वक्त मौत हो गई जब सिपाही मेले में ड्यूटी पर जा रहा था बाइक से,भारी बारिश के चलते नाले में गिरने से मौत हो गई है । घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दोपहर 12:00 बजे पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे सीओ अनुज चौधरी जहां नाले से सिपाही रजनीश को बाहर निकल गया लेकिन देर हो चुकी थी ।बताया जा रहा है की घटना 10:30 की है काफी देर हो जाने के कारण सिपाही की मौत हो गई । खबर सुनते हीपरिवार मैं छाया मातम परिवार सोचने पर मजबूर है कि हल्की सी लापरवाही के चलते सिपाही की जान चली गई । बड़ा सवाल - भारी वर्षा के कारण मेला गणेश चतुर्थी पर दो-चार दिन के लिए डीएम संभल को मेला देखने पर रोक लगा देनी चाहिए थी? इसका मुख्य कारण है कि मेले के बराबर से ही गुजर रहा बड़ा नाला जिस कारण एक सिपाही की मौत हो गई । सुरक्षा बढ़ाने हेतु -यह बैरिकेडिंग लोगों को नाले के पास जाने से रोकने और किसी भी दुर्घटना से बचाने के लिए की गई क्या?नाले के पास और भी बैरिकेडिंग कर दी गई है, यह बताने के लिए कि नाले की सीमा को और अधिक सुरक्षित करने या किसी प्रकार के खतरे को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया क्या , मेला प्रभारी सत्येंद्र पवार द्वारा? कोई भी घटना, हादसा सबक लेने और सुधार से ही दोबारा घटित नहीं होता। बशर्ते हम सबक लें तो भविष्य में किसी भी दुर्घटना को रोक सकते हैं। लेकिन जिम्मेदारी एजेंसियां और मेला प्रभारी इस सोच से सरोकार नहीं रखते। मेला गणेश चौथ के चलते नालों पर होनी चाहिए थी कि नहीं बैरिकेडिंग? इसीलिए वो हमेशा बार-बार हादसों का इंतजार करते हैं, इससे यह भी परिलक्षित होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों के लिए किसी की जिंदगी कोई मायने नहीं रखती । आए दिन नालों में गिरने से लोगों की मौत होती है और इन हादसों का सबसे बड़ा कारण उनका खुला होना होता है । इतना बड़ा हादसा,आखिर जिम्मेदार कौन है नगर पालिका परिषद या मेला प्रभारी? सोमवार को सुबह लगभग 10:30 बजे सीकरी गेट कबीर गली पुलिया के पास, तेज बारिश के चलते संभल में ड्यूटी के दौरान बड़ा हादसा हुआ है, सिपाही रजनीश की नाले में गिरने से मौत हो हो गई है । पुलिस ने पुलिस का शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तहसील बार एसोसिएशन बिलारी के अध्यक्ष बने चौधरी विनय कुमार सिंह

बिलारी। तहसील बार एसोसिएशन बिलारी का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित एल्डर कमेटी के अध्यक्ष कमाल अकबर एडवोकेट, सचिव रामकुमार सिंह यादव के नेतृत्व में कमेटी का चुनाव हुआ। अध्यक्ष बने चौधरी विनय कुमार सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जबर सिंह एडवोकेट को चुना गया इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों को चुनकर कार्यकारिणी पूर्ण की गई।

### दो घंटे की बारिश में आवास विकास बना तालाब

बदायूं। शहर की आवास विकास कॉलोनी जिसकी गिनती शहर की वी आई पी कॉलोनी में की जाती है और जहां शहर के बड़े-बड़े वीआईपी लोग रहते हैं वहां के हालात जरा सी बारिश होते ही बद से बदतर हो जाते हैं। जब कैनविज टाइम्स के छायाकार ने वहाँ का जायजा लिया तो तो पाया कि भारतीय जीवन बीमा निगम रोड (ऐल0 आई0 सी0) रोड मात्र एक घंटे की बारिश में तालाब बन चुका है जबकि आवास विकास के इंजीनियर विकास के बड़े बड़े दावे करते हैं। उनके दावों की जरा सी बारिश ने कलई खोल के रख दी।

### हिन्दी पखवाड़ा के तहत किया गया कवि सम्मेलन का आयोजन

बदायूं। दातागंज कृतिका यूथ डेवलपमेंट अकैडमी के माध्यम से कवि सम्मेलन का एक कार्यक्रम उत्तर प्रदेश हिन्दी प्रचार समिति बदायूं के बैनर तले हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के नेता शैलेश पाठक रहे । अध्यक्षता ओमेंद्र वर्मा जी ने की कार्यक्रम में बदायूं उझानी से पधारे डॉ गीतम सिंह से ने पढ़ा हिन्दी हिन्दुस्तान का दिल है समरसता सिखलाती है हिन्दी हरदम रिश्तों में प्रेम सुधा बरसाती है बदायूं से पधारे षट्वदन शंखधार ने कहा कि सूर तुलसी कबीरा बिहारी की हैयह फकीरी की है राजदारी की है एक हिन्दी जुबां अपनी है दोस्तबाकी हर एक भाषा उधारी की हैदातागंज के मुकेश कमल ने पढ़ा हिन्दी हिमालय चोटी रहें और गंगा मां नीर चढ़ाती रहेसागर चरणों के बीच बहे , रसधार में भाषा नहाती रहेकार्यक्रम संयोजक राकेश वर्मा ने कहा संस्कृत से उद्गम इसका ऋषियों मुनियों की भाषा सर्वोपरि यह दुनिया में अपनी भाषा हिंदी भाषासौरभ हिन्दुस्तानी ने कहा खुशी के पल मिले तो हर कोई साथ चलता है कोई अपना ही अपनों के दुख बांट लेता है केशव सक्सेना ने पढ़ा ....कर दिये दीप जलते विसर्जित सभी बिन तेरे रौशनी हमको करती नहींबदायूं से पहुंचे उज्वल वशिष्ठ ने कहा दूर से देखकर आंखों को सकूं मिलता है तितलियां हाथ लगाने की नहीं होती है यतेन्द्र अंतस ने पढ़ा जिम्मेदारी का बोझ जब कंधों पे आता है इश्क़ का बुखार अच्छे अच्छों पर छा जाता है कौस्तुभ सिंह ने कहा दिल के ज़ख्म दिखते नहीं कौस्तुभ वरना सुखा देती अवनेश व्याकुल ने कहा ना किसी पर बेवजह मोहमद लगाना चाहिए बेबफफा है गर उसे तो आजमाना चाहिए मनोज तन्हा ने कहा मोदी जी तुम आज्ञा दे दो देश के वीर जवानों कोलाहौर में गाड़ तिरंगा वंदेमातरम लिखना है कार्यक्रम का संचालन बदायूं पवन शंखधार ने कियाकार्यक्रम में निदेशक कौशिक सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया और राकेश वर्मा ने सभी कवियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया समिति सचिव षट्वदन शंखधार ने कहा हिन्दी पखवाड़ा के तहत प्रत्येक तहसील में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### साइबर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

बदायूं। पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कठेरिया और सीओ विजयेन्द्र की ओर से साइबर सेल टीम की बैठक ली गयी। उन्होंने थानों में गठित साइबर सेल टीम को पोर्टल के महत्वपूर्ण विकल्पों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। साइबर अपराधों के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। इस दौरान सीओ (प्रशिक्षु) गौरव उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम विनोद कुमार वर्धन, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल हरेंद्र कुमार व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी साझा न करें। खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं

### बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, आज से सख्ती

बदायूं। जिले में आज से हेलमेट न लगाने वाले बाइक सवारों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। इसके लिए पेट्रोल पंप संचालकों को पहले ही निर्देश दिया गया था। प्रशासन का कहना है कि यह कदम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है। एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि जिले में मार्ग दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इनमें अधिकतर हादसे बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों से जुड़े पाए गए हैं। जिला प्रशासन और परिवहन विभाग ने मिलकर इस योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि हेलमेट पहनने से न केवल दुर्घटना के समय गंभीर चोटों से बचा जा सकता है बल्कि लोगों की जान भी सुरक्षित रहती है। पेट्रोल पंप संचालकों को भी इसके लिए निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना हेलमेट किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल न दें।

### बदायूं में लगातार कई घंटों तक हुई बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

बदायूं। जिले में सोमवार को बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कई घंटों से जारी बरसात के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को घरों से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश से बाजारों में कीचड़ और फिसलन की समस्या भी बढ़ गई है, जिससे राहगीरों को परेशानी हुई। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्री पानी और कीचड़ से जूझते दिखे। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में पानी भरने से फसल को भी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटे तक बारिश जारी रह सकती है, जिससे हालात और बिगड़ने की संभावना है

### डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ की पीस कमेटी की मीटिंग

संभल। कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी जनपद सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्दशी व बारावफात को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में बेहतर समन्वय के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई तथा आगामी त्यौहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न किए जाने, त्यौहार पर किसी नई परंपरा के नहीं डाले जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने के बारे में अवगत कराया गया तथा पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, अपर जिलाधिकारी सम्भल , अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज कुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात मनोज कुमार सिंह तथा प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नो हेल्मेट नो फ्यूल' रणनीति पर जनपद में सख्ती से होगा अमल

**01 से 30 सितम्बर तक जनपद में संचालित हो रहा अभियान**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर प्रभावी अंकुश तथा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देश पर जनपद में ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किये जाने के उद्देश्य से जनपद में 01 से 30 सितम्बर 2025 तक संचालित होने वाले अभियान के प्रथम दिन एआरटीओ (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह ने इण्डियन ऑयल डिगिहा पेट्रोल पम्प, इण्डियन ऑयल चोपड़ा पेट्रोल पम्प, माँ भगवती पेट्रोल पम्प पानी टंकी एवं केडीसी के निकट स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प पर जाकर उपस्थित लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया।पेट्रोल पम्पों के निरीक्षण के दौरान एआरटीओ श्री सिंह ने आमजन को बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ.प्र. मोटरयान नियमावली-1998 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटर साईकिल चालको एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्राविधानों का उल्लंघन करने पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है। जिसमें जुर्माना का प्राविधान भी है। श्री सिंह ने पेट्रोल पम्प संचालकों से कहा कि ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति पर अमल करें तथा हेल्मेट के बगैर किसी व्यक्ति को पेट्रोल कदापि न दें। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम व एसपी द्वारा समस्त पेट्रोलियम कम्पनी के विक्रय अधिकारियों एवं पेट्रोल पम्प के प्रोपराइटर्स को 01 से 30 सितम्बर 2025 तक ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति को कड़ाई के साथ लागू करें। जनपद बहराइच के सभी पेट्रोल पम्प द्वारा 02 पहिया वाहन चालकों को बिना हेल्मेट के पेट्रोल का विक्रय नही किया जायेगा। बैठक के माध्यम से यह भी निर्देश दिये गये हैं कि 01 से 30 सितम्बर 2025 तक ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति के प्रचार-प्रसार के लिये सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक स्थानो, पेट्रोल पम्पों, तहसील मुख्यालयों, स्कूल, कालेज, सामुदायिक केन्द्रों व अन्य महत्वपूर्ण स्थनों पर होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर के माध्यम से तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म से भी ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति का प्रचार-प्रसार किया जाय ताकि आम जनमानस को अभियान की जानकारी हो सके।

## नगर में धूमधाम से मनायी राधा अष्टमी

अनूपशहर। नगर के मंदिरों में राधा रानी का विधी विधान के साथ अभिषेक कर धूमधाम से मनाई राधा अष्टमी। मंदिर में देर रात तक श्रद्धालु राधा रानी के दर्शन करते रहे। श्रद्धालुओं ने माखन मिश्री का भोग लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। रविवार की देर शाम नगर के कलां बाजार, केदारशाह, पवित्रपुरी स्थित बांके बिहारी मंदिर में राधा अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह राधा रानी की प्रतिमा का अभिषेक कर परंपरागत तरीकों से सुंदर पोशाक पहनाकर पूजा-अर्चना की गई। दोपहर में पं. विष्णु दत्त शर्मा ने राधा रानी के आदर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राधा कृष्ण प्रेम के पर्याय हैं। उन्होंने कृष्ण नाम की महिमा से भक्तों को अवगत कराया। शाम को मंदिर परिसर को फूल बंगला व अन्य आकर्षण लाइटों के साथ भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर के पुजारी पं.विष्णु दत्त शर्मा द्वारा श्रद्धालुओं को माखन, मिश्री, पंचामृत व छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर भूपेंद्र शर्मा, अतुल कुमार, अजय गर्ग, नीरज रॉयल, अतुल पारूआ, व्यवस्थाओं में शामिल रहे।

## बरसात में डूब गया पूरा सिस्टम, घरों में घुसा पानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**सड़कें बनी नादियां, 12 साल में पहली वार चंदौसी में ऐसी बारिश, भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए**

चंदौसी। हनुमानगढी भारी बारिश के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यह कॉलोनी जलमग्न हो गईं भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चंदौसी में रविवार से पड़ रही लगातार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया है भारी बारिश के कारण वार्ड नंबर चार के मोहल्ला हनुमानगढ़ी जलमग्न हो गई हैं। और घरों में पानी भर गया हनुमानगढ़ी में लगातार बारिश के चलते , घरों तक पहुंचा गंदा पानी कई परिवार परेशान , निरीक्षण करने पहुंचे नगर पालिका विभाग के जलकल जेई अनुज कुमार , अभी हाल ही में नई सड़कें और नाले का निर्माण हुआ है नगर पालिका द्वारा । मोहल्ले में जलभराव की वजह से लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लोग अपने घरों में फंसे रहे। जब पानी लोगों के घरों में घुसने लगा तो जरूरी समान लेकर लोग अपने घरों से बाहर निकले । चंदौसी में हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है जलभराव की वजह से लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लोग अपने घरों में फंसे रहे । जब पानी लोगों के घरों में घुसने लगा तो जरूरी समान लेकर लोग अपने घरों से बाहर निकले । शहर में पानी भरने की वजह से आवाजाही रुकी रही लोग अपने घर पर ही रहे । वही हनुमानगढ़ी में हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया हैं ।

### जेपी विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण पदक

अनूपशहर। जेपी विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने सीबीएसई एथलेटिक्स क्लस्टर डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने बताया कि सीबीएसई एथलेटिक्स क्लस्टर (2025-26) प्रतियोगिता का आयोजन पैराडाइज पब्लिक स्कूल सैफई इटावा में 29 - 31 अगस्त 2025 तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 400 से अधिक स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे जे पी विद्या मंदिर के 3 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गो में स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता में खिलाड़ी हुविषिका ने अंडर-14 डिस्कस थ्रो में 21.59 मीटर का डिस्कस फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा। साथ ही इस खिलाड़ी ने नेशनल टीम में जगह बनाई। अंडर-19 डिस्कस थ्रो में खिलाड़ी धृतिका ने 29.68 मीटर डिस्कस फेंककर अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ी प्रधी ने शॉट पुट प्रतियोगिता में 8.16 मीटर का गोला फेंककर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय लौटने पर खिलाड़ियों व कोच विवेक वर्मा व टीम मैनेजर ज्योति गुप्ता का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोवंश नीति पर उठ रहे सवाल

## सड़कों पर बेसहारा गौवंश, बन रहे मौत का कारण किसानों की फसलों का भी इनसे हो रहा भारी नुकसान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही ''गौ संरक्षण'' को अपनी प्राथमिकताओं में रखा था।घोषणा की गई थी कि प्रदेश में कोई भी गोवंश बेसहारा नहीं रहेगा।उनके लिए गौशालाएँ बनाई जाएँगी और सरकार चारे-पानी का इंतज़ाम करेगी। इस पर अरबों रुपए खर्च भी किए गए। लेकिन जमी नी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। गाँव से ले कर कस्बों और शहरों तक बेसहारा गोवंश झुंड के झुंड सड़कों और खेतों में घूमते देखे जा सक ते हैं। ये न केवल किसानों की मेहनत की फसलें बर्बाद कर रहे हैं,बल्कि आए दिन सड़क हादसों का कारण भी बनते हैं। ट्रैक्टर मोटर साइकिल और चारपहिया वाहनों से टकराकर अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### सड़कों पर बैठे जानवर दे रहें सच्चाई की गवाही

गोण्डा जिले की हकीकत बयां करती है सड़क किनारे,या फिर पर बैठे बेसहारा पशु झुंड बना कर खड़े गोवंश खेतों को उजाड़ देते हैं और क भी भी हादसों का सबब बन सकते हैं।जिला प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि अधिकारी ''कम्बल ओढ़ कर घी पीने'' की कहावत चरितार्थ कर रहे हैं।दिखावे के लिए छोटी-मोटी कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा लेते हैं,लेकिन जमीनी हालात जस के तस बने हुए हैं।

### गौशालाओं की डरावनी हकीकत

गौशालाओं की हालत और भी भयावह तस्वीर पेश करती है।कई गौशालाओं में न तो चारे का इंतज़ाम है और न ही पीने के पानी का।भीषण गंदगी और लापरवाही के चलते कई गोवंश मौ त के मुंह में जा रहे हैं। मरने के बाद भी उन का सम्मानजनक प्रबंधन नहीं होता।कई बार कुत्ते लाशों को नोच-नोच कर खा जाते हैं।जिन गौ शालाओं को सरकार ने उम्मीद और संरक्षण का प्रतीक बताया था,उनकी स्थिति बेहद दय नीय है।बरसात के दिनों में कीचड़ और गंदगी से हालात बदतर हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरो प है कि ग्राम प्रधान,सचिव,वीडीओ और ब्लॉक प्रमुख मिलकर हर महीने लाखों रुपये की गड़ब ड़ी करते हैं।सूत्र बता रहे है कि कागजों में गायों की संख्या बढ़ाकर सरकार को गुमराह किया जाता है और पैसा ह ड़प लिया जाता है।

### किसानों और राहगिरो की मजबूरी

सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को झेलनी पड़ रही है। साल भर की मेहनत से उगाई गई फस लें रातोंरात इन बेसहारा गोवंश की भेंट चढ़ जाती हैं।मजबूर किसान रात भर जागकर खेतों की रखवाली करते हैं।विरोध करने पर कई बार गाँवों में विवाद और तनाव की स्थिति तक पैदा हो जाती है।किसानों का कहना है कि सरकार ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है और पूरा बोझ जनता पर डाल दिया है।

### सरकार की साख पर धब्बा

योगी सरकार ने गौमाता संरक्षण को अपनी पहचान और संकल्प बताया था।लेकिन आज वही मुद्दा सरकार की साख पर धब्बा बन गया है। विपक्ष इसे ''जुमला'' बताकर हमला कर रहा है और जनता में नाराज़गी लगातार बढ़ रही है।

# फख्र ए हिन्दुस्तान व अदब के जुगनू सम्मान से युवा शायर हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । युवा शायरों कवियों को उनकी साहित्यक गुणों के आधार पर साहित्य जगत में पहचान देने और उनकी प्रतिभा को निखारने में आज बहुत ही नाम मात्र लोग आगे बढ़ कर आते है या कुछ संस्थायें ही बची हैं।फख्र ए हिन्दुस्तान संस्था उन में से एक है। बहराइच में फ़ख्र ए हिन्दुस्तान लखनऊ ने अवध वाटिका साहित्य संस्थान बहराइच के सहयोग से जो साहित्यक कार्यक्रम आयोजित किया है और कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रतिभावान रचनाकारों ने बहुत ही शानदार अंदाज़ में अपनी रचनायें प्रस्तुत की है वह ऐतिहासिक है। उक्त विचार को सेनानी भवन सभागार कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच में फ़ख्र ए हिन्दुस्तान संस्था लखनऊ के कवि सम्मेलन मुशायरा व अदब के जुगनू सम्मान 2025 समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाज सेवी व ईंट निर्माता कल्याण समिति के महामंत्री मोहम्मद अब्दुल्ला ने कही। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे हमारे युवा शायरों व कवियों को ऊर्जा मिलती है और उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है इस प्रकार के आयोजन प्रदेश के हर जनपद में होने चाहिये जिससे कि इस भाग दौड़ की जिन्दगी में साहित्य के प्रति लोगों की रूचि बनी रहे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इरशाद हुसैन राही लखनऊ ने बहराइच के साहित्यकारों पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि बहराइच ने हिन्दी, उर्दू साहित्य में बहुत सराहनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रमेश चंद्र मिश्रा ने फख्र ए हिन्दुस्तान की साहित्यक सेवाओं पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज जिले के दो दर्जन साहित्यकारों को सम्मानित कर बहराइच का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मोहम्मद अब्दुल्ला एवं रमेशचंद्र मिश्र अन्य लोग मौजूद रहे।

# अलंकार सिंह को मिली भौतिकी विषय में पी.एच.डी.की उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा के भैतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में जिहुरामाफ़ी, महसी बहराइच के शोधार्थी अलंकार सिंह को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डॉ,राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।अलंकार सिंह ने '' ए मॉडलिंग एंड सिमुलेशन बेस्ड स्टडी आईएन जीएपी/जीएएस/जीःदी डिज़ाइन पैरामीटर फॉर हाई एफिशिएंट सोलर सेल'' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया।इस शोध में उन्हों ने सौर ऊर्जा सेल की संरचना,कार्यप्रणाली और उनके विभिन्न अनुप्रयोगों का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया है।वायवा-वोस परीक्षा के दौरान शोधार्थी ने विषय पर व्यापक ज्ञान और स्पष्टता का परिचय दिया,जिसे परीक्षकों ने अत्यंत सराहनीय बताया।परीक्षकगणों ने श्री सिंह के शोध को समाज एवं विज्ञान की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र के लिए उप योगी करार दिया।वाईवा वोस परीक्षा के परीक्ष क प्रसिद्ध भौतिक विद,प्रो.राजीव कुमार त्रिपा ठी,प्राचार्य डी.ए.वी. कालेज लखनऊ ने प्रस्तुत शोध कार्य से प्राप्त परिणामों को ऊर्जा के क्षेत्र हेतु जनोपयोगी बताया।शोध निर्देशक प्रो. जितें द्र सिंह ने बताया कि इस शोध परिणाम से सो लर सेल की दक्षता और स्थायित्व बढ़ेगा जिस से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगो को कम कीम त पर बिजली मिलेगी,श्री सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शोध निर्देशक प्रो.जि तेंद्र सिंह,पिता श्री ज्वाला बक्श सिंह,अग्रज हेमं त कुमार सिंह,राजवंत सिंह अखिल प्रताप सिंह किसान महाविद्यालय बहराइच के प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना विभागाध्यक्ष भौतिकी डॉ. किशुनवीर, डॉ आलोक प्रताप सिंह को देते हुए बताया कि मेरे शोध के प्रेरणाश्रोत न्यायाधीश हरेंद्र बहादुर सिंह है,जिन्होंने मुझे इस कार्य के लिए प्रेरित किया।अलंकार सिंह की इस उपलब्धि पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के मंत्री प्रो अमूल्य कुमार सिंह ,श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के पूर्व मुख्य नियंता प्रो ओंकार पाठक ,असिस्टेंट प्रो.फ़ेसर संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ.अवनीश मिश्रा डॉ. देवनारायण पांडेय , शोभित मौर्य ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राई-सरसों बीज मिनीकिट के लिये कर सकते हैं आनलाइन आवेदन

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा जनपद को 3700 पैकेट (74.00 कुन्तल) निःशुल्क राई सरसों बीज मिनीकिट वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अगामी रबी सीजन 2025-26 की बुआई से पूर्व कृषि विभाग के पंजीकृ त कृषको को निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट राई सरसों प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनकर्ता किसानों का आनलाइन लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। चयनित पात्र किसानों को पी.ओ.एस मशीन के माध्यम से राई सरसों बीज मिनीकिट का वितरण किया जाएगा। उन्होनें बताया कि इच्छुक किसान 25 सितम्बर 2025 तक कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट राई-सरसो प्राप्त कर सकते है।

# हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में एसडीएम ने पांच बिंदुओं पर दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में विकासखंड मिहींपुरवा के प्राथमिक विद्यालय कंजीबाग में हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम पूरे उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि की ओर से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से उपजिलाधिकारी का बुके, बैज अलंकरण और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा ने शिक्षकों व छात्रों को हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान के पाँच संकल्पों की शपथ दिलाई। विद्यालय के अनुशासन, व्यवस्था और छात्रों की उपस्थिति की उन्होंने भूरी-भूरी प्रशंसा की। शपथ ग्रहण करवाने के बाद उपजिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों संग बैठकर मिड-डे मील भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मिहींपुरवा के अध्यक्ष सगीर अंसारी ने विद्यालय की रूपरेखा, छात्रों की शैक्षिक प्रगति और अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से उपजिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आसिफ खान, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष गजेंद्र कुमार भारती, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरिओम वर्मा, सहायक अध्यापक शैलेंद्र कुमार, शिक्षामित्र मंजू सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, एसएमसी सदस्य और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# रामसर साइट से जुड़ेगी कोडर झील

## गोंडा को हरा-भरा बनाने का संकल्प, कोडर से शुरू हुआ हरियाली अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। केंद्रीय पर्यावरण एवं विदेश राज्य मंत्री एवं गोंडा के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने उर्फ़ राजा भैयाने तरबगंज विधानसभा में स्थित कोडर गाँव, जो योग के जनक ऋषि पतंजलि की जन्मभूमि है,में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ल्लवृक्षारोपण केवल पर्यावरण की सुरक्षा नहीं है,बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का संक ल्प है।उन्होंने बताया कि ऋषि पतंजलि ने योग के माध्यम से पूरी दुनिया को मनुष्य और प्रकृ ति के संतुलन का संदेश दिया।वृक्षारोपण अभि यान उसी भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है। कीर्तिवर्धन ने कहा कि गोंडा को हरा-भरा बना ने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में यह कदम बेहद अहम है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्था नीय नागरिक, जनप्रतिनिधि,स्कूली बच्चे और युवा शामिल हुए।मंत्री ने युवाओं से आह्वान कि या कि वे ल्लएक पेड़ लगाएँ और उसकी जिम्मेदा री लें।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के रूप में श्री सिंह ने यह भी कहा कि योग और प्रकृति,दोनों ही भारत की सॉफ्ट पावर का हिस्सा हैं। जब हम अपनी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय परंपरा ओं को सहेजते हैं,तो भारत की वैश्विक छवि और भी मजबूत होती है उन्होंने लोगो को इस मौके पर उन्होंने आश्वस्त किया कि कोडर को एक सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।इस अवसर पर उनके साथ महर्षि पतं जलि जन्म भूमि न्यास के आचार्य स्वामी भगव ताचार्य जी महाराज, तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री,गौरा विधा यक प्रभात वर्मा,कर्नलगंज विधायक अजय सिंह भी मौजूद रहे।

# विद्यालयों में लिया गया ''हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान'' पंच प्रण संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर जनपद गोरखपुर व महराजगंज सहित प्रदेश के सभी विद्यालयों में ''हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान'' अभियान के अन्तर्गत पंच प्रण संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोरखपुर से रमेश मणि त्रिपाठी व महराजगंज के जिलाध्यक्ष ऋषि केश गुप्त एवं कार्यक्रम संयोजक अभय दुबे ने बताया कि आज 1 सितम्बर को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा देशभर में पांच लाख विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके अन्तर्गत विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक, कर्मचारियों, विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय को राष्ट्र निर्माण का केन्द्र मानकर विद्यालय संरक्षण, शिक्षा संवर्धन, चरित्र निर्माण का संकल्प लिया गया है।

# न अपराध थम रहा न अपराध की घटनाओं का खुलासा कर पा रही गोण्डा पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। शहरी और ग्रामीण इलाके में आए दिन हो रहीं छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं ने लो गों की बेचैनी बढ़ा दी है।कभी चोरी,कभी लूट, कभी हत्या की घटना को अंजाम देकर बदमाश बड़े आराम से सुरक्षित भाग निकल रहे हैं।इस क्रम में हाल के दिनों में उनका कभी भी पुलिस से आमना-सामना नहीं होता है।हालांकि,घटना के बाद पुलिस जरूर पहुंचती है और छापेमारी होती है।लेकिन बदमाश पकड़े नहीं जाते हैं न ही घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रहा है।पीड़ि त लोगों के अनुसार शहर में कई ऐसे भीड़-भाड़ वाले स्थान हैं,जहां सुरक्षा के लिए कोई बंदोस्त नहीं है।हां,पुलिस को दो पहिया वाहनों जांच करते जरूर देखा जा सकता है।शहर में कई जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं।लेकिनफिर भी चोरियां बढ़ती जा रही हैं।जिला अस्प ताल में आए दिन तीमारदारों की मोटर साइकि ल चोरी हो रही है।सूत्र बता रहे है जब मोटर साइकिल चोरों का पता लगाने की कोशिश की जाती है तो पता चलता है कि अधिकतर सीसीटीबी खराब हैं।इस वजह से पुलिस को कोई खास मदद नहीं मिल पाती।नतीजतन शहरी और ग्रामीण इलाके में लगातार अपराधी घटना ओं को अंजाम दे रहे हैं।

### आरएसएस कार्यकर्ता की मौत मामले में 54 दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के मुजेहना ब्लाक के खंड बौद्धिक प्रमुख अविनाश मिश्रा का शव9 जुलाई को संदिग्ध हालत में उनके घर से चंद कदम की दूरी पर एक बाग में पड़ा हुआ था।अविनाश आठ जुलाई मंगलवार को घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे थे। परिवार के लोग उनकी तलाश किया था लेकिन वह नहीं मिले थे। उसके दूसरे दिन बुधवार को बकरी चरा रही महिलाओं ने शव पड़ा देखा तो शोर मचाया। आसपास जुटे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। जिसमे आरएस एस कार्यकर्ता की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर किया था। एसओजी सहित कुल पांच टीमें मामले की जांच पड़ताल कर रही है लेकिन 54 दिन बीत जाने के बाद भी गोण्डा पुलिस की पांच टीमों के हाथ खाली हैं।

### अष्टधातु की मूर्ति चोरी का खुलासा न होने पर लोगों में गुस्सा

परसपुर थाना क्षेत्र राजमंदिर से अष्टधातु की बेशकीमती तीन मूर्तियां व सिंहासन चोरी होने की वारदात का खुलासा न होने पर लोगों में आक्रोश है।परसपुर थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक राज मंदिर में 16 जुलाई की रात अष्टधातु की लड्डू गोपाल,भगवान राम और लक्ष्मण की मूर्ति यां चोरी हुई थीं,इसके बाद अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने और सीसीटीवी में संदिग्धव्यक्तियों की फोटो कैद होने के बावजूद 46 दिन बीत गया,लेकिन पुलिस अब तक मूर्तियां बरामद नहीं कर पाई।स्थानीय लोग और व्यापा री कई बार पुलिस से मिले,मगर नतीजा शून्य रहा।मूर्ति चोरी का खुलासा न होने से श्रद्धालु ओं और व्यापारियों में गहरा आक्रोश पनप रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस माम ले को गंभीरता से नहीं ले रही जब भी स्थानीय लोग थाने जाते हैंऔर राज मंदिर मूर्ति चोरी कीबात करते हैं तो परसपुर पुलिसकर्मी कहते है दबाव बनाने आए ङ्क कहकर टाल देते हैं। इससे व्यापारियों और समाजसेवियों में असंतोष और गहरा होता जा रहा है।लेकिन 46 दिन बीत जा ने के बाद भी गोंडा पुलिस कि टीमों ने अष्टधातु की चोरी हुई मूर्ति को बरामद नहीं कर सकती है जिससे गोंडा पुलिस पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे है।

### ई-रिक्शा चालक की हत्या खुलासा नहीं

नवाबगंज थाना क्षेत्र में 27 अगस्त को सड़ककिनारे झाड़ियों में फेंक दिया।उमरिया गांव के पण्डित पुरवा मजरे के निकट झाड़ियों से बुध वार की सुबह उसका शव बरामद किया गया।शव के गले में गमछा कसा हुआ मिला जबकि शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने नमून एकत्र किए हैं।ई-रिक्शा चालक के बड़े भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध ह त्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन पांच दिन भी जाने के बाद भी पुलिस हत्या आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।

## वजीरगंज पुलिस ने हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार व आलाकत्ल बरामद



गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहें अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधि कारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस ने हत्या आरोपी छोटे लाल यादव को चडौवा पुल से थोडी दूर पर झि लाही रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।बता ते है कि वादी राम सेवक पुत्र खदेरू यादव नि वासी ग्राम दुर्जनपुर पचूमी थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी कहाँ कि उसकी बहन लाल मनी उर्फ छोटका की शादी करीब तीस वर्ष पूर्व छोटे लाल पुत्र राजाराम यादव नि. ग्राम छोटी गौरिया थाना वजीरगंज के साथ हुई थी,नशे की लत के कारण अपने नाम की जमीन बेंच दिया था और बहन एवं उसके बच्चों के हिस्से की ज मीन को भी बेचने के लिए अकसर झगड़ा कर ता था, 29,अगस्त को वादी की बहन जो घास काटने गई थी उसके पति छोटेलाल ने हंसिया से मार दिया है,जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।वजीरगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्त छोटे लाल यादव को चडौवा पुल से थोडी दूर पर झिलाही रोड के पास से गिरफ्तार किया है,पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायाल य भेजा है।

# इं0 बृजेश द्विवेदी बने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संघर्ष समिति के चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सरयू नहर कॉलोनी निकट इंजीनियरिंग कॉलेज पर की गई जिसकी अध्यक्षता बाढ़ खंड 2 के वरिष्ठ भण्डार पाल राजेश मिश्रा एवं संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा बाढ़ खंड 2 के ई0 बृजेश द्विवेदी को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संघर्ष समिति का चेयरमैन बनाया गया, श्री द्विवेदी के मनोनयन पर रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा की परिषद को एक ऐसा हीरा मिला है जिसकी तलाश हम सबको बहुत दिनों से थी, आपके आने से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद को और बल मिलेगा और हम पहले से भी अधिक ऊर्जा के साथ कर्मचारी हित का कार्य करेंगे। श्री द्विवेदी ने कहा की मैं इस सम्मान से अभिभूत हूं परिषद के प्रांतीय एवं जिला नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर संघर्ष में सदैव आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलूंगा। श्री बृजेश द्विवेदी के इस मनोनयन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष गोविंद जी श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव संरक्षक अशोक पांडेय वरुण वर्मा बैरागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल राजेश मिश्रा अनूप कुमार इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव इजहार अली बंटी श्रीवास्तव महिला मोर्चा की अध्यक्ष विनीता सिंह महामंत्री डॉक्टर सरिता सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीता सिंह कुमुदिनी सिंह अमृता राय आदि नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# टीशर्ट पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

## प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से अतिरिक्त गणवेश का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर । विकासखण्ड भटहट के प्राथमिक विद्यालय सोहसा में सोमवार को प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार और ग्राम प्रधान सत्येंद्र कुमार सिंह के प्रयास से छात्रों को टी-शर्ट वितरण किया गया ।टीशर्ट वितरण का उद्देश्य परिषदीय विद्यालय के छात्र छात्राएं भी कान्वेन्ट स्कूलों की तरह एक अलग गणवेश में दिखें ।बताते चलें कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र छात्राओं के यूनिफार्म ,जूता - मोजा तथा बैग के लिए सरकार डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके अभिभावकों के खोत में 1200 रुपए भेजती है । उनके बाद भी ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक के सहयोग से बच्चों में टी शर्ट का वितरण कराया गया जिससे बच्चों के चेहरों पा मुस्कान देखने को मिली। इस अवसर पर प्रियंका मौर्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूलों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का गूंजा नारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनपद अमेठी के परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों मान्यता प्राप्त एवं निजी कालेज में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का जोर शोर से आयोजन किया गया जिसमें जनपद के शिक्षकों और बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा विद्यालयों व शिक्षकों के मान सम्मान व स्वाभिमान से संबंधित पांच संकल्प विद्यालयों को स्वच्छ व हरित बनाने, विद्यालय के संपदा संसाधन के संरक्षण व विवेक पूर्ण उपयोग, विद्यालय में बिना भेदभाव वातावरण के सीखने और सिखाने के पद पर अग्रसर रहने ,शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण आत्म विकास और समाज सेवा का साधन मानकर तथा विद्यालय को सेवा समर्पण का तीर्थ मानते हुये उसका गौरव बढ़ाने के लिये सतत रूप से प्रयत्नशील रहने संबंधी कुल पांच शपथ शिक्षकों व बच्चों के द्वारा संकल्प रूप में लिया गया साथ ही सभी ने यह संकल्प लिया कि हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है।कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु जनपद के अधिकांश शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र अनुदेशकों आदि ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। विकास क्षेत्र सिंहपुर में तीन सौ सत्रह शिक्षकों व दस हजार सात सौ साठ बच्चों ने पंच प्रण की शपथ ग्रहण किया। जनपद के कुल एक हजार तिहत्तर विद्यालयों के तीन हजार चार सौ इक्यावन शिक्षक व पचहत्तर हजार आठ सौ चौवन बच्चों ने पंच संकल्प लिया। तिलोई के खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने ब्लाक संसाधन केन्द्र के सभागार में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई।इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों विद्यार्थियों के साथ ही समाज में भी विद्यालयों के प्रति स्वाभिमान एवं जिम्मेदारी की भावना का जागरण हुआ। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों,अभिभावकों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना किया।इस कार्यक्रम का असर आगामी समय में विभिन्न शिक्षक हित के रूप में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की सफलता पर जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला, धीरेंद्र प्रताप सिंह बघेल, सत्येन्द्र तिवारी,सचिन श्रीवास्तव, संतोष तिवारी,अमित पाण्डेय, प्रवीण मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय,अंकित, प्रमोद तिवारी सहित अन्य तमाम लोगों ने आभार जताया है।

# नवविवाहिता का शव नदी में मिलने से फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## शुकुल बाजार पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाय मामले को सुलह समझौता कराने में जुटी

शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव पूरे महावीर मजरे मकदूमपुर कला की रहने वाली एक नवविवाहिता की गोमती नदी में डूबने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है।नव विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर गम्भीर आरोप लगाया है। नव विवाहिता का शव नदी में मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाते हुये पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे महावीर मजरे मकदूमपुर कला गांव राम नेवल की सुपुत्री आस्था उम्र अठारह वर्ष ने बीते माह लव मैरिज कर एक मंदिर में गांव के ही एक युवक संग विवाह रचाया था। प्रेम विवाह के उपरांत आस्था अपनी ससुराल में ही रह रही थी। सोमवार की सुबह नव विवाहिता अपने घर से शौच के लिये गई थी लेकिन जब वापस नही लौटी तो परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की जाने लगी लेकिन कोई सुराग नही लग सका।इसी बीच गांव के पास से गुजरने वाली गोमती नदी में डूबने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को ढूंढने के लिये गोताखोरों को बुलवाया गया।गोताखोरों द्वारा करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत करने के बाद मृतक युवती का शव नदी से बरामद कर लिया गया है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर गम्भीर आरोप लगाया है लेकिन स्थानीय पुलिस उक्त मामले को सुलह समझौता कराने में लगी रही। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद अभियोग दर्ज किया जायेगा।

## अष्टमी पर जगह जगह भंडारे का आयोजन हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण, भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में राधा अष्टमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया राघव माधव मन्दिर सहित अन्य मन्दिरों में सुबह से श्री राधा रानी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई आपको बता दे हिंदू धर्म में राधा अष्टमी की अत्यधिक मान्यता होती है ऐसे में यहां जानिए आज राधा अष्टमी पर पूजा के लिए राधा रानी को किस तरह तैयार कर सकते हैं हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर राधा अष्टमी मनाई जाती है.राधा अष्टमी के पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है. मान्यतानुसार इसी दिन राधा रानी का जन्म हुआ था।राधा रानी के जन्मोत्सव पर मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन होता है, राधा रानी को सजाया जाता है।भजन-कीर्तन और जागरण आदि किया जाता है और भंडारा कर भूखों का पेट भरा जाता है इस दिन खासतौर से भक्त राधा रानी के मंदिर दर्शन करने जाते हैं.भक्त व्रत रखकर पूरे मनोभाव से राधा अष्टमी की पूजा भी करते हैं मंदिर परिसर में पूरे दिन भजन-कीर्तन और आरती का कार्यक्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखते हुए पूजा-अर्चना की। राधा-कृष्ण के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया सभी उम्र के लोगों ने एक साथ इस पावन पर्व का आनंद लिया भंडारा आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना है।

## एसपी ने गालीबाज दरोगा को किया लाइन हाजिर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने थाना जामो की पुलिस चौकी गोरियाबाद के चौकी प्रभारी द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर बाइक सवार युवकों से गाली गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के साथ ही साथ जूता मार दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। थाना जामो क्षेत्र की पुलिस चौकी गोरियाबाद के चौकी प्रभारी द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर बाइक सवार युवकों के साथ गाली गलौज जान से मारने की धमकी और मनबढ़ दरोगा द्वारा जूता मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ जिसमें अमेठी पुलिस की खूब किरकिरी भी हुई। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत कई सम्भ्रांत नागरिकों ने पुलिस की इस कार्यशैली की कड़े स्वर में निंदा भी की थी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने रविवार की देर रात मनबढ़ जूता बाज दरोगा के खिलाफ प्रारम्भिक जांच पड़ताल कराई जिसमें दरोगा जी को दोषी पाये जाने पर लाइन हाजिर कर दिया गया है। बताते चलें कि जनपद अमेठी के अन्य कई थानों में ऐसे दर्जनों पुलिस कर्मी तैनात हैं जिनके द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर सम्भ्रांत नागरिकों से अभद्रता की जाती है अब देखना यह है कि उन पर आला अधिकारियों की नजरें कब पहुंचती हैं फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

## शास्त्री नगर में बाढ़ से जनता त्राहि-त्राहि, अधिकारी और जनप्रतिनिधि बने मूकदर्शक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के शास्त्री नगर गांव में बाढ़ का पानी ग्रामीणों के लिए बड़ी आफ़त बन गया है। घरों में पानी घुस जाने से लोग बेघर जैसे हालात से गुजर रहे हैं। पशुओं के लिए चारा खत्म हो गया है। बच्चे पढ़ाई से दूर हो गए हैं और महिलाओं को रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चारों ओर पानी फैला होने से बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। ग्रामीणों का दर्द यह है। कि अधिकारी केवल निरीक्षण कर आश्वासन देकर लौट जाते हैं।लेकिन राहत और बचाव के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे। इससे गांव वालों में गहरा आक्रोश है। और भी दुखद यह है। कि अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने गांव आकर लोगों की सुध लेने की ज़रूरत नहीं समझी।गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि संकट की घड़ी में वे पूरी तरह से बेसहारा हो गए हैं।

## चाकू के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर पुलिस ने एक अदद अवैध चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पूरनपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।कस्बा चौकी इंचार्ज अरुण सिंह ने बताया कि 30 अगस्त को वह हमराही हेड कांस्टेबल संजू व रोशन लाल के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। पिपरिया से शेरपुर मार्ग पर बाग के पहले एक व्यक्ति के पास अवैध चाकू होने की सूचना मिली मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करके उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अरबाज खान पुत्र गुड्डू खान वार्ड निवासी 15 इस्लाम नगर शेरपुर ग्राम के रूप में हुई है।

## डीएम ने मंत्री के साथ किया क्षेत्र का निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उत्तर प्रदेश शासन संजय सिंह गंगवार के साथ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद में हो रही अत्याधिक बारिश के दृष्टिगत शहर के पीलीभीत बैंकट हॉल,ओमलान सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को जल निकासी हेतु प्रबंध किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिला अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित है।

## टावर से केबिल कार्ड सहित अन्य सामान चोरी मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के नारायनपुर कॉलोनी में एक मोबाइल टावर पर कुछ लोगों ने चोरी की चोरों ने केबिल और कार्ड ले गए। टेक्नीशियन ने पुलिस में शिकायत दी तहरीर में कहा है कि दो जुलाई को दोपहर करीब तीन बजकर पचास मिनट पर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया जिसकी शिकायत 112 डायल पर भी की थी चोरी के समय पर वह किसी कार्य से बाहर गया हुआ था।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे छात्रा की मौत, अंतिम संस्कार से इंकार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुड़वार थाना अंतर्गत बहलोलपुर गांव में एक बीए छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने खुलासा नहीं होने तक शव के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया है। पंडित राम केदार नाथ पीजी कॉलेज की छात्रा शिखा गुप्ता कल शाम फोटोकॉपी कराने के लिए साइकिल से निकली थी। रात 7 बजे तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। आज सुबह 6 बजे शिखा का शव घर से मात्र 80 मीटर दूर एक पेड़ से लटका मिला। उसकी साइकिल अभी तक नहीं मिली है। शिखा अपने परिवार की इकलौती बेटी थी। उसके परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वह शांत स्वभाव की छात्रा थी। परिवार का आरोप है कि किसी ने हत्या करके शव को पेड़ से लटकाया है। कोतवाल अमित कुमार मिश्रा के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। परिवार ने कहा है कि जब तक मामले का खुलासा नहीं होगा, अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

# लगातार हर संभव सहायता के लिए तैयार ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार उच्च अधिकारियों से की दूरभाष पर वार्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकास खंड क्षेत्र के गांव नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने शारदा नदी के उफान से प्रभावित ग्रामीणों की मदद के लिए कदम उठाए हैं। लगातार बारिश के कारण नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जिससे लोगों के घरों में पानी भर गया है और फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने राजस्व टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और नुकसान का आकलन किया हैं। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। ग्राम प्रधान और उनके साथी ग्रामीणों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार की पहल से प्रभावित ग्रामीणों को राहत मिल रही है। और उन्हें अपने नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी। उनकी इस पहल की सराहना की जा रही है और ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने समुदाय का नेतृत्व किया और प्रभावित ग्रामीणों की मदद के लिए कदम उठाए।उन्होंने राजस्व टीम के साथ समन्वय किया और नुकसान का आकलन कराने के लिए निरीक्षण किया है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने ग्रामीणों को सहायता और समर्थन प्रदान किया और उन्हें अपने नुकसान की भरपाई करने में मदद की है।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार की इस पहल से प्रभावित ग्रामीणों को राहत मिल रही है और उन्हें अपने नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी आपको बता दे ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार लगातार बाढ़ के समय ग्रामीणों के साथ नजर आते हैं। पूर्व में भी आई बाढ़ में भी ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने लेखपाल के साथ नाव पर बैठकर बाढ़ में फंसे लोगों तक मदद पहुंचाई थी।

# अमेठी जनपद के एक सौ इकतीस गांवों में बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## डीएम ने अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर की समीक्षा बैठक

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि प्रथम चरण में जनपद में कुल एक सौ इकतीस अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाना है। इनमें से एक सौ एक भवनों के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर प्रस्ताव संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है जबकि उनतीस ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव आना शेष है। उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा स्थल चयन की बैठकें की जा चुकी हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जहां भूमि उपलब्ध हो चुकी है वहां के प्रस्ताव तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराये जाय और जहां भूमि चिन्हांकित नहीं हुई है वहां निर्विवाद भूमि सुनिश्चित कराई जाय। जिलाधिकारी संजय चौहान ने यह भी कहा कि भूमि का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाय कि वहां तक ट्रक आदि आसानी से पहुंच सकें जिससे राशन ट्रक के माध्यम से अन्नपूर्णा भवनों तक खाद्यान्न की आपूर्ति सुचारु रूप से हो सके। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि अब तक सरकारी राशन की दुकानें कोटेदारों के निजी आवास/घरों से संचालित होती थी जहां तक ट्रक की पहुंच आसान नहीं होती थी। इससे खाद्यान्न आपूर्ति में बाधा एवं गड़बड़ी की शिकायतें सामने आती थी। शासन के निर्णय अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण से राशन आपूर्ति सुगम होगी और लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा।

## तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी का हुआ ट्रांसफर अधिवक्ताओं ने मनाई खुशी वितरण की मिठाई

पूरनपुर। तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार का स्थानांतरण होने पर खुशी मनाते हुए मिठाई बांटी पूरनपुर तहसील में तहसीलदार और वकीलों के बीच विवाद के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी को पूरनपुर से हटाकर बीसलपुर तहसील भेज दिया है। उनकी जगह बीसलपुर के तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को पूरनपुर का नया तहसीलदार बनाया गया है। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक में वकीलों ने तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना के नेतृत्व में वकीलों ने तहसील कार्यालय में प्रदर्शन किया। वकीलों का आरोप था कि तहसील कार्यालय में दुकानदारों और अन्य लोगों से अनियमित वसूली की जा रही है। जिलाधिकारी ने वकीलों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की हैं।उन्होंने कहा कि प्रशासन भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रदेश और देश की राजधानी के लिए नियमित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## ट्रेन संचालन के लिए व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पुरनपुर पीलीभीत के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में भारी संख्या में व्यापारियों ने पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर पूरनपुर को सौंपा जिसमें रेल मंत्री को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कहा कि पूरनपुर से लखनऊ वाया पूरनपुर बरेली दिल्ली के लिए नियमित ट्रेन संचालन चालू किया जाए साथ ही माधौटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए जिससे कि व्यापारियों का व्यापार बढ़ सके साथ ही आम जनता को दिल्ली बरेली जाने की समस्या का निराकरण हो सके जनप्रतिनिधियों से मांग है। कि शीघ्र से शीघ्र ही ट्रेन का संचालन शुरू करवाए। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से परवेज खा जिला उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल,रवि जायसवाल मंत्री, जफर अली, नितिन वर्मा, बृजेश शुक्ला, दीपक गुप्ता, सुनील मिश्रा, श्याम सिंह, शानू कुरैशी, शान मोहम्मद, अनुराग दीक्षित, मोनू ,आसिफ अंसारी, कारज सिंह, सोनू सिंह, आसिफ खान, कासिम खान, विकास मिश्रा अनादि, विशाल वर्मा, त्रिभुवन शर्मा, अनुज गुप्ता सभासद ,अवनीश श्रीवास्तव ,अक्कू गुप्ता, सचिन जयसवाल, डॉक्टर उमाशंकर,संजय गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, सुभाष गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजीव यादव,मोहम्मद हसन, अंकित अग्रवाल, रिजवी सिद्दीकी ,हसमत अली कादरी,मोहम्मद एजाज, सोनू वर्मा, युसूफ अली, राहत शेरी, दानिश मंसूरी ,बजी मंसूरी ,वाहिद हुसैन, सुनील वर्मा, साबिर हुसैन सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे हैं।

## जन्मदिन पार्टी के बहाने नाई से कराया बैनामा

सुल्तानपुर। गोसाईंगंज थाना अंतर्गत कसमऊ पकड़ीपुर के नाई अताउल्ला के साथ जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। अताउल्ला कटका बाजार में नाई की दुकान चलाते हैं। 6 अप्रैल को उनके दो ग्राहक मोहम्मद तहसीन और जुनैद अहमद जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर उन्हें हुसैनगंज इनायतपुर ले गए। वहां पहले से मौजूद मोहम्मद तसरीफ, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद ताबिस, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद दानिश और मोहम्मद कामरान ने अताउल्ला को पकड़ लिया। आरोपियों ने उन्हें जबरन शराब पिलाई और विरोध करने पर मारपीट की। कनपटी पर हथियार लगाकर एक स्कॉर्पियो में बैठाया और सदर तहसील ले गए। आरोपियों ने जबरदस्ती अताउल्लाह का अंगूठा पेपर पर लगवा लिया। अनपढ़ होने के कारण वह दस्तावेज नहीं पढ़ पाए। इसके बाद आरोपी उन्हें एसबीआई बैंक ले गए। वहां एक चेक पर अंगूठा लगवाया और पैसे निकालकर वीडियो बनाया। बाद में पैसे वापस ले लिए और जान से मारने की धमकी दी। अगले दिन जब पीड़ित के परिवार वालों ने तहसील से रजिस्ट्री की कॉपी निकलवाई, तो पता चला कि रजिस्ट्री में 2 लाख रुपये नकद और 1 लाख रुपये का चेक दिखाया गया है।

# ई-रिसोर्सेस प्रशिक्षण वर्कशॉप का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा नवागत छात्राओं को रिसोर्सेज की सुविधा का सफलतम उपयोग कर सकने हेतु एक वर्कशॉप का आयोजन का आज शुभारंभ हुआ जो 11 सितंबर तक चलेगा प्रतिवर्ष की तरह संस्थान के छात्रों को प्रशिक्षित करवाना जिससे इलेक्ट्रॉनिक पाठय सामग्री के उपयोग मे दक्षता हासिल हों जिससे वह प्रिंट सामग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा जो बुक्स जर्नल्स आर्टिकल्स शोध पत्र संस्थान द्वारा सब्सक्राइब किए गए अथवा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निशुल्क रूप में छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है उसका सफलता के साथ उपयोग वह कर सकते हैं इस हेतु काफी पहले से संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह( विधायक सुल्तानपुर) ने निर्देश दिया था कि बदलते परिवेश में तकनीकी माध्यम से जो सुविधा छात्राओं और शिक्षकों को मिलनी चाहिए उनको इस हेतु प्रशिक्षित करें जिससे वह इसका उपयोग कर अपनी जानकारी को और समृद्ध कर सकें यही मंतव्य हमारे श्रद्धेय प्राचार्य प्रो. डॉ.आलोक कुमार सिंह और पुस्तकालय समिति का भी रहा है संस्थान प्राचार्य ने आज इसका शुभारंभ किया इसकी उपयोगिता और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता में इसकी उपयोगिता को छात्रों से साझा किया पुस्तकालय ने संस्थान की ही तरह प्रदेश में सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है। कमला नेहरू संस्थान, पुस्तकालय विज्ञान का कोर्स भी 2025 से शुरू कर दिया है जिसका उद्देश्य जनपद और जनपद के बाहर पुस्तकालयों में अपने छात्रों को सेवा करने हेतु दक्ष बनाना और रोजगार का अवसर शुल्क करना है प्रशिक्षित छात्रों को ई-सर्टिफिकेट वर्कशॉप का दिया जाएगा इस अवसर पर उप प्राचार्य एवं पुस्तकालय समिति के समन्वय डॉक्टर शक्ति सिंह,मुख्यअनुशासता डॉ सुधांशु प्रताप सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ.अतुल सिंह , पुस्तकालय के प्रवक्ता डॉ.विश्वदीप खरवार, विजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहिद, सुधीर कुमार सिंह, कोमल सिंह, प्रहर्ष मिश्रा, दीपक वर्मा ,विकास राव, कपिल यादव, रहे हैं।

# लापता सांसद के लिए राष्ट्रपति को देंगे ज्ञापन एव पुलिस में रिपोर्ट होगी दर्ज : ओमप्रकाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। चुनाव जीतने के बाद संसद द्वारा लोकसभा क्षेत्र में ना तो प्रतिनिधि बनाना और ना ही स्थाई कार्यालय खोलने का मामला बेहद गंभीर है। सुल्तानपुर में पहली बार समाजवादी पार्टी का निषाद समाज से राम भुवाल निषाद हुए हैं सांसद। हम इनका स्वागत करते हैं किंतु एक वर्ष से अधिक हो जाने के बावजूद न कार्यालय और न ही प्रतिनिधिना होना और खुद भी लापता रहना जनता के साथ धोखा एवं छलावा का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उत्तर प्रदेश ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा जनहित में हमने इस स्थिति का विरोध किया एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन 22 अगस्त को सिटी मजिस्ट्रेट को दिया जिसमें इस बात की मांग की गई की। 10 दिन में कार्यालय एवं प्रतिनिधि न होने पर प्रबल विरोध एवं आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा दुखद बात यह है कि 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी ना तो स्थाई कार्यालय खुला और ना ही प्रतिनिधि की नियुक्ति हुई अतः बाध्य होकर कल 2 सितंबर को महामहिम राष्ट्रपति महोदया संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी सुल्तानपुर के द्वारा प्रेषित किया जाएगा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रार्थना पत्र देकर लापता सांसद प्रतिनिधि एवं कार्यालय खोजवाने की मांग भी की जाएगी जिसका दायित्व संबंधितों पर ही होगा।

# स्त्रियों को शास्त्रकार बनाने हेतु विनोबा भावे का संकल्प

1951 में भूदान यज्ञ कार्य शुरू हुआ। विनोबा जी की पदयात्राओं में देशभर से बहुत महिलाएं शामिल हुईं। 1960 में असम में विनोबा की पदयात्रा डेढ़ साल चली। वहां भूदान, ग्रामदान का मुख्य काम स्त्री शक्ति के आधार से चला। पवनार आश्रम के संचालक गौतम बजाज के मुताबिक, विनोबा मानते थे कि बहनों के लिए शास्त्रकार होना और ब्रह्म विद्या के क्षेत्र में आगे बढ़ना जरूरी है। महाराष्ट्र के वर्धा में स्थित पवनार आश्रम यानी ब्रह्म विद्या मंदिर भूदान आंदोलन से जुड़ा है। इसे विनोबा भावे ने उन महिलाओं के लिए स्थापित किया था, जो आध्यात्मिक जीवन जीना चाहती थीं। पवनार आश्रम में ब्रह्म विद्या मंदिर की साल 1959 में शुरुआत हुई। करीब एक दशक विनोबा पदयात्राओं में रहे। वे साल 1970 में फिर पवनार आश्रम आ गये व अंतिम समय तक यहीं रहे। पवनार आश्रम में व लंबी यात्राओं के दौरान विनोबा के सान्निध्य में रहे थे गौतम बजाज। जिन्होंने अपना जीवन विनोबा भावे के विचारों को समर्पित कर दिया है। वही अब पवनार आश्रम के संचालक हैं। ब्रह्म विद्या मंदिर की स्थापना व विनोबा की यात्राओं को लेकर गौतम बजाज से कृपाशंकर चौबे की बातचीत। पवनार आश्रम यानी ब्रह्म विद्या मंदिर की स्थापना व मकसद के बारे में गौतम बजाज ने बताया कि विनोबा जी का यह आश्रम तो 1938 से ही शुरू हो चुका था। विनोबा जी 1938 में यहां रहने के लिए आए। उन्होंने 1951 में भूदान यज्ञ का कार्य शुरू किया। उनकी पदयात्राएं देश भर में हुईं। उस यज्ञ में बहुत सी बहनें अपना कॉलेज, कैरियर, नौकरी सब छोड़कर शामिल हुईं। केरल से लेकर असम तक की बहनें इसमें साथ आयीं। विनोबा जी एक बात बार-बार कहते थे कि अब बहनों को भी ब्रह्म विद्या के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। हमारे यहां बहुत संत बहनें हुई हैं। मीराबाई हैं, आंडाल हैं, ऐसे कई नाम हैं। विनोबा जी मानते थे कि बहनों के लिए शास्त्रकार होना और ब्रह्म विद्या के क्षेत्र में आगे बढ़ना बहुत जरूरी है। नहीं तो हमारे शास्त्र एकांगी रह जाएंगे। उनका यह भी कहना था कि हमको जो भी काम करना है- चाहे ग्राम सेवा का काम हो, खादी का काम या रुग्ण सेवा का- इन सब कामों के पीछे हमारी आध्यात्मिक निष्ठा होनी चाहिए। उसके बिना ये सारे अच्छे काम शून्यवत हो जाएंगे। इसलिए बहनों को आगे आना चाहिए। कई बहनें विनोबा जी से मिलती रहीं जिनको ब्रह्म विद्या की लालसा थी। विनोबा जी ने कहा कि ब्रह्म विद्या मंदिर में वे बहनें ही आएंगी जिनमें ब्रह्म विद्या की उपासना की इच्छा और सामाजिक क्रांति की भी तमन्ना हो। ऐसी कई बहनें जब तैयार हुईं तब विनोबा जी की पदयात्रा चल रही थी। राजस्थान के सीकर जिले के गांव काशी का बास जो जमुनालाल बजाज का जन्म स्थान है, वहां वर्ष 1959 में विनोबा जी ने ब्रह्म विद्या मंदिर की स्थापना की घोषणा की। गौतम बजाज ब्रह्मविद्या मंदिर के आरंभ के बारे में बताते हैं कि ब्रह्म विद्या मंदिर की स्थापना की घोषणा के उपरांत विनोबा जी की प्रेरणा से जो बहनें ब्रह्मविद्या के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती थीं, वे अलग-अलग प्रांतों में पवनार आईं। कुछ बहनें कर्नाटक, कुछ बंगाल व कुछ गुजरात से तो कुछ केरल से थीं। दरअसल 25 मार्च 1959 को ब्रह्मविद्या मंदिर का स्थापना दिवस माना जाता है। इसी दिन विनोबा जी 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा' कह कर यह घर छोड़ कर निकल पड़े थे। बहनें जब यहां आईं तब विनोबा जी यहां नहीं थे। विनोबा जी से पत्र व्यवहार द्वारा बहनें मार्गदर्शन लेती रहीं। कुछ बहनें कभी-कभी उनको यात्रा में मिलने जाती थीं। वहां बात होती थी। तब राजस्थान के बाद पंजाब व फिर जम्मू कश्मीर में विनोबा जी की यात्रा चली। इसके बाद उत्तर प्रदेश होते हुए वे 1960 में चंबल क्षेत्र में भी पहुंचे। वहां से यात्रा करके विनोबा जी इंदौर गए और फिर इंदौर से वे असम की तरफ निकले।

# एडेड डिग्री कॉलेज के शिक्षक बीमार नहीं पड़ते?

मौ. सुलेमान

शिक्षा किसी भी समाज की आत्मा है और शिक्षक उसकी धड़कन। यदि शिक्षक स्वस्थ, संतुलित और सम्मानजनक परिस्थितियों में कार्य करेगा तो शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। किंतु विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश के अनुदानित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षक आज एक ऐसे भेदभाव के शिकार हैं, जिसने न केवल उनकी मानसिक शांति को प्रभावित किया है, बल्कि सेवा-समता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मामला चिकित्सा अवकाश का है। बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षक और अन्य सभी विभागों चाहे वह सचिवालय हो, न्यायपालिका हो, पुलिस हो या प्रशासनिक सेवाएँ सभी के अधिकारी-कर्मचारी 365 दिन तक पूर्ण वेतन सहित चिकित्सा अवकाश के पात्र हैं। लेकिन अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों से यह अधिकार छीन लिया गया है। जब अनुदानित महाविद्यालयों का कोई शिक्षक बीमारी की स्थिति में चिकित्सा अवकाश का आवेदन करता है, तो उसे यह कहकर अस्वीकार कर दिया जाता है कि चिकित्सा अवकाश अब समाप्त कर दिया गया है।

**पूर्व में अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को पूरे सेवाकाल में 365 दिन का पूर्ण वेतन सहित चिकित्सा अवकाश उपलब्ध था। यह सुविधा सामाजिक सुरक्षा और मानवीय गरिमा का आधार थी, जिससे गंभीर रोगों या शल्य चिकित्सा जैसी परिस्थितियों में शिक्षक बिना आर्थिक संकट के इलाज करा सकता था। इसके अतिरिक्त 180 दिन का अर्धवेतन चिकित्सा अवकाश भी अनुमन्य था। किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उक्त व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया और अब उसके स्थान पर मात्र 240 दिन का परिवर्तित अवकाश अनुमन्य किया गया वह भी अर्धवेतन के साथ। इसका व्यावहारिक अर्थ यह है कि शिक्षक अपने पूरे सेवाकाल में स्वास्थ्य कारणवश केवल 120 दिन ही पूर्ण वेतन सहित अवकाश ले सकता है। यह न केवल असंगत है, बल्कि शिक्षकीय गरिमा, स्वास्थ्य अधिकार और सेवा समता न्याय के सिद्धांत के भी प्रतिकूल है। सरकार इस स्थिति का आधार यूजीसी रेगुलेशन 2018 को बताती है। किंतु यहाँ सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि इन विनियमों को उत्तर प्रदेश सरकार ने आंशिक रूप से ही स्वीकार किया है। इन विनियमों में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष करने का उल्लेख है, परंतु अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया गया। पितृत्व अवकाश और अन्य सकारात्मक प्रावधान भी लागू नहीं किए गए। किंतु जहाँ तक चिकित्सा अवकाश समाप्त करने की बात है, उसे तुरंत लागू कर दिया गया। प्रश्न उठता है कि यदि यूजीसी रेगुलेशन को पूरी तरह नहीं अपनाया गया, तो केवल हानिकारक प्रावधान ही क्यों लागू किए गए? क्या यह चयनात्मकता तर्कसंगत है? क्या यह सेवा-समता और प्राकृतिक न्याय की अवधारणा के अनुरूप है? यह स्थिति शिक्षकों के मन में गहरे प्रश्न पैदा करती है ।**

## क्या है मामला?

पूर्व में अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को पूरे सेवाकाल में 365 दिन का पूर्ण वेतन सहित चिकित्सा अवकाश उपलब्ध था। यह सुविधा सामाजिक सुरक्षा और मानवीय गरिमा का आधार थी, जिससे गंभीर रोगों या शल्य चिकित्सा जैसी परिस्थितियों में शिक्षक बिना आर्थिक संकट के इलाज करा सकता था। इसके अतिरिक्त 180 दिन का अर्धवेतन चिकित्सा अवकाश भी अनुमन्य था। किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उक्त व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया और अब उसके स्थान पर मात्र 240 दिन का परिवर्तित अवकाश अनुमन्य किया गया वह भी अर्धवेतन के साथ। इसका व्यावहारिक अर्थ यह है कि शिक्षक अपने पूरे सेवाकाल में स्वास्थ्य कारणवश केवल 120 दिन ही पूर्ण वेतन सहित अवकाश ले सकता है। यह न केवल असंगत है, बल्कि शिक्षकीय गरिमा, स्वास्थ्य अधिकार और सेवा समता न्याय के सिद्धांत के भी प्रतिकूल है।

## समस्या की जड़ और विरोधाभास

सरकार इस स्थिति का आधार यूजीसी रेगुलेशन 2018 को बताती है। किंतु यहाँ सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि इन विनियमों को उत्तर प्रदेश सरकार ने आंशिक रूप से ही स्वीकार किया है। इन विनियमों में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष करने का उल्लेख है, परंतु अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया गया। पितृत्व अवकाश और अन्य सकारात्मक प्रावधान भी लागू नहीं किए गए। किंतु जहाँ तक चिकित्सा अवकाश समाप्त करने की बात है, उसे तुरंत लागू कर दिया गया।

प्रश्न उठता है कि यदि यूजीसी रेगुलेशन को पूरी तरह नहीं अपनाया गया, तो केवल हानिकारक प्रावधान ही क्यों लागू किए गए? क्या यह चयनात्मकता तर्कसंगत है? क्या यह सेवा-समता और प्राकृतिक न्याय की अवधारणा के अनुरूप है?

## क्या शिक्षक इंसान नहीं?

यह स्थिति शिक्षकों के मन में गहरे प्रश्न पैदा करती है । क्या अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक इंसान नहीं हैं? क्या उनका शरीर लोहे का बना हुआ है कि बीमारी उन्हें छू नहीं सकती? जब अन्य सभी विभागों और शिक्षण संस्थानों में चिकित्सा अवकाश की सुविधा उपलब्ध है, तो केवल इस वर्ग को वंचित क्यों किया गया? बीमारी की स्थिति में वेतन कटना, महीनों तक वेतन रुकना या अर्ध वेतन पर इलाज कराना यह केवल आर्थिक बोझ नहीं है, बल्कि मानसिक शोषण भी है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि एक बीमार और परेशान शिक्षक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दे सकता।

## पहले सुविधा थी, अब क्यों छीनी गई?

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को पहले यह सुविधा प्राप्त थी। जब यह सुविधा पहले मिल रही थी, तो फिर उसे समाप्त करने का औचित्य क्या है? यदि अन्य सभी विभागों और शिक्षण संस्थानों में यह सुविधा आज भी मौजूद है, तो केवल एक वर्ग से इसे छीन लेने का कारण क्या है? यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) की भावना के भी प्रतिकूल है। समान कार्य करने वाले व्यक्तियों के साथ असमान व्यवहार करना सेवा-समता का सीधा उल्लंघन है।

## सामूहिक पीड़ा और साझा जिम्मेदारी

यह समस्या किसी एक शिक्षक या एक पीढ़ी की नहीं है। चाहे वरिष्ठ हों या कनिष्ठ, पुरानी पेंशन वाले हों या नई पेंशन वाले हर आयु-वर्ग और हर महाविद्यालय का शिक्षक इस भेदभाव का शिकार है। बीमारी की स्थिति में वेतन कटने की चिंता और अर्धवेतन पर इलाज की विवशता शिक्षकों को मानसिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर तोड़ देती है। यह केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न भी है।

## क्या है इसका प्रभाव?

चिकित्सा अवकाश की यह भेदभावपूर्ण नीति शिक्षकों को मानसिक, आर्थिक और शारीरिक संकटों में धकेलती है। वे गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी अवकाश लेने से कतराते हैं, क्योंकि वेतन कटने से इलाज का खर्च निकालना कठिन हो जाता है। नतीजा यह होता है कि वे बीमारी की हालत में भी कक्षा में उपस्थित होते हैं इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता घटती है, बल्कि विद्यार्थियों की गुणवत्ता और शिक्षा का स्तर भी प्रभावित होता है।

## आगे की राह : सरकार से अपेक्षित कदम

अब आवश्यकता है कि सरकार इस विषय को केवल अवकाश का प्रश्न न समझे, बल्कि इसे स्वास्थ्य, समानता और मानव गरिमा का प्रश्न माने। यदि यूजीसी रेगुलेशन को लागू करना है तो उसे पूर्ण रूप से अपनाया जाए, न कि केवल चयनात्मक रूप से हानिकारक प्रावधान। शिक्षक समाज की ओर से अपेक्षाएँ स्पष्ट हैं कि चिकित्सा अवकाश की सुविधा तत्काल प्रभाव से पूर्ववत (365 दिन पूर्ण वेतन सहित) बहाल की जाए।।सभी विभागों और शिक्षण संस्थानों में अवकाश की समान नीति लागू की जाए, ताकि सेवा-समता का सिद्धांत सुरक्षित रहे। सरकार शिक्षकों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करे और उनकी वास्तविक समस्याओं को समझकर समाधान निकाले। अन्य राज्यों और विश्वविद्यालयों की श्रेष्ठ नीतियों का अध्ययन कर उन्हें उत्तर प्रदेश में लागू किया जाए। शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला कर्मचारी नहीं है; वह समाज की चेतना और विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माता होता है। जब वही शिक्षक बीमारी के समय सम्मान और सुरक्षा से वंचित हो, तो यह न केवल उसके अधिकारों का हनन है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र पर आघात है। हमारा निवेदन है कि सरकार इस मुद्दे को तात्कालिक प्रशासनिक निर्णय न समझे, बल्कि इसे एक मानवाधिकार और संवैधानिक समानता का प्रश्न माने। हमारी अपेक्षा केवल इतनी है कि हमें वही सुविधा दी जाए, जो अन्य विभागों और शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को पहले से प्राप्त है।

(लेखक असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हैं)

# मिनरल वाटर के नाम पर हो रही खुली लूट

सुभाष आनंद

**भारत में लगभग सभी कम्पनियां बंद बोतल के पानी के ऊपर मिनरल वाटर का स्टीकर लगाकर लोगों को खुलेआम लूट रही है। सेवानिवृत्त खाद्य कंट्रोलर कंवलप्रीत सिंह का कहना है कि भारत में बंद बोतलों में बेचा जाने वाला पानी मिनरल वाटर न होकर संशोधित या प्रोसेस्ड पानी है।**

हाल के वर्षों तक भारत में मिनरल वाटर का प्रयोग सिर्फ अपनी सेहत के प्रति जागरुक एवं अमीर लोग ही किया करते थे। अब स्थिति ऐसी नहीं है अब मिनरल वाटर का प्रयोग छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, खास एवं सामान्य वर्ग भी करने लगा है। अंतर्राष्ट्रीय पैमाने पर मिनरल वाटर ऐसा पानी है जिसे उसके स्रोत पर ही पानी की बोतल में बंद किया जाता है।

कुछ स्थितियों को छोड़कर इस पानी के किसी भी तरह के उपचार की जरूरत नहीं पड़ती। कभी-कभी पानी में आयरन एवं सल्फर को निकालने के लिए इसे छाना जाता है। इसे शुद्ध करने के लिए अल्ट्रा वायलेट किरणों का प्रयोग किया जाता है इसके अतिरिक्त कोई रासायनिक विधि नहीं अपनाई जाती। इस जल को आपने भूमंडलीय स्रोत से निकलने के बाद उसके प्राकृतिक स्वरूप में भी कोई परिवर्तन नहीं किया जाता। 1996 में अमेरिकन और यूरोपीयन लोगों द्वारा निर्धारित किए गए बंद बोतल पानी के मानक के अनुसार मिनरल वाटर को कुछ श्रेणियों में बांटा गया है। हल्की श्रेणी के मिनरल वाटर में प्रति लीटर 500 ग्राम या उससे कर्म पूर्णतः धुलनशील खनिज होता है। मध्यम श्रेणी के मिनरल वाटर में धुलनशील खनिज पदार्थ 500 से 1500 मिली ग्राम की मात्रा में होता है। जबकि उच्चश्रेणी के मिनरल वाटर में धुलनशील खनिज पदार्थों की संख्या 1500 मिलीलीटर से 2000 तक होती है। हमारे देश में मिनरल वाटर शब्द का भरपूर दुरुपयोग किया जा रहा है। भारत में लगभग सभी कम्पनियां बंद बोतल के पानी के ऊपर मिनरल वाटर का स्टीकर लगाकर लोगों को खुलेआम लूट रही है। सेवानिवृत्त खाद्य कंट्रोलर कंवलप्रीत सिंह का कहना है कि भारत में बंद बोतलों में बेचा जाने वाला पानी मिनरल वाटर न होकर संशोधित या प्रोसेस्ड पानी है। वहीं सिविल सर्जन का कहना है कि सभी तरीकों से मिनरल वाटर में अलग-अलग अनुपात से खनिज पाए जाते हैं यह अनुपात उस भू गर्भीय संरचना पर निर्भर करता है जहां से होकर पानी कई स्तरों से गुजरता है। उदारणतः चूने के पत्थरों पर से गुजरता पानी कैल्शियम की दृष्टि से समृद्ध होता है जबकि डोलोसाइड की वजह से पानी में मैग्नीशियम पाया जाता है। कई तरह के मिनरल वाटर में फ्लोराइड पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है। इसके कारण दांत पीले पड़े जाते हैं। यह फजिल्का के साथ लगते क्षेत्र में अधिकतर पाया जाता है। शरीर के लिए मिनरल वाटर काफी लाभप्रद होता है परंतु विशेषज्ञों का मानना है कि मिनरल वाटर एक दवा नहीं न ही यह कोई मल्टीविटामिन है। पानी का स्वाद बदल जाता है।पानी में खनिजों के संतुलन से पानी में नया स्वाद पैदा होता है। इन्हीं खनिजों की मात्रा में बदलाव से पानी-पानी के स्वाद में फर्क पैदा होता है। जिस पानी में कोई खनिज नहीं होता वह पानी स्वादहीन हो जाता है। यह आम कहावत है कि बिना रोटी खाए मनुष्य कई दिनों तक जीवित रह सकता है परंतु बिना पानी के 48 घंटे तक गुजारा करना भी मुश्किल हो जाता है। शरीर की सभी जैव रासायनिक क्रियाएं पानी पर निर्भर करती हैं। भारत में बोतल में भरा पानी मिनरल वाटर के नाम पर लोगों से खुली छूट से बेचा जा रहा है। गाडि़यों में पानी बेचने वाले खाली बोतलों को पानी से पुनः भरकर लोगों को खूब लूट रहे हैं। यह आम पानी होता है। बड़े-बड़े जारों में बिकने वाले पानी की शुद्धता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# ओरल हेल्थ के लिए एकदम बढ़िया है गिलोय, चिरायता और कचनार का काढ़ा

आज के समय में लोग इतने व्यस्त हो चुके हैं कि उनके पास ओरल केयर का ध्यान भी नहीं रखते हैं। जब आप अपने ओरल हेल्थ का ध्यान नहीं रखोंगे तो आपके मसूड़ों में सूजन होने लगेगी, दांतों में दर्द, मुंह में छाले और सांसों की दुर्गंध जैसी समस्याएं होती है। फिर आप तरह-तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का यूज करते हैं या फिर डेंटिस्ट के चक्कर लगाते रहते हैं। जिन लोगों को मुंह से जुड़ी समस्याएं होती उन्हें न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है बल्कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति और सामाजिक जीवन भी काफी प्रभावित करता है। इन सबसे बचने के लिए आप इस अयुर्वेदिक उपचार को आजमा सकते हैं। ओरल हेल्थ की समस्याओं के लिए घर पर बनाएं कचनार, गिलोय और चिरायता काढ़ा। कचनार में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंह की समस्याओं को दूर करते हैं। गिलोय को आयुर्वेद में अमृता कहा गया है। इसमें भी एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट व एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करता है और रोगों से भी लड़ता है। चिरायता कड़वी जड़ी-बूटी है, जो आमतौर पर बुखार और पाचन संबंधी समस्याओं के इलाज में उपयोग की जाती है। एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं जो मुंह के संक्रमण को दूर कर सकते हैं। सबसे पहले आप अच्छी क्वालिटी का 1.5 ग्राम चिरायता और 1.5 ग्राम गिलोय लें और इसे पानी में उबालकर कढ़ा तैयार कर लें। गिलोय और चिरायता का काढ़ा दिन में 2 बार लिया जा सकता है और वहीं आपको ज्यादा तकलीफ है तो आप इसका सेवन 3-4 बार ही कर सकते हैं। जिन लोगों को उल्टी आती है वह इसकी मात्रा को अपने अनुसार कम कर सकते हैं। अगर मुंह में गांठ की समस्या है तो आप 1 ग्राम कचनार मिलाकर बनाएं और फिर इसका सेवन करें।

## धर्म मंत्र

# हमें भी अपने जीवन में माँ पार्वती के आदर्शों को धारण करना चाहिए

श्री पार्वती जी साक्षात भवानी हैं। वे जगत जननी हैं। लेकिन तब भी वे अपने जीवन चरित्र के माध्यम से यह शिक्षा देना चाहती हैं, कि जीवन में आप अगर महाशक्तिशाली भी हैं, सब प्रकार से संपन्न हैं, तो भी तप का महत्व आप कम नहीं आँक सकते हैं। वर्तमान संसार में आप देखिए, जीव को तनिक सी भी मायावी सफलता प्राप्त हो जाये, वह इतना आलसी हो जाता है, कि प्रत्येक कार्य मशीनों पर ही टाल कर चलता है। तप की तो इसे जैसे आवश्यक्ता ही नहीं है। जिसका परिणाम यह है, कि व्यक्ति अनेकों भयंकर रोगों से ग्रसित हो चुका है। मन पर कोई अंकुश ही नहीं है। विषय विकारों में ऐसा गलतान हो चुका है, कि मन भयंकर राक्षस हो चुका है। किसी में सहने की शक्ति नहीं बची है। जिस कारण परिवारों में विछेद हो रहे हैं। दया धर्म तो मानों बहुत दूर की कौड़ी हो रखी है। जबकि गोस्वामी जी इतना स्पष्ट कह रहे हैं, कि तप की आवश्यक्ता तो त्रिदेवों को भी है। क्योंकि सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार तभी हो पाता है, जब त्रिदेव तप का आसरा लेते हैं- 'तपबल रचइ प्रपंचु बिधाता। तपबल बिष्नु सकल जग त्रता।। तपबल संभु करहिं संघारा। तपबल सेषु धरइ महिभारा।।' इसी तप की महिमा को महिमा मंडित करने के लिए, माँ पार्वती जी तप के निकल पड़ी। वे सबसे पहले, कुछ काल तक तो केवल जल और वायु का ही सेवन करती हैं। फिर अनेकों प्रकार के कठोर उपवास करती हैं।

## पर्यटन



# भारतीय संस्कृति और धार्मिकता में एक प्रमुख स्थान रखता है बरसाना

बरसाना, उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित एक पौराणिक और धार्मिक स्थल है, जो विशेष रूप से देवी राधा के जन्मस्थान के रूप में प्रसिद्ध है। यह नगर भारतीय संस्कृति और धार्मिकता में एक प्रमुख स्थान रखता है और यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर, त्यौहार, और धार्मिक महत्व इसे एक अद्वितीय स्थल बनाते हैं। बरसाना को राधा की जन्मभूमि के रूप में मान्यता प्राप्त है। देवी राधा, जो भगवान श्री कृष्ण की प्रिय सहयोगी और प्रेमिका मानी जाती हैं, का जन्म यहीं हुआ था। राधा और कृष्ण के प्रेम की कहानियाँ भारतीय पौराणिक कथाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और बरसाना इस प्रेम कहानी का केंद्र बिंदु है। यहाँ पर राधा के साथ जुड़ी कई धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएँ हैं जो इसे एक विशेष धार्मिक स्थल बनाती हैं। राधा रानी मंदिरः यह मंदिर बरसाना का सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहाँ पर देवी राधा की पूजा की जाती है। यहाँ का भव्य मंदिर और उसकी ऐतिहासिक आर्किटेक्चर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करती है। बरसाना की पहाड़ियाँः यहाँ की पहाड़ियाँ भी धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। मान्यता के अनुसार, ये पहाड़ियाँ राधा और कृष्ण के मिलन की कहानियों से जुड़ी हुई हैं। हाउस ऑफ राधा (राधा कुटीर)ः यह स्थल देवी राधा के निवास स्थान के रूप में माना जाता है। यहाँ पर राधा के जीवन की झलक देखने को मिलती है और इसे धार्मिक यात्रियों द्वारा अत्यंत पवित्र माना जाता है। होलीः बरसाना की होली विशेष रूप से प्रसिद्ध है। इसे 'लठमार होली' के नाम से जाना जाता है, जिसमें महिलाएँ रंगीन लाठियों से पुरुषों पर रंग डालती हैं। यह त्यौहार यहाँ की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और इसमें भाग लेने के लिए देश-विदेश से लोग यहाँ आते हैं। राधा जन्माष्टमीः राधा जन्माष्टमी पर यहाँ भव्य आयोजन होते हैं। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और पूरे नगर को सजाया जाता है। रासलीलाः बरसाना में आयोजित होने वाली रासलीला, राधा और कृष्ण के प्रेम की कहानियों को दर्शाने वाले नाट्य प्रदर्शन हैं। यह धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तों को आकर्षित करते हैं और यहाँ की सांस्कृतिक विरासत को प्रकट करते हैं।

# बिहार में वोट चोरी,यूपी में खाद समस्या भाकपा का विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन

## महाराष्ट्र में कैसे पड़े एक घंटे में 50 लाख वोट : शिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला इकाई द्वारा सोमवार को प्रदर्शन कर बिहार में विशिष्ट गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के बहाने वोट चोरी के विरोध में प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी की तरह कार्य कर रहा है,उसकी प्रेस वार्ता भी विपक्ष को धमकाने जैसी होती है।, राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा बिहार में ट्रस्ट लागू कर गरीबों, मज़दूरों की वोट चुराने का कार्य हो रहा है, 65 लाख वोट काटे हैं, दूसरी तरफ शून्य मकान नम्बर पर 80 वोट दर्ज हैं,सह सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा खाद की कमी है, किसान लाइन में लगे हैं, उनकी पिटाई भी होती है और सरकार झूठ बोल रही है कि खाद की कोई कमी नहीं है।कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा महाराष्ट्र में अंतिम एक घंटे में पचास लाख वोट कैसे पड़ गये। चुनाव आयोग आठ दिन तक कुल पड़े मतों का प्रतिशत तक नहीं बता पता है।इस अवसर पर संदीप वर्मा एड., संदीप तिवारी, दीपक वर्मा,जितेंद्र श्रीवास्तव, श्याम सिंह एड., अंकुल वर्मा एड.महेन्द्र यादव,प्रेम चंद वर्मा, दीपक शर्मा, पवन वर्मा, रामनरेश, आशीष शुक्ला, धर्मेंद्र शर्मा, राजकुमार, अमर सिंह,सच्चिदानंद श्रीवास्तव,करन राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# बीडीओ पूजा सिंह ने किया आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण, खामियां मिलने पर जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। सिद्धौर खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह ने सोमवार को क्षेत्र की गौशालाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हाजीपुर श्यामनगर व सरसा स्थित गौशालाओं का निरीक्षण किया, जहां पर कई खामियां सामने आने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान हाजीपुर श्यामनगर गौशाला में सबसे अधिक अव्यवस्थाएं मिलीं। वहीं सरसा गौशाला में पशुओं के खाने हेतु चारा-भूसा की व्यवस्था तो संतोषजनक रही, किंतु गौशाला परिसर में फैली गंदगी, कीचड़ और कचरे की समस्या को देखकर बीडीओ ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।बीडीओ श्रीमती सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि गौशालाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिम्मेदार कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें और गौ सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।निरीक्षण के समय उनके साथ सिद्धौर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. समीम अहमद, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद कुमार वर्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# संजय सेतु में फिर दरार आवागमन में बाधा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के संजय सेतु में फिर से गहरी दरारें दिखीं जिनमें से नदी का पानी दिखने लगा है।पुल पर लगी लोहे की पटरी टूट चुकी है नट बोल्ट बाहर निकल आए हैं जिससे हादसा होने की आशंका है।यह 44 साल पुराना पुल बाराबंकी बहराइच और नेपाल समेत कई जनपदों को जोड़ता है।लगातार मरम्मत के कारण जाम और लोगों की परेशानी बढ़ रही है।स्थानीय लोग नया पुल बनाने की मांग कर रहे हैं फिलहाल एक बार फिर मरम्मत की जाएगी।

# गो आश्रय स्थल बना गोपालपुर बना मिशाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोड़री गोपालपुर में ग्राम पंचायत सचिव के नेतृत्व में संचालित गौ आश्रय स्थल क्षेत्र में एक मिसाल बन गया है। यह आश्रय स्थल विशेष रूप से मादा गौ आश्रय स्थल के रूप में चिन्हित है, जहां वर्तमान में 101 मादा पशु संरक्षित हैं। आश्रय स्थल में बीमार पशुओं के लिए अलग से व्यवस्था, पशुओं को खिलाने हेतु तीन सेड सहित चरही, स्वच्छ पेयजल और प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचयतरा सचिन राजेश कुमार निगम के प्रयासों से यह गौ आश्रय स्थल क्षेत्र का आदर्श मॉडल बना है और अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## सीओ व जैदपुर थाना प्रभारी ने पटाखा गोदाम का किया निरीक्षण

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जैदपुर कोतवाली अंतर्गत पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री व गोदाम में सोमवार को सीओ सौरभ श्रीवास्तव जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ जांच पड़ताल की। इस दौरान पुलिस ने पटाखा बनाने वालों को सावधानी बरतने की हिदायत दी। साथ ही हानिकारक पटाखे न बनाने की चेतावनी भी दी। बाराबंकी पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय निर्देशानुसार जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह , जैदपुर चौकी इंचार्ज विनय कुमार, हेड कांस्टेबल गुफरान, सहित पुलिस टीम के साथ जैदपुर स्थित पटाखे बनाने वाले गोदाम में पहुंचे। गोदाम के संचालकों से पटाखों के बाबत जानकारी हासिल की। पुलिस ने संचालक सहित पटाखा बनाने वाले कर्मचारियों को हिदायत दी कि कारखाने में रखे पटाखों पर विशेष ध्यान दें ताकि कारखाने में रखे पटाखों से ही घटना हो सकती है। इसके बाद सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव ने पटाखा फैक्ट्री संचालितो को हिदायत देते हुए बताया कि , दीपावली का पर्व आने वाला है उससे पहले किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। वैसे जैदपुर कस्बे में कई लाइसेंस धारी पटाखा कारखाने चलते हैं, थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया पटाखा फैक्ट्री संचालकों को निर्देशित किया.कि तेज आवाज वाले पटाखे न बनाए।

## दुकानदार पर हमला, चर्चा में पुलिस खामोशी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा क्षेत्र में एक दुकानदार पर जानलेवा हमले की वारदात को पांच दिन बीत गए। व्यापारियों में भारी आक्रोश है। लेकिन पुलिस अभी तक खाली हाथ है। हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार दहशत मे है।कुर्सी थाना क्षेत्र के अनवारी गांव निवासी वेंकटेश 20 वर्ष किसान पथ अंडरपास के नीचे चाट का ठेला लगाता है। बीती 24 अगस्त को गंगौली निवासी सलमान अपने चार साथियों के साथ ठेले पर पहुंचा। उसने दुकान से फाइबर का गिलास लिया और साथियों के साथ वहीं शराब पीने लगा। जब दुकानदार ने आपत्ति जताई तो गाली–गलौज करने लगे। स्थानीय लोगों के बीच मामला शांत तो हुआ, लेकिन जाते–जाते आरोपित धमकी देकर चले गए।

## महादेवा में जल भराव, जल निकासी की मांग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में हुई मूसलाधार बारिश से मंदिर प्रांगण जलमग्न हो गया।गर्भगृह तक जाने वाले मार्ग पर पानी भर जाने से श्रद्धालुओं को पानी में होकर ही दर्शन और जलाभिषेक करना पड़ा।जल निकासी न होने से ये जलभराव हो गया श्रद्धालुओं ने प्रशासन से नालियों की सफाई कराने की मांग की है ताकि मंदिर में गंदा पानी न पंहुचे।

## शिक्षिका द्वारा बाबा साहेब का अपमान तूल पकड़ रहा प्रकरण

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा क्षेत्र के हाजीपुर स्थित खरतला उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीते शुक्रवार को प्रार्थना सभा के दौरान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जय बोलने पर प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को डांटने और स्कूल से निकालने की धमकी का मामला तूल पकड रहा है। गांव वालों ने इस घटना की शिकायत बेसिक शिक्षा विभाग से की थी, लेकिन चार दिन गुजर जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से भीम आर्मी के कार्यकर्ता अब मैदान में आ गए हैं। सोमवार को संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपकर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की मांग की। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि एक सप्ताह के भीतर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उन्हें विवश होकर एक विशाल धरना–प्रदर्शन करना पड़ेगा। मौके पर कमल किशोर, शैलेंद्र कुमार, सूरज, सरिता गौतम, बनवारी, शुभम, सुनील समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चोर मचाए शोर की तर्ज केवल हल्ला मचा रहा है विपक्ष : प्रकाश पाल

कानपुर । देश में जितने भी अदालतों से चोर घोषित हुए हैं, वह सभी चोर एक हो गये और ''चोर मचाए शोर'' की तर्ज पर शोर मचाने में लगे हैं। फिर चाहे लालू यादव, तेजस्वी यादव हो या फिर राहुल गांधी हों। सुप्रीम कोर्ट से फटकार के बावजूद सभी शोर मचा रहे हैं। अब देश के प्रधानमंत्री की मां को उनके मंच से गलत भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। जनता सब जान गई है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी समझना चाहिए जो भटक गये हैं। लोकसभा चुनाव की बात कर लें या फिर विधानसभा चुनाव की हर तरफ से इन्हे मुंह की खानी पड़ी है। यह बातें सोमवार को विपक्ष पर तंज कसते हुए कानपुर–बुंदेलखंड भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भारतीय जनता पार्टी ने (भाजपा) एक राष्ट्र एक चुनाव के अभियान को जन–जन तक पहुँचाने और आमजन को इससे जोड़ने के उद्देश्य से एक विशाल मैराथन दौड़ आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में इस महत्वपूर्ण तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 13 सितम्बर को होने वाली मैराथन दौड़ की विस्तृत रूपरेखा पर रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने की तथा संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के जिला प्रमुख दीपू पांडेय ने किया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि इस मैराथन दौड़ में कम से कम 15,000 प्रतिभागी शामिल हों, इसके लिए कार्यकर्ताओं को मिशन मोड में जुटना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मंडल में आगामी दो दिनों में तैयारी बैठक आयोजित की जाए और कार्यकर्ताओं के साथ–साथ आमजन को भी इस दौड़ में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाए।

इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सांसदों और विधायकों के साथ अलग–अलग समन्वय बैठकें की जाएँगी ताकि कार्यक्रम प्रभावी और सफल हो सके। इस अवसर पर एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के संयोजक राम किशोर साहू, सह–संयोजक वीरेंद्र तिवारी, विधायक सुरेंद्र मैथानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा का मानना है कि एक राष्ट्र एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा बल्कि लोकतंत्र को और सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस विचारधारा को जन–जन तक पहुँचाने के लिए मैराथन दौड़ एक मजबूत माध्यम बनेगी।

## सरकार कानून–व्यवस्था को करे मजबूत, पीड़ितों को दिलाए न्याय : विश्वनाथ पाल

फिरोजाबाद। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने सोमवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यस्था चौपट है। लगातार हत्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल सोमवार को थाना रजावली क्षेत्र के गांव गढ़ी पांडे में हुई बालिका काजल (10) पुत्री देवेंद्र की हत्या पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। विश्वनाथ पाल ने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम है। रोजाना हत्याएं हो रही हैं, लेकिन सरकार कानून–व्यवस्था सुधारने के बजाय अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गोंडा, बांदा, बलिया, गाजियाबाद जैसे जिलों में आए दिन हत्याएं हो रही हैं, मगर सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।द बीएसपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहनजी (मायावती) ने इस मामले का संज्ञान लिया है और पूरा बहुजन समाज परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में खासतौर पर एससी और ओबीसी समाज के लोगों की हत्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

# सीएमओ को सीएचसी शुकुल बाजार के निरीक्षण में मिली तमाम खामियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### सीएचसी अधीक्षक डॉ सुधीर वर्मा द्वारा प्रत्येक पटल पर पर्यवेक्षण न करने पर अव्यवस्थाएं फैली

### सीएमओ को बगैर किसी सूचना के एक चिकित्सक मिला नदारद

अमेठी । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार में चिकित्सकों की मनमानी की उस वक्त कलई खुल गई जब सीएमओ ने अचानक अस्पताल का निरीक्षण किया तो वहां पर इमरजेंसी कक्ष में तैनात बी फार्मा ट्रेनी द्वारा मरीजों को बाहर की दवाएं लिखी जा रही थी और एक चिकित्सक अस्पताल से नदारद पाया गया वहीं अधीक्षक द्वारा पर्यवेक्षण न करने पर अस्पताल में बड़े पैमाने पर अव्यवस्थाएं देखकर सीएमओ ने नाराजगी जताई है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाजार शुकुल के निरीक्षण के समय अधीक्षक सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित पाये गये केवल डा सुशील चन्द्र शुक्ला अनुपस्थित थे।सीएमओ ने बताया कि आरबीएसके टीम के डा विनीत द्वारा बिना किसी आदेश के चिकित्सालय में ओपीडी करते हैं जबकि आरबीएसके के चिकित्सक का कार्य क्षेत्र में संचालित स्कूल का भ्रमण कर टीम के साथ चिकित्सीय कार्य सम्पादित करना है। ओपीडी के सम्बन्ध में डा0 विनीत से पूछने पर बताया गया कि वो टीम के साथ स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु गये थे और समय से पूर्व वापस आ गये। इससे यह प्रतीत होता है कि डा0 विनीत के द्वारा निर्धारित दायित्व के अनुरूप कार्य सम्पादित न कर मन-माने ढंग से चिकित्सालय में ओपीडी का कार्य सम्पादित किया जाता है। डा0 विनीत को निर्देशित किया गया कि आरबीएसके टीम के साथ स्वास्थ्य परीक्षण हेतु क्षेत्र में जाए केवल शनिवार को ही सन्दर्भित होने वाले मरीजों का ओपीडी में परीक्षण करें। राजकुमार त्रिपाठी चीफ फार्मासिस्ट व अमित सिंह फार्मासिस्ट द्वारा ट्रेनिंग कर डी फार्मा बी फार्मा ट्रेनी प्राप्त कर रहे बच्चों से औषधि वितरण का कार्य कराया जाता है तथा उनके द्वारा कोई पर्चा नहीं देखा जाता है। जिससे किसी भी रोगी को परामर्श के विपरीत या गलत औषधि वितरण से इंकार नहीं किया जा सकता है। मरीजों को बच्चों द्वारा औषधि के डोज़ के बारे में नहीं बताया जाता है तथा उनके साथ सम्मान जनक व्यवहार नहीं किया जता है। जिससे रोगियों में रोष व्याप्त रहता है और शिकायत की जाती है।अधीक्षक डा0 सुधीर वर्मा द्वारा नियमित रूप से सीएचसी के प्रत्येक पटल पर पर्यवेक्षण नहीं किया जाता है। जिससे सीएचसी में अव्यवस्थाएं व्याप्त है।वर्तमान समय में बारिश के मौसम में जलजनित संक्रमक जनित बीमारियों एवं डायरिया रोग आदि के कारण रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है जिस कारण संक्रमण काल के दृष्टिगत किसी भी चिकित्साधिकारी कर्मचारी को किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।इमरजेंसी कक्ष में बी0 फार्मा ट्रेनी हर्षित द्वारा बाहर की दवा लिखी जा रही थी।

जिसे चेतावनी देने एवं भविष्य में उक्त की पुनरावृत्ति न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। चिकित्सालय के प्रसव कक्ष में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पायी गयी। प्रसव कक्ष इकाई में मानक के अनुसार औषधियाँ एवं उपकरण ट्रे में उपलब्ध नहीं पाया गया। कोल्डचेन प्वाइंट के निरीक्षण के समय आईएलआर एवं डीप फीजर लॉग बुक अद्यतन पायी गयी। सीएमओ के निरीक्षण से अस्पताल में सोमवार को खलबली मची रही।

# गाजे बाजे संग निकला विसर्जन जुलूस





कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। गणेश चतुर्थी महोत्सव क्रम मे सोमवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव, देवकलिया एव रसौली मे गणपति बप्पा मोरिया के उदघोष के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ कल्यानी नदी घाट विसर्जन किया गया जुलुस में शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर भारी पुलिसबल मौजूद रहा। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ किया गया। विसर्जन से पहले कस्बा बड़ागांव के मोहल्ला मँझपटिया, दुर्गा मन्दिर मढीटोला बांसा रोड स्थित हनुमान मंदिर पर आरती के बाद चौराहा होते हुए कल्यानी नदी तट के पड़रिया घाट पर पहुंचकर प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया गया। इस मौके पर बाबी कपिल, तुषांत कपिल,आलोक कपिल, सचिन कपिल, दिपांशु श्रीवास्तव, सत्यम सोनी, अंचल कपिल, नैतिक गुप्ता, अर्पित गुप्ता,अमन गुप्ता,दीपक गुप्ता आदि भक्तगण मौजूद रहे। रामसनेहीघाटः गणेश चतुर्थी के उपरांत सोमवार को तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन सहादरगंज स्थित कल्याणी नदी घाट पर श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कोटवासडक, खजूरी, मंसूरपुर, जगदीशपुर, दरियाबाद, पूरे चुरई,मेडूवा, लालगंज समेत कई ग्रामों की गणेश प्रतिमाएं विधिविधान से विसर्जित की गईं। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ बप्पा को विदाई दी। ''गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ'' के जयघोष से घाट क्षेत्र गूंज उठा। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच गणेश मूर्ति विसर्जन किया गया । मौके पर क्षेत्राधिकार जटाशंकर मिश्रा,मौके पर अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी, हथौधा चौकी प्रभारी बृजभान सिंह चंदेल, एक गाड़ी पीएसी बल के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## प्रधान, सचिव और ब्लॉक जिम्मेदारों पर भारी आरोप

बल्दीराय/सुल्तानपुर। विकासखंड बल्दीराय की ग्रामसभा सिंघनी इस समय भारी भ्रष्टाचार कांड को लेकर सुर्खियों में है। ग्रामसभा निवासी प्रवीण कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को सात गंभीर बिंदुओं पर जांच व कार्यवाही की शपथपत्र के साथ लिखित मांग दर्ज कराते ही ब्लॉक प्रशासन में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि ग्रामसभा में करोड़ों की योजनाओं को फर्जी कागजों पर दिखाकर धनराशि हड़प ली गई। मनरेगा खाते से दो सगे नाबालिग भाइयों का खेल व फर्जी प्रमाणपत्र पर ''प्रधानपद''हथियाने का गंभीर आरोप सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मनरेगा के खातों में ग्राम प्रधान के सगे भाइयों तक को लाभार्थी बनाकर लाखों की रकम निकाली गई। यही नहीं, फर्जी आयु प्रमाणपत्र तैयार कर प्रधान पद हथियाने जैसी गंभीर धांधली भी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव, प्रधान और ब्लॉक स्तर के जिम्मेदारों की मिलीभगत से बड़े स्तर पर यह भ्रष्टाचार अंजाम दिया गया है।

# आईसीसी ने महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चारा गुना वृद्धि की

एजेंसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है।

आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 30.80 करोड़ रुपये) थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, ्रयह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण



मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है। विश्वकप विजेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13.2 लाख अमेरिकी डॉलर (11.62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19.71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11.2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप-स्टेज में प्रत्येक जीत के लिए विजेताओं को 34,314 अमेरिकी डॉलर (30.2 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को सात लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 6.16 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2,80,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.46 करोड़ रुपये) मिलेंगे। प्रत्येक भाग लेने वाली टीम को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.20 करोड़ रुपये) की राशि की गारंटी दी गई है। आठ टीमों का यह प्रमुख टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

# टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 : नीरज चोपड़ा भारत की 19 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे, अविनाश साबले बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। एथलेटिक्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने रविवार को टोक्यो में अगले महीने शुरू होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारत की अंतिम 19 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। इस टीम में 14 पुरुष और 5 महिला एथलीट शामिल हैं, जो 15 अलग-अलग स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे।

भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद एक बार फिर भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा होंगे, जो डिफेंडिंग चैंपियन होने के नाते वाइल्ड कार्ड एंट्री से सीधे क्वालीफाई हुए हैं। उनके अलावा तीन और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी–सचिन यादव, यश वीर सिंह और रोहित यादव–भी मैदान में उतरेंगे। तीन एथलीट्स ने सीधे एंट्री स्टैंडर्ड पार कर क्वालीफाई किया है–गुलवीर सिंह (5000 मीटर), प्रवीण चित्रावल (ट्रिपल जंप) और पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज)।



गुलवीर 10,000 मीटर दौड़ में भी हिस्सा लेंगे, वहीं मिडिल डिस्टेंस धाविका पूजा 800 मीटर और 1500 मीटर दोनों स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगी। हालांकि, अविनाश साबले, नंदिनी आगरसरा और अक्षदीप सिंह ने क्वालीफाई किया था लेकिन मेडिकल कारणों से उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। एएफआई के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने बताया कि 4 से 9 सितंबर तक टोक्यो में प्री-कम्पटीशन ट्रेनिंग कैंप होगा। 10 सितंबर को सभी खिलाड़ी आधिकारिक होटल में शिफ्ट होंगे। नीरज चोपड़ा 5 सितंबर को सीधे चेक गणराज्य से टीम से जुड़ेंगे।

# जापान की अकाने यामागुची ने तीसरी बार जीता बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप खिताब

एजेंसी



नई दिल्ली। पेरिस में खेले गए बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के महिला एकल फाइनल में जापान की अकाने यामागुची ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की पूर्व विश्व नंबर-1 चेन यूफ़ेई को सीधे सेटों में 21-9, 21-13 से हराकर तीसरी बार विश्व खिताब अपने नाम किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त यामागुची ने महज 37 मिनट में मुकाबला समाप्त कर 2021 और 2022 के बाद अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। मैच के दौरान वह पूरी तरह आत्मविश्वास से भरी नजर आईं और अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। चीन की टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन यूफ़ेई ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय और मौजूदा चैम्पियन दक्षिण कोरिया की आन से-यंग को हराया था। हालांकि, इस दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी और फाइनल में उनकी मूवमेंट पर इसका असर साफ दिखाई दिया। यामागुची ने पहले गेम में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और दूसरे गेम में अंतराल के बाद लगातार अंक जुटाकर जीत सुनिश्चित कर ली। यह चेन का दूसरा विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक है। इसी टूर्नामेंट में मलेशिया की चौथी वरीय जोड़ी चेन टांग जी और तोह ई वी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की दूसरी वरीय जोड़ी जियांग झेनबांग और वेई याक्सिन को 21-15, 21-14 से मात देकर मिक्स्ड डबल्स का खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व नंबर-1 शी यूकी और मौजूदा चैम्पियन थाईलैंड के कुनलावुत वितिद्सर्न के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

# टेनिस प्रीमियर लीग का सातवां सीजन 9 दिसंबर से, अहमदाबाद करेगा मेजबानी

एजेंसी

मुंबई। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) के तत्वावधान में भारत की एकमात्र प्रोफ़ेशनल टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) अब अपने बहुप्रतीक्षित सातवें सीजन के लिए तैयार है। यह सीजन 9 से 14 दिसंबर तक गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा। पहली बार महाराष्ट्र से बाहर होने वाला यह सीजन लीग की यात्रा का नया अध्याय साबित होगा। इसी के साथ टीपीएल भारत की चौथी ऐसी स्पोर्ट्स लीग बन गई है, जिसने लगातार सातवें सीजन का माइलस्टोन हासिल किया है।

इस बार लीग में आठ फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिन्हें लिएंडर पेस, सानिया मिर्ज़ा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों का समर्थन प्राप्त है। टूर्नामेंट में एटीपी रैंकिंग 30 से 50 के बीच के इंटरनेशनल टेनिस स्टार्स कोर्ट पर उतरेंगे। भारत की ओर से दो बार के ग्रैंड




स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित देश के शीर्ष खिलाड़ी मैदान में दिखाई देंगे। टीपीएल अपने अनोखे 25-पॉइंट फॉर्मेट के लिए जानी जाती है, जिसने इसे तेज़-तर्रार और रोमांचक खेल का नया अनुभव देने वाली लीग बना दिया है। तेजी से उभरते खेल केंद्र के रूप में अहमदाबाद इस आयोजन के लिए आदर्श मंच साबित होगा। बीते एक साल में टीपीएल ने गुजरात स्टेट टेनिस एसोसिएशन के साथ मिलकर विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताएं आयोजित की हैं और रेस टू गोल्ड स्कॉलरशिप के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को सहयोग भी दिया है। टीपीएल के सह-संस्थापक कुणाल ठक्कर ने कहा कि हम पहली बार गुजरात में टीपीएल लेकर आ रहे हैं। शहर की ऊर्जा, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और खेलों के प्रति जुनून इसे मेजबानी के लिए आदर्श बनाता है। सातवां सीजन अहमदाबाद के दर्शकों को विश्व स्तरीय टेनिस का शानदार अनुभव देगा। सह-संस्थापक मृणाल जैन ने जोड़ा कि गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम शानदार सुविधाओं से लैस है। अहमदाबाद जैसे नए बाज़ारों में विस्तार से हमें देशभर के प्रशंसकों तक टॉप-लेवल टेनिस पहुंचाने का मौका मिलेगा। गुजरात स्टेट टेनिस एसोसिएशन के सचिव श्रिमल भट्ट ने कहा कि गुजरात के इतिहास में पहली बार 30 से 50 रैंक वाले शीर्ष एटीपी खिलाड़ी यहां खेलने आ रहे हैं। यह राज्य में टेनिस को नई ऊंचाई देगा। ग्रासरूट स्तर पर प्रतिभा को निखारने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेनिस प्रदर्शित करने के अनूठे मॉडल के कारण टीपीएल खास पहचान रखती है। अब तक 20 से अधिक शहरों में 400 से ज्यादा टूर्नामेंट आयोजित कर लीग ने टेनिस को देशभर में नई गति दी है।

## ओवल इनविंसिबल्स ने तीसरी बार जीता द हंड्रेड खिताब

लंदन। ओवल इनविंसिबल्स ने लगातार तीसरी बार 'द हंड्रेड' का खिताब अपने नाम किया। रविवार रात खेले गए फाइनल में उन्होंने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। टीम की जीत के नायक रहे विल जैक्स (72 रन) और नाथन सोउटर (3/25), जिन्होंने निर्णायक प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इनविंसिबल्स ने 168/5 का स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स ने 41 गेंदों में 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 72 रन बनाए, जबकि जॉर्डन कॉक्स ने 40 रन जोड़े। दोनों के बीच 87 रनों की अहम साझेदारी हुई। हालांकि, आखिरी ओवरों में रॉकेट्स के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और सिर्फ 25 रन ही दिए, जिससे इनविंसिबल्स बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉकेट्स की शुरुआत धीमी रही। पावरप्ले में उन्होंने 32 रन बनाए लेकिन नाथन सोउटर ने मिडिल ओवर्स में कहर ढा दिया।

# सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज प्रति 10 ग्राम 1,02,360 रुपये से लेकर 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 94,190 रुपये से लेकर 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,24,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक



राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# सेबी के नियमों का पालन न करने पर एमटीएनएल पर 13.46 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और बीएसई ने दंडित किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानदंडों का पालन न करने के लिए 6.73 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि बोर्ड संरचना संबंधी सेबी के मानकों का पालन न करने पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने 6.73-6.73 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एमटीएनएल ने बताया कि एनएसई और बीएसई से सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के प्रावधानों का पालन न करने पर यह कार्रवाई की गई है। इसमें महिला निदेशक की नियुक्ति न करना, ऑडिट समिति के गठन में खामी, नामांकन और पारिश्रमित




समिति, स्टेकहोल्डर संबंध समिति व प्रबंधन समिति के गठन में गैर-अनुपालन शामिल हैं। एमटीएनएल ने सफाई देते हुए कहा कि वह एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी बोर्ड नियुक्तियां प्रशासनिक मंत्रालय यानी दूरसंचार विभाग करता है। कंपनी ने बताया कि 15 अप्रैल से दो स्वतंत्र निदेशक, जिनमें एक महिला निदेशक भी शामिल हैं, की नियुक्ति दूरसंचार विभाग ने की है। साथ ही चार और स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला केंद्र सरकार के पास लंबित है। कंपनी ने एनएसई और बीएसई से लगाए गए जुर्माने की माफी का अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टीसीए कल्याणी ने महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की 1991 बैच की अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को लेखा महानियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाल लिया है। वह इस पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं। उन्होंने रक्षा, दूरसंचार, उर्वरक, वित्त, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सूचना एवं प्रसारण, और गृह मंत्रालय सहित प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक कल्याणी ने प्रौद्योगिकी को अपनाकर सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता और दक्षता को निरंतर बढ़ावा दिया है। मुख्य लेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण करने से पहले कल्याणी गृह मंत्रालय में प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक (पीआर. सीसीए) के रूप में कार्यरत थीं, जहां उन्होंने भारत सरकार के सबसे बड़े मंत्रालयों में से एक के बजट और लेखा–जोखा का निरीक्षण किया। कल्याणी दिल्ली विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने लेडी श्री राम कॉलेज से राजनीति विज्ञान में बीए की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने जवाहर लाल विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एमए और पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन में एमफिल की डिग्री भी प्राप्त की है। कल्याणी 34 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा के साथ सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन, लेखांकन, शासन और प्रशासन में व्यापक विशेषज्ञता रखती हैं। उन्होंने भारत सरकार से उर्वरक खरीद सहायता के लिए किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### बच्चों को फोन की बजाय खेल के मैदान चुनने के लिए प्रोत्साहित करें: अरुण लाल

**कोलकाता।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अरुण लाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित संगोष्ठी में फोन पर स्क्रीन टाइम के चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे युवा खेल के मैदान से दूर रहे हैं। 'ग्रासरूट्स टू ग्लोबल पोडियम्स: इंडियाज रोड टू 2036' विषय पर आयोजित सत्र में अरुण ने भारत की ओलंपिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर के खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रविवार को आयोजित सत्र में कहा, '' बच्चों को फोन की जगह खेल के मैदान को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहये। इस संगोष्ठी में साइ के क्षेत्रीय निदेशक अमर ज्योति सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्कूलों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सरकार ने इस वर्ष इसे तीन दिवसीय उत्सव बना दिया है, जिसमें साइकिलिंग प्रतियोगिताएं का आयोजन भी शामिल था।

### नीलामी में नाम दर्ज कराने के लिये अश्विन आईएलटी20 आयोजकों के संपर्क में

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुष्टि की है कि वह दो दिसंबर से चार जनवरी 2026 तक यूएई में होने वाले आईएलटी 20 के अगले सत्र की नीलामी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अगले कुछ दिनों में 39 वर्ष के होने जा रहे अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया है जिसके बाद वह दूसरे देशों में टी20 लीग खेल सकते हैं। भारत के लिये 287 मैचों में 765 विकेट ले चुके अश्विन के हवाले से क्रिकबज ने कहा ,'' मैं आयोजकों के संपर्क में हूं। उम्मीद है कि नीलामी के लिये रजिस्ट्रेशन कराने पर मुझे कोई खरीदार मिल जायेगा। नीलामी 30 सितंबर को दुबई में होगी और रजिस्ट्रेशन दस सितंबर तक पूरे हो जायेंगे। पहली बार आईएलटी20 में नीलामी हो रही है जबकि अब तक खिलाड़ी चुनने के लिये ड्राफ्ट व्यवस्था थी।

### कप्तान नीतिश राणा ने पश्चिम दिल्ली लायंस को डीपीएल खिताब दिलाया

**नयी दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया। जीत के लिये 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस को शुरूआती झटके लगे जब सेंट्रल दिल्ली के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरूण पुंडीर ने लगातार विकेट लेकर पांचवें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 48 रन कर दिया।

# औद्योगिक उड़ान : मोदी सरकार में रोजगार में ऐतिहासिक बढ़ोतरी

एजेंसी

भोपाल। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी, तब से लेकर 2025 तक देश की जनसंख्या घनत्व में लगातार बढ़ोतरी हुई है। अधिक जनसंख्या का सीधा अर्थ है अधिक मानव संसाधन और ऐसे में हर हाथ को काम देना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं। करोड़ों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना शुरू से ही हर सरकार के लिए कठिन कार्य रहा है, लेकिन पिछले वर्षों में केंद्र की योजनाओं और औद्योगिक नीतियों ने इस कठिनाई को अवसर में बदल दिया है।

यही वजह है कि ्रविकसित भारत् के लक्ष्य की दिशा में देश न केवल मजबूती से आगे बढ़ रहा है बल्कि उद्योगों के जरिए पर्याप्त रोजगार भी सृजित कर रहा है। आज इन नौकरियों ने देश के करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना दिया है। इस दिशा में हाल ही में जारी वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) 2023-24 के आंकड़े सरकार के इस दावे को मजबूती

**एएसआई 2023–24 रिपोर्ट: उद्योग और रोजगार में भारत की सबसे तेज छलांग**

प्रदान करते दिखते हैं। दरअसल, वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह एक दर्पण है जिसमें भारत की औद्योगिक तस्वीर साफ दिखाई देती है। इसका मकसद उत्पादन, मूल्यवर्धन, रोजगार, पूंजी निर्माण और उद्योगों की संरचना में हो रहे बदलावों को दर्ज करना है। इस बार का फील्ड वर्क अक्टूबर 2024 से जून 2025 के बीच हुआ। रिपोर्ट राज्य और प्रमुख उद्योग स्तर पर तैयार की गई है और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करती है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए हाल ही में एएसआई रिपोर्ट जारी की है। इसमें साफ दिखता है कि




भारतीय उद्योग अब वैश्विक सुस्ती को पीछे छोड़ कर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023-24 में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में पिछले वर्ष की तुलना में 11.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी कंपनियां न केवल उत्पादन कर रही हैं बल्कि अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन भी तेजी से बढ़ा रही हैं। यही नहीं, औद्योगिक उत्पादन में भी 5.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो बताता है कि देश का विनिर्माण क्षेत्र रफ्तार पकड़ चुका है। भारत जैसे विशाल देश के लिए रोजगार सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह एएसआई रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार में 5.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 1.8 करोड़ लोग उद्योगों से जुड़े थे, जबकि अब यह आंकड़ा 1.9 करोड़ से भी अधिक हो गया है। इसका सीधा मतलब है कि सिर्फ एक वर्ष में ही लाखों लोगों को नए अवसर मिले। पिछले एक दशक की तस्वीर और भी उत्साहजनक है। 2014-15 से लेकर 2023-24 तक, यानी मोदी सरकार के पहले कार्यकाल से अब तक, औद्योगिक क्षेत्र में करीब 57 लाख नई नौकरियां जुड़ी हैं। दरअसल, यह उपलब्धि साधारण नहीं है। जिस दौर में दुनिया के कई देशों में बेरोजगारी बड़ी चुनौती बनी हुई है, भारत ने उद्योगों को मज़बूत कर रोजगार का एक नया परिदृश्य तैयार किया है। एएसआई रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि उद्योगों में निवेश का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। 2023-24 में कुल कैपिटल इन्वेस्टमेंट 68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 के 61 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। यह वृद्धि बताती है कि उद्योगपति और कंपनियां न केवल भारत को भविष्य का बाज़ार मान रहे हैं बल्कि यहां अपनी पूंजी सुरक्षित और लाभकारी भी मानते हैं। इस निवेश से तकनीकी विकास, नई फैक्ट्रियों की स्थापना और आधुनिक उपकरणों की खरीद संभव हुई है। परिणामस्वरूप, आने वाले समय में और अधिक रोजगार सृजित होंगे। इस रिपोर्ट की मानें तो यह साफ तौर पर सामने आया है कि रोजगार देने के मामले में कुछ सेक्टरों ने बहुत अच्छा कार्य किया है और सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार दिया।

# अपने बयानों से विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिरा रहे राहुल : भाजपा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को विफल बताते हुए कहा है कि वह अपने बयानों से लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिरा रहे हैं। श्री प्रसाद ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी के एटम बम और हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कहा कि कर्नाटक में मतदाता सूची का उनका एटम बम फुस्स हो गया तो वह अब जनता को भ्रमित करने के लिए हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी अपने बयान से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं, आप लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। कम से कम इसकी गरिमा का ख्याल रखिए।''

श्री प्रसाद ने कहा कि सभी लोगों को पता है कि पहले जब बिहार में चुनाव होते थे तब कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन अब ईवीएम के चलते बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि आज समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव एक बार फिर बैलेट पेपर से चुनाव की मांग कर रहे हैं ताकि फिर से बूथ कैप्चरिंग कर सकें।

उन्होंने कहा कि जनता ने जब कांग्रेस और विपक्षी दलों को नकार दिया है और उनको वोट नहीं दे रही है तब ये दल लोकतांत्रिक संस्था चुनाव आयोग पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध के पीछे विपक्ष की मंशा है कि उन्हें बूथ कैप्चर करने का अधिकार दो, और घुसपैठियों को नहीं निकालो।

श्री प्रसाद ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने एक प्रोपेगेंडा खड़ा किया था कि भाजपा आएगी तो संविधान बदल देगी। इसके कारण यूपी और महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों पर असर पड़ा, लेकिन भाजपा ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल नहीं उठाए थे। तब कांग्रेस के लिए उस समय चुनाव आयोग ठीक था लेकिन अब वह चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं।

श्री प्रसाद ने कहा कि लेकिन देश की जनता को पता चल गया था कि कांग्रेस और विपक्ष ने उनके साथ छल किया और इसके बाद हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली की जनता ने उन्हें हर जगह हराने का काम किया।

# देश के भविष्य को 65 साल से आकार देने में जुटा है एनसीईआरटी : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिष-एनसीईआरटी को भारतीय शिक्षा प्रणाली का एक अद्वितीय संस्थान बताते हुए कहा है कि उसने प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ छात्रों के भविष्य को आकार दिया है। श्री प्रधान ने सोमवार को यहां एनसीईआरटी के 65वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीईआरटी 'ज्ञान-कुंभ' है जिसने अपनी स्थापना के बाद से शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने एनसीईआरटी से सुधारोन्मुख, तकनीक-संचालित और वैश्विक सर्वोत्तम विधियां अपनाने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री ने एनसीईआरटी के 65वें स्थापना दिवस पर सोमवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई पहलों का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ओडिशा की 100 महान हस्तियों के जीवन और योगदान पर आधारित 'उत्कल जननींकर सुजोग्य संतान' पुस्तक का भी विमोचन किया। श्री प्रधान ने कहा कि 2047 तक समृद्ध भारत का निर्माण तभी संभव होगा जब छात्रों को आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच और कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने एनसीईआरटी से अमृत शिक्षा में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने और ज्ञान को योग्यता में बदलने की दिशा में काम करने के लिए बहुभाषावाद को बढ़ावा देने का आग्रह किया और विश्वास जताया कि यह संस्थान शैक्षिक सुधारों, शिक्षण और अधिगम में परिवर्तन के साथ समृद्ध भारत के स्वप्न को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# वोट चोरी का अब तक का खुलासा एटम बम है, अगला खुलासा हाइड्रोजन बम होगा, धन्यवाद बिहार : राहुल

एजेंसी



पटना। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज को कहा कि अभी तक हुआ वोट चोरी का खुलासा तो एटम बम था अब आगे जिस खुलासे को उनकी पार्टी सामने लाने वाली है वह हाइड्रोजन बम होगा जिसके बाद चुनाव आयोग और भाजपा मुंह दिखाने लायक नही रहेगी।

श्री गांधी ने बिहार में सोमवार को समाप्त हुई वोटर अधिकार यात्रा के समापन समारोह में कहा कि महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गठबंधन को जीत मिली थी लेकिन चार महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। उन्होंने कहा कि ताज्जुब की बात थी कि कांग्रेस गठबंधन के वोट कम नही हुए थे लेकिन विपक्षी गठबंधन के वोट काफी बढ़ गए थे। उन्होंने कहा कि बाद में उनकी पार्टी ने जांच की तो पता चला कि महाराष्ट्र में करोड़ो फर्जी वोट भाजपा और चुनाव आयोग कि मिलीभगत से जोड़े गए हैं। श्री गांधी ने कहा कि ऐसा ही बेंगलुरु सेंट्रल की एक विधानसभा सीट पर हुआ और हमारी तरफ से जांच की गई तो पता चला कि एक लाख फर्जी वोट जोड़े गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसके बाद जब बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 65 लाख वोट काट लिए गए तो चुनाव आयोग की चोरी जगजाहिर हो गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की वोटर अधिकार यात्रा का जन्म यहीं से हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने कहा कि जिन शक्तियों ने महात्मा गांधी की हत्या की थी वही अब बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के संविधान की हत्या करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार सुरक्षित नही रहेगा तो दूसरे अधिकार, रोजगार शिक्षा और युवाओं का भविष्य भी सुरक्षित नही रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार अडानी, अम्बानी और अमीरो को फायदा पहुंचाने के लिए गरीबो की जमीन और नागरिक अधिकार छीन लेगी श्री गांधी ने बिहार के लोगो को उत्साह से वोटर अधिकार यात्रा में भाग लेने और देश की राजनीति को नई दिशा देने के लिए धन्यवाद दिया

# शाह ने जम्मू में बाढ़ प्रभावित इलाकों में क्षतिग्रस्त पुल और मंदिर का किया निरीक्षण

एजेंसी



जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां उच्च स्तरीय बैठक में जम्मू में बाढ़ के बाद की स्थिति की समीक्षा की।

एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में बाढ़ की ताज़ा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू राजभवन में बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और केंद्र एवं केंद्र शासित प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री ने बिक्रम चौक स्थित तवी पुल, शिव मंदिर और जम्मू में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों का भी निरीक्षण किया तथा बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए जम्मू के मंगुचुक गाँव के निवासियों से बातचीत की। कल रात जम्मू पहुँचे श्री शाह ने ज़मीनी हालात की समीक्षा की। किश्तवाड़, कठुआ, रियासी, डोडा और रामबन जिलों में 14 अगस्त से बादल फटने, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की घटनाएँ हुई हैं, जिनमें 120 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं, लगभग 150 घायल हुए हैं और घरों को भारी नुकसान पहुँचा है। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को नुकसान और चल रहे राहत कार्यों पर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी।

## जीडीपी के आंकड़े मजबूत होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की दर का आंकड़ा भले ही मजबूत हो लेकिन विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों में वृद्धि घट रही है जिससे साफ है कि मजबूत जीडीपी के बावजूद आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को जीडीपी के आंकड़ों पर कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ों को लेकर उत्साह अतार्किक है। जीडीपी के अप्रैल-जून के आंकड़ों में कुछ स्पष्ट विरोधाभास भी हैं, जिन पर एक जाने माने बैंक की रिपोर्ट ने सवाल उठाए हैं और इन सवालों को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, "शहरी खपत अब भी काफी कमजोर बनी हुई है, जबकि ग्रामीण खपत संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रही है। जीडीपी की मामूली वृद्धि दर अब भी धीमी है और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में स्पष्ट रूप से कम है। कांग्रेस नेता ने जीडीपी पर अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर पर कहा, "ट्रंप आयात शुल्क शॉक का असर इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों में नहीं दिखता। दरअसल, आयात शुल्क से बचने के लिए निर्यातकों ने पहले से ही अमेरिका को अतिरिक्त निर्यात (फ्रंट-लोडिंग) कर दिया था, जिससे निर्यात वृद्धि और जीडीपी के मुख्य आँकड़ों में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, आयात शुल्क का वास्तविक असर दूसरी तिमाही से दिखाई देना शुरू होगा।

## मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताना गलत : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन ने हमेशा पाकिस्तान के आतंकवादियों का समर्थन किया है और इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताने वाला बयान अनुचित है। कांग्रेस ने कहा कि श्री मोदी ने रविवार को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताया है, यह एक तरह से चीन के सामने झुकने वाला बयान है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा है लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा है कि भारत और चीन, दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने इसे चीन के सामने झुकने वाला बयान बताया और कहा ''अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है। इससे भी ज़्यादा राष्ट्र- विरोधी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा - जबकि इसका खुलासा खुद भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारियों ने किया था। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके बयान को बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

### एससीओ आतंक...

किसी भी देश के विकास का आधार होते हैं लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियाँ हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद सिर्फ किसी देश की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक साझा चुनौती है। कोई देश, कोई समाज, कोई नागरिक अपने आप को इससे सुरक्षित नहीं समझ सकता। इसीलिए आतंकवाद से लड़ाई में भारत ने हमेशा एकजुटता पर बल दिया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से निर्मम आतंकवाद का दंश झेल रहा है। कितनी ही माताओं ने अपने बच्चे खोए और कितने बच्चे अनाथ हो गए। पहलगाम आतंकवादी हमले को आतंकवाद का घिनौना चेहरा बताते हुए उन्होंने कहा, "हाल ही में, हमने पहलगाम में आतंकवाद का बहुत ही घिनौना रूप देखा। इस दुःख की घड़ी में, जो मित्र देश हमारे साथ खड़े रहे, मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ। यह हमला केवल भारत की अंतरात्मा पर ही आघात नहीं था, यह मानवता में विश्वास रखने वाले हर देश, हर व्यक्ति को खुली चुनौती थी। आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों का नाम लिए बिना उन्होंने इन देशों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा , "ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक हैः क्या कुछ देशों द्वारा आतंकवाद का खुलेआम समर्थन हमें स्वीकार्य हो सकता है? श्री मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरा मापदंड अपनाने वाले देशों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आतंकवाद का विरोध करना सभी का दायित्व है और इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं होगा। उन्होंने कहा,"हमें स्पष्ट रूप से, और एक स्वर में, कहना होगा कि, आतंकवाद पर कोई भी दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं होगा। हमें मिलकर, आतंकवाद का हर रंग में, हर रूप में, विरोध करना होगा। ये मानवता के प्रति हमारा दायित्व है। आतंकवाद के वित्त पोषण के खिलाफ भारत की मुहिम का उल्लेख करते हुए कहा,"भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकता पर ज़ोर दिया है...भारत ने संयुक्त सूचना अभियान का नेतृत्व करके अल-कायदा और उससे जुड़े आतंकवादी संगठनों से लड़ने की पहल की। हमने कट्टरपंथ के विरुद्ध समन्वय बढ़ाने और मिलकर कदम उठाने का भी प्रस्ताव रखा। हमने आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ आवाज़ उठाई। इसमें आपके सहयोग के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

### पुतिन से मिले मोदी, कहा...

इस वर्ष दिसम्बर में हमारे 23 वें शिखर सम्मेलन के लिए 140 करोड़ भारतीय उत्सुकतापूर्वक आपका इंतजार कर रहे हैं। यह हमारी एक विशेष और सामरिक साझेदारी की गहराई और व्यापकता का परिचायक है। मुश्किल वक्त में एक दूसरे के साथ खड़े रहने की भारत और रूस की नीतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी भारत और रूस हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं। हम यूक्रेन में शांति लाने के सभी हालिया प्रयासों का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि सभी संबंधित पक्ष 'रचनात्मक तरीके से' आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मानवता का आह्वान है कि संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए और क्षेत्र में स्थायी शांति लाने के तरीके खोजे जाएं। मोदी ने कहा कि भारत रूसी नेता का स्वागत करने का इंतजार कर रहा है प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर वार्ता के लिए पुतिन दिसंबर में भारत आने वाले हैं। मोदी ने कहा कि भारत और रूस कठिन समय में भी हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच घनिष्ठ संबंध वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।हमारी करीबी सहयोग न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है रूस और यूक्रेन के बीच पिछले करीब तीन वर्ष से चले आ रहे संघर्ष के जल्द समाधान की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा, "यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के विषय में हम लगातार चर्चा करते रहे हैं। हाल ही में किये गये शांति के सभी प्रयासों का हम स्वागत करते हैं । हम आशा करते हैं कि सभी पक्ष रचनात्मकता के साथ आगे बढेंगे, संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजना होगा यह पूरी मानवता की पुकार है।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संकट में मध्यस्थता के लिए भारत और चीन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी पहल ने चल रही शांति वार्ताओं को और मूल्यवान बनाया है। तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र में बोलते हुए श्री पुतिन ने यह बात कही। वह यूक्रेन संकट पर रूस का पक्ष रख रहे थे। इससे इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री पुतिन के साथ हुई बैठक में भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के विषय में हम लगातार चर्चा करते रहे हैं। हाल ही में किये गये शांति के सभी प्रयासों का हम स्वागत करते हैं। हम आशा करते हैं कि सभी पक्ष रचनात्मकता के साथ आगे बढेंगे, संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजना होगा, यह पूरी मानवता की पुकार है। श्री पुतिन ने अपने संबोधन में मास्को के इस पुराने रुख को दोहराया कि यूक्रेन संघर्ष, रूसी ''हमले'' का नहीं बल्कि 2014 में वहां हुए पश्चिम समर्थित तख्तापलट और यूक्रेन को नाटो में शामिल करने की कोशिशों का नतीजा था। उन्होंने कहा, ''जैसा कि हमने बार-बार ज़ोर दिया है, यह रूस की सुरक्षा के लिए सीधा ख़तरा है। पुतिन के अनुसार यूक्रेन के तत्कालीन नेतृत्व ने नाटो में शामिल होने का विरोध किया तो वहां तख्तापलट करवा दिया गया। उन्होंने दोहराया, ''यूक्रेन में संकट 'आक्रमण' के कारण नहीं, बल्कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों के तख्तापलट की वजह से आया है। श्री पुतिन ने एक नए यूरेशियन सुरक्षा ढांचे को आकार देने में एससीओ के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह ''पुराने यूरोकेंद्रित और यूरो-अटलांटिक मॉडलों'' की जगह लेगा। एससीओ के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, श्री पुतिन ने कहा कि एससीओ वैश्विक मामलों में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहा है और सदस्य देश व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं का अधिकाधिक उपयोग कर रहे हैं। विदित हो कि रूस नवंबर में एससीओ के शासनाध्यक्षों की बैठक की मेजबानी करेगा।

### अफ़ग़ानिस्तान भूकंप...

तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र नांगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद से 27 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीन से आठ किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भारत ने इस भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर ख़ान मुत्तक़ी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुँचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसके कर्मचारी प्रभावित प्रांतों में स्थानीय सहायता कर्मियों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान में मदद कर रहे हैं। अफ़ग़ानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक्स पर लिखा ''हमारी टीमें वहां मौजूद हैं और आपातकालीन सहायता और जीवन रक्षक सहायता पहुंचा रही हैं। हमारी संवेदनाएं प्रभावित समुदायों के साथ हैं। इस भूकंप से हुयी तबाही के बारे में अधिकारियों ने कहा है कि जैसे-जैसे बचावकर्मी दूरदराज के गांवों में जाकर राहत एवं बचाव अभियान चलायेंगे तभी असली स्थिति का पता चलेगा कि इससे जानमाल का कितना नुकसान हुआ है। कुनार और नांगरहार का इलाका ऊबड़-खाबड़ और दुर्गम है। सीमित सड़क नेटवर्क और विषम भौगोलिक स्थिति के कारण राहत कार्य धीमे हैं। इस क्षेत्र में अधिकांश घर मिट्टी, पत्थर और कीचड़ से बने हैं जो भूकंप के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। विदित हो कि अक्टूबर 2024 में, रिक्टर पैमाने पर 6.2 तीव्रता वाले भूकंप ने भी हेरात में भारी जनहानि और व्यापक विनाश किया था। उस समय दो हजार से ज़्यादा लोग हताहत हुए थे।

### बिहार मतदाता सूची, दावे या...

यह अनुमति दी। शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी कहा कि दावे या आपत्तियाँ एक सितंबर की समय सीमा के बाद भी प्रस्तुत की जा सकती हैं। मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन पर विचार किया जाएगा। अधिवक्ता द्विवेदी ने आश्वासन दिया कि यह प्रक्रिया नामांकन की अंतिम तिथि तक जारी रहेगी और सभी शामिल या हटाएं गए नामों को जांच प्रताल के बाद अंतिम सूची में शामिल किया जाएगा। न्यायालय ने आपत्तियाँ दर्ज कराने में संबंधित व्यक्तियों की सहायता के लिए अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों की तैनाती का भी निर्देश दिया। साथ ही, राजनीतिक दलों से भी इस प्रक्रिया में सक्रिय होने को कहा। पीठ के समक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.5 फीसदी ने अपने फॉर्म दाखिल कर दिए हैं। मसौदे से बाहर किए गए 65 लाख मतदाताओं में से, केवल 33,326 लोगों और 25 दलों के माध्यम से दावे प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हटाए गए नामों के लिए 1,34,738 आपत्तियाँ दायर की गई हैं। अधिवक्ता ने कहा कि यह अजीब है कि राजनीतिक दल मसौदा सूची से मतदाताओं को हटाने की मांग करते हुए आपत्तियाँ दायर कर रहे हैं, न कि शामिल करने के लिए कोई दावा। शीर्ष अदालत ने 22 अगस्त को आदेश दिया था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जिन लोगों को मतदाता सूची के प्रारूप से बाहर रखा गया है, वे ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्हें व्यक्तिगत रूप से आवेदन जमा करने की आवश्यकता नहीं है। राजद सांसद मनोज झा, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), पीयूसीएल, स्वराज इंडिया के नेता योगेंद्र यादव, तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा और बिहार के पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने समेत अन्य ने याचिकाएं दायर की थीं।

### अमेरिका के लिए...

इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी पड़ रही है। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, अभी भी 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपए) तक की कीमत वाले लेटर, डॉक्यूमेंट और गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी, लेकिन नियम इसके लिए भी स्पष्ट नहीं है। इसके चलते एयरलाइंस इन्हें भी नहीं ले जा रही है। वहीं, 29 अगस्त से पहले 800 डॉलर यानी करीब 70 हजार रुपए तक के सामान ड्यूटी फ्री थे।

### गंभीर बीमार बंदियों की...

और बच्चों के विरुद्ध जघन्य अपराध जैसे मामलों में रिहाई कतई नहीं की जानी चाहिए। महिलाओं और बुजुर्ग सिद्धदोष कैदियों को दें प्राथमिकता मुख्यमंत्री ने ये निर्देश सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे सिद्धदोष बंदियों का सर्वे कराया जाए, जिनकी प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका हो या जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है। साथ ही ऐसे कैदी भी शामिल किए जाएं जो वृद्धावस्था, अशक्तता या बीमारी के कारण भविष्य में ऐसा अपराध करने में स्थायी रूप से असमर्थ हैं, जिनके लिए वह दोषी ठहराए गए हों। साथ ही ऐसे सिद्धदोष कैदियों का भी सर्वे कर सूची बनाई जाए जो घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित हों और जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की संभावना हो। इसके लिए प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए। इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई। हर वर्ष जनवरी, मई और सितंबर में करें समीक्षा मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल मैनुअल में यह भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना आवश्यक है कि किन बीमारियों को असाध्य रोग की श्रेणी में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए समयपूर्व रिहाई उन्हीं मामलों में की जानी चाहिए, जहाँ से सामाजिक जोखिम न हो। नियमों में बदलाव पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष तीन बार जनवरी, मई और सितम्बर में पात्र बंदियों के मामलों की स्वतः समीक्षा की व्यवस्था हो। यदि किसी बंदी को रिहाई न दी जाए तो उसके कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं और उसे यह अधिकार मिले कि वह उस निर्णय को चुनौती दे सके। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुझाई गई प्रणाली को उत्तर प्रदेश में अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि बंदियों को न्यायिक अधिकारों का लाभसुचारू रूप से मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, त्वरित और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित होनी चाहिए तथा जल्द ही नई नीति का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाए।

# प्रधानमंत्री की चीन यात्रा : नीती-माणा दर्रो से भी व्यापार शुरू होने की जगी उम्मीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ज्योतिर्मठ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा से एक बार फिर नीती-माणा घाटियों से भारत-तिब्बत की राह खुलने का आस जगी है।

इसका एक प्रमुख कारण यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा से एक पखवाड़ा पूर्व चीन के विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस जय शंकर व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ हुई उच्चस्तरीय वार्ता मे दोनों पक्षों के बीच स्थिर, सहयोगात्मक व दूरदर्शी सबंधों के लिए जिन उपायों की घोषणा की गई है, उनमे विवादित सीमा पर सयुंक्त रूप से शांति बनाए रखना एवं सीमाओं को ब्यापार के लिए खोलना भी शामिल है। विदेश मंत्री स्तर पर सीमाओं को ब्यापार के लिए खोलने की सहमति के बाद भारत-चीन युद्ध ''1962'' के बाद बन्द हुए व्यापार को नीती-माणा दर्रो से लगी सीमा को भी ब्यापार के लिए खोले जाने की उम्मीद जगी है, जिसका कारण यह भी है कि अंतर्राष्ट्रीय ब्यापार स्पर्धा के लिए दोनों देशों के बीच सड़क नेटवर्क का होना भी जरुरी होता है और उत्तराखंड के चमोली जनपद के नीती-माणा दर्रो से माणा पास व नीती पास तक सड़क बनकर तैयार हो चुकी है, जो न केवल ब्यापार बल्कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए भी सुगम होगा। 1962 भारत-चीन युद्ध से पूर्व नीती घाटी से घोड़े-खच्छरों से माल ढोया जाता था, जो अब व्यवहारिक नहीं है, इसलिए ब्यापार मे अपेक्षित बृद्धि के लिए जरुरी है कि दोनों देशों के बीच ऐसा मोटर मार्ग हो जिसकी दूरी कम से कम हो और ऐसा मोटर मार्ग उत्तराखंड मे नीती-माणा पास बनकर तैयार है। वर्ष 2002-2003 मे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन सदभावना यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सिक्किम के नाथुला दर्रे से भारत-तिब्बत ब्यापार पर सहमति बनी थी, और इस समझौते से यदि किसी राज्य को त्वरित वाणिज्यक लाभ मिला तो वह सिक्किम ही था, क्योंकि सिक्किम को आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी मिला। उत्तराखंड की सरकारें पिछले 25 वर्षों से यह तो कह रही है कि उत्तराखंड राज्य अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से घिरा है, लेकिन राज्य को अंतर्राष्ट्रीय ब्यापार का लाभ कैसे मिले इस ओर न प्रदेश का ना ही देश की सरकारों ने ध्यान दिया। भारत और चीन की बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति ने भारत-तिब्बत सीमा को अपार संभावनाओं वाली सीमा बना दिया है, और उत्तराखंड के आर्थिक विकास को मजबूत करने के लिए आवश्यकता है राज्य के चमोली, पिथौरागढ़ व उत्तरकाशी जनपदों की सीमा से भारत-तिब्बत ब्यापार शुरू करने की। हालांकि वर्ष 2014 मे नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड के सीमावर्ती जनपदों से भारत-तिब्बत व्यापार शुरू होने की उम्मीदें थी, लेकिन हाल के वर्षों मे गलवान सहित कुछ अन्य घटनाओं के कारण संभवतः शुरू ना हो सका हो परन्तु अब विदेश मंत्री स्तर की द्विपक्षिय वार्ता एवं प्रधानमंत्री श्री मोदी की चीन यात्रा से नीती-माणा दरी से भी भारत-तिब्बत व्यापार पुनः शुरू होने की एक नई उम्मीद जगी है। अब देखना होगा कि उत्तराखंड के आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने मे भारत की सरकार किस प्रकार की पहल करती है इस पर अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से घिरे उत्तराखंड राज्य के सीमावर्ती जनपदों के सीमांतवासियों की भी निगाहें टिकी रहेंगी।

# एबीवीपी ने मुझे राष्ट्र के लिए जीने का संकल्प दिया: रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का मूल मंत्र 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण है।' आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो अनुभव करती हूं कि एबीवीपी ने मुझे भी जीवन का लक्ष्य दिया, संघर्ष का मार्ग दिखाया और राष्ट्र के लिए जीने का संकल्प दिया।

मुख्यमंत्री ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय में एबीवीपी के स्वयं सिद्धा कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि यहां छात्राओं से संवाद करने और उन्हें सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। इनके बीच आकर हमेशा नई ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सिद्धा बेटियों की अपार संभावनाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का उत्सव है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्षों से इस परंपरा को निभाते हुए अब तक 20,000 से अधिक वुमेन एचीवर्स को सम्मानित कर चुकी है। यह सम्मान नारी शक्ति की उस अटूट भूमिका का प्रतीक है, जो भारत को प्रगति और गौरव के शिखर तक पहुंचाती है। मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं से आह्वान किया कि एबीवीपी के साथ जुड़ें और मिलकर राष्ट्र निर्माण का प्रण लें। इस अवसर पर एबीवीपी की नेशनल गर्ल्स इंचार्ज मनु शर्मा कटारिया, नेशनल सेक्रेटरी शिवांगी खरवाल, डूसू सचिव मित्राविंदा करणवाल तथा डूसू उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री व राज्यपाल से ली बाढ़ पर रिपोर्ट, दिया मदद का आश्वासन

■ बालीवुड अभिनेता संजय दत्त ने पंजाब में बाढ़ को लेकर जताई चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के नौ जिलों में बाढ़ आने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय भी सतर्क हो गया है। सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से फोन पर बात करके बाढ़ के संबंध में रिपोर्ट ली। शाह ने आश्वासन दिया कि बाढ़ से निपटने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। पंजाब में इस समय फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला बाढ़ की चपेट में हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। गृहमंत्री से फोन पर हुई बातचीत के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उन्हें मौजूदा हालात और बाढ़ प्रभावित लोगों के बचाव व राहत कार्यों के लिए प्रशासन के उठाए गए कदमों की जानकारी दी। बारिश से जालंधर व लुधियाना जिलों के कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर चुका है। लुधियाना में 4 गाड़ियों पर दीवार गिर गई। इससे गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं।अमृतसर के घोनेवाला में धुस्सी बांध टूटने से आसपास का 15 किलोमीटर का इलाका बाढ़ की चपेट में आ गया है। अब पानी राजासांसी के गांवों को भी चपेट में लेने लगा है, जिसके बाद से प्रशासन अलर्ट पर है। पंजाब में बाढ़ को लेकर बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुई तबाही वाकई दिल तोड़ देने वाली है। प्रभावित सभी लोगों के लिए मैं ताकत और दुआएं भेज रहा हूं। मैं हर संभव तरीके से मदद करूंगा। बाबा जी सब पर कृपा करें और पंजाब की रक्षा करें।

# डॉ अजय सिंह को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में मिला बेस्ट कम्युनिटी इंपैक्ट अवॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। विश्व के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन के केबले कॉलेज के ओ रियली हाल में 14 वर्ल्ड लीडर्स समिट 2025 का आयोजन किया गया,जिसमें विश्व के 30 देशों के सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं विश्व के ज्वलंत समस्याओं पर अपने विचार रखे गए। साथ ही इस सम्मेलन में साहित्य, चिकित्सा, विज्ञान एवं सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले ऐसे 100 लोगों को चयनित किया गया।

अंग क्षेत्र भागलपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ अपने चिकित्सकीय कार्यों के अलावा लगातार सामाजिक कार्यों को अंजाम देते हैं। डॉ सिंह जीवन जागृति सोसायटी के नेशनल प्रेसिडेंट है। साथ ही भागलपुर जिला शतरंज संघ, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अध्यक्ष है एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के भागलपुर शाखा के वाइस चेयरमैन भी हैं। साथ ही इग्नू से समाज सेवा में पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर रहे है। अंग क्षेत्र की जनता इनके कार्यों से काफी प्रभावित हैं और स्तब्ध है कि एक व्यस्त चिकित्सक होते हुए भी समाज के लिए कैसे इतना समय निकाल लेते हैं। अब इनके कार्यों की गूंज देश की सीमा से निकलकर कर विदेश की धरती तक पहुंच चुकी है। डॉ सिंह ने बताया कि इसमें चयनित होने के लिए अपने कार्यों का प्रोफाइल भेजने के अलावा कई चरणों में ऑन लाइन साक्षात्कार का सामना करना पड़ा। डॉ सिंह ने बताया कि सोसायटी के माध्यम से सड़क दुर्घटना में बचाव एवं मदद, जल में डूबने की दुर्घटना से बचाव एवं जागरूकता, आगलगी से बचाव के उपाय, ग्रामीण जनता को बचाना, सर्पदंश में झाड़फूक, ओझा गुणी के चक्कर में नहीं पढ़कर आधुनिक इलाज लेने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करना महिलाओं में होने वाले कैंसर को जल्द पहचानने की जागरूकता के साथ साथ हार्ट अटैक और एक्सीडेंट के उपरांत सी पी आर के द्वारा उखड़ते सांसों एवं ठहरते धड़कनों को पुनर्जागृत करने के तरीके को आम जनों को सिखाने के हमारे प्रयासों के वजह से विश्व स्तर आयोजित 14 वां वर्ल्ड लीडर्स समिट एवं सेमिनार पर हमें अवार्ड के लिए चयनित किया गया। मै यहां तक पहुंच सका इसके लिए मैं अपने परिवार खासकर पत्नी शिखा सिंह एवं जीवन जागृति सोसायटी के तमाम सदस्य गण एवं अंग क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। जिनके प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग हमें मिलता रहता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केबले कॉलेज के ओ रियली हॉल में मेयर लुईस अप्टॉन के द्वारा मोमेंटो मेडल एवं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का पिन प्रदान कर डॉ सिंह को बेस्ट कम्युनिटी इंपैक्ट अवार्ड दिया गया। साथ ही मेयर ने कहा कि अवेयरनेस ही बदलाव का सबसे बड़ा साधन है। साथ ही बिहार जैसे राज्य से यहां तक आने पर खुशी जताई।

# बाढ़ की स्थिति देखते हुए पंजाब के कालेज, विश्वविद्यालयों में तीन सितंबर तक छुट्टियां

चंडीगढ़। पंजाब में लगातार गंभीर हो रही बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के कालेजों तथा विश्वविद्यालयों में भी 3 सितंबर तक छुट्टियां घोषित कर दी हैं।

पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने सोमवार को बताया कि रविवार रात से लगातार हो रही बरसात के चलते राज्य की सभी नदियां उफान पर हैं और सड़कें टूट रही हैं। पंजाब के शिक्षा मंत्री ने बाढ़ से पैदा हुए हालातों को देखते हुए राज्य के सभी कालेज, विश्वविद्यालयों तथा पोलिटेक्निक कालेजों में तीन सितंबर तक अवकाश घोषित किए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उक्त शिक्षण संस्थानों के हॉस्टल में रहने वाले में विद्यार्थियों को घबराने या घरों को जाने की जरूरत नहीं है। हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधकों की रहेगी।

# पीसीएस (सेवानिवृत्त) ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा बाढ़ राहत में योगदान देने का ऐलान

चंडीगढ़। पीसीएस (सेवानिवृत्त) ऑफिसर्स एसोसिएशन, पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राशि एकत्र कर रही है।

एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक आपातकालीन बैठक सोमवार को डॉ. बलबीर सिंह ढोल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें तय किया गया कि सभी सदस्य न्यूनतम 5000 रुपये का योगदान देंगे। सदस्य हालांकि अपनी इच्छानुसार अधिक राशि का योगदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि एकत्रित राशि संबंधित एसडीएम द्वारा स्थानीय बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में खर्च की जाएगी, जो बाढ़ग्रस्त लोगों की आवश्यकता के अनुसार स्थानीय खरीदारी करेंगे। संबंधित एसडीएम द्वारा ऐसी खरीदारी के लिए खर्च की गयी राशि एसोसिएशन के वित्त सचिव द्वारा सीधे दुकान/फर्म के खाता संख्या में जमा की जायेगी।

# अहमदपुर ग्रांट एवं सहदेवपुर गांव में जलभराव की निकासी के लिए डीएम ने दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अहमदपुर ग्रांट एवं उत्तम डिस्टिलरी, सहदेव पुर गांव के किसानों के खेतों एवं आसपास के कॉलोनियों में जलभराव से इलाके के लोग परेशान हैं। इस इलाके से जल निकासी एवं समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। बैठक में ग्राम अहमदपुर ग्रांट उत्तम डिस्टिलरी, सहदेवपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि क्षेत्र में वर्षा के पानी के कारण उनके खेतों एवं आसपास के आवासीय कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जल निकासी के समाधान के लिए उचित प्रबंधन किये जाने चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी हरिद्वार, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की एवं अधीशासी अभियंता सिंचाई से उक्त गांवों में हो रहे जलभराव के स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिस पर संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित गांव के क्षेत्र में एक सिंचाई विभाग का नाला है एवं दो राजस्व विभाग के नाले हैं। जिनके माध्यम से क्षेत्र में हो रहे जल भराव कि निकासी कि जा सकती है। बैठक में जिलाधिकारी ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की, उपजिलाधिकारी हरिद्वार एवं अधीशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि सिंचाई विभाग उत्तरप्रदेश के अधीन नाले को दुरस्त कराया जाए। राजस्व विभाग के अधीन जो दो नाले हैं, उनकी सफाई के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे जलभराव की स्थिति का निदान किया जा सके। उन्होंने सिंचाई विभाग एवं सम्बन्धित अधिकारियों को क्षेत्र में हो रहे जलभराव के स्थाई समाधान के लिए किये जाने वाले कार्य के लिए सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के माध्यम से आंकलन प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा ताकि जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को निदान मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त दिपेन्द्र सिंह नेगी, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक आर सेठ, उपजिलाधिकारी हरिद्वार जितेन्द्र कुमार, अधीशासी अभियंता सिंचाई ओमजी गुप्ता, अधीशासी अभियंता लोनिवी दीपक कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, ग्राम प्रधान वरिह कौर, एवं अहमदपुर ग्रांट एवं सहदेवपुर ग्रामीण मौजूद थे।

# चरतीलाल गोयल की 98वीं जयंती पर बेटे विजय गोयल एवं सांसद बिधूड़ी ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष स्व. चरतीलाल गोयल की 98वीं जयंती सोमवार को लालकिले के सामने उनकी स्मृति में बने चरतीलाल गोयल पार्क में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। विजय गोयल ने अपने पिता चरतीलाल गोयल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका पार्टी कार्यालय चांदनी चौक में था और इस क्षेत्र का विकास उनका सपना था। दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि प्रथम विधानसभा के सदस्य के रूप में उन्हें चरतीलाल गोयल के सान्निध्य में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि गोयल ने दिल्ली विधानसभा में सार्थक और निष्पक्ष चर्चा की एक अनूठी परंपरा स्थापित की, जो आज भी प्रेरणादायी है। समारोह में पूर्व महापौर जयप्रकाश (जेपी) और चांदनी चौक भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि, 1975 में आपातकाल के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। यह आयोजन चरतीलाल गोयल के दिल्ली के प्रति समर्पण और उनकी विरासत को सम्मान देने का एक सार्थक प्रयास रहा।

# लोक के साथ तनमय हुए बिना कोई कला सार्थक नहीं होती है : प्रो. रजनीश

■ 'सामाजिक दृष्टि से नाट्य लेखन : संभावनाएं और चुनौतियां' विषय पर हुआ संस्कार भारती की मासिक कला संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। लोक के साथ तनमय हुए बिना कोई कला सार्थक नहीं होती है। उन्होंने कहा कि समाज आज भी अपनी वास्तविकता को दर्शाने वाले लेखन को स्वीकार करने में असहज हो जाता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्राध्यापक प्रो. रजनीश कुमार मिश्र ने संस्कार भारती के केंद्रीय कार्यालय 'कला संकुल' में रविवार को आयोजित मासिक कला संगोष्ठी में कहा। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली यह संगोष्ठी इस बार ''नाट्य लेखन : सामाजिक दृष्टि, संभावनाएं और चुनौतियां'' विषय पर केन्द्रित रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ युवा गायिका सुहानी कौशिक और वंशी वादक सुमित शर्मा की सुरमयी प्रस्तुति से हुई। इसके बाद संगोष्ठी का मुख्य सत्र प्रारम्भ हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रोफ़ेसर चंदन चौबे ने ''सामाजिक दृष्टि से नाट्य लेखनः संभावनाएं और चुनौतियां'' विषय पर अपना विचारपूर्ण वक्तव्य रखा। उन्होंने नाट्य साहित्य की परंपरा, उसकी सामाजिक उपयोगिता और बदलते समय में उसके नए आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज में भक्ति को प्रदर्शनकारी कलाओं ने सर्वाधिक विस्तार देने का काम किया है। प्रदर्शनकारी कलाओं के माध्यम से लोगों के बीच संस्कृति को पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि नाटक लिखना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है क्योंकि किसी नाटककार का लेखन ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पात्र के चरित्र निर्माण का प्रकल्प है। पूरे सत्र का संचालन दिल्ली प्रान्त के मंचीय कला संयोजक राज उपाध्याय ने किया। संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों और कला साधकों ने वक्ताओं के विचारों को गहन रुचि के साथ सुना और संवाद में भाग लिया। कार्यक्रम में मोहन वीणा के प्रसिद्ध कलाकार अजय कुमार, संस्कार भारती दिल्ली प्रान्त के मंत्री डॉ. प्रशांत उपाध्याय सहित दिल्ली विश्वविद्यालय के अनेक प्रोफ़ेसर, शोधार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के कला केंद्र कहे जाने वाले संस्कार भारती ऽ कला संकुल ने राजधानी के कला प्रेमियों के लिए एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यहां आयोजित मासिक संगोष्ठियों में वैचारिक विमर्श के साथ-साथ नृत्य, संगीत, काव्य एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां भी नियमित रूप से होती हैं।

# हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अपराधी को पुडुचेरी से दबोचा

नई दिल्ली। मध्य जिले की राजेन्द्र नगर थाना पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित अपराधी को पुडुचेरी से गिरफ्तार किया है। आरोपित पर दिल्ली, बेंगलुरु और पुडुचेरी में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया था। पुलिस ने आरोपित को होटल से दबोच लिया और उसके पास से पिस्टल जैसी दिखने वाली एयर गन भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान कीर्ति नगर निवासी राहुल उर्फ पंकज चौधरी (38) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि वह 12वीं पास है और ऑनलाइन फिटनेस ट्रेनर काम काम करता है। मध्य जिले के डीसीपी निधिन वालसन के अनुसार, 13 अगस्त को राजेन्द्र नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता, जो जिम संचालक हैं, ने आरोप लगाया था कि 5 अगस्त को जिम में आने वाले विकाश सोलंकी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद 11 अगस्त को विकाश सोलंकी अपने साथियों– विक्रम, सरोज, पंकज, राहुल चौधरी, संजय चौधरी आदि के साथ जिम में घुस आया। सभी हथियारों से लैस थे और शिकायतकर्ता पर हमला कर दिया। साथ ही सबूत मिटाने के लिए जिम का डीवीआर भी ले गए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063